✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात





हीरो एशिया कप के लिए जापान हॉकी टीम राजगीर पहुंची


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 89 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 25 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


## मिथिलांचल बनेगा इंडस्ट्रियल हब, 100 करोड़ के निवेश का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार अब औद्योगिक विकास की दिशा में बड़ी छलांग लगाने को तैयार है। लेट्स इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में आयोजित स्टार्टअप समिट में राज्य सरकार ने कई बड़े फैसले लिए और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नई प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की। इस मौके पर दुनिया की नंबर वन स्पोर्ट्स शू कंपनी के मालिक नीरेन कुमार आनंद ने मिथिलांचल में 100 करोड़ रुपये की लागत से शू फैक्ट्री लगाने की इच्छा जताई। बिहार-झारखंड विभाजन के बाद राज्य को औद्योगिक ढांचे और रोजगार की भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विभाजन से पहले बिहार की 87 प्रतिशत राजस्व आय झारखंड से आती थी, जबकि बिहार से केवल 13 प्रतिशत। अधिकांश बड़े उद्योग झारखंड चले गए, जिससे बिहार के सामने विकास की नई राह तलाशने का दबाव बढ़ा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समिट में कहा कि 2005 में बिहार का बजट मात्र 6000 करोड़ रुपये था, जबकि 2025 में यह बढ़कर 3 लाख 17 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। इसके मुकाबले झारखंड का बजट फिलहाल 1 लाख 45 हजार करोड़ पर है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े बिहार की आर्थिक प्रगति का



स्पष्ट प्रमाण हैं। सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पैकेज का ऐलान किया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भी उद्योगपति बिहार में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा, उसे 40 करोड़ रुपये का इंसेंटिव मिलेगा। इसके साथ ही सरकार जमीन, सुरक्षा और प्रशासनिक सुविधा भी मुहैया कराएगी। दरभंगा निवासी उद्योगपति नीरेन कुमार आनंद, जिनकी फैक्ट्रियां चीन और हांगकांग के साथ उड़ीसा में भी चल रही हैं, ने कहा कि वे बिहार में उद्योग स्थापित करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जमीन की सुरक्षा और अन्य छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा। उनका यह कदम मिथिलांचल को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिला सकता है। सीनियर आईपीएस विकास वैभव ने बताया कि अब तक 350 स्टार्टअप लेट्स इंस्पायर बिहार से जुड़े हैं। योजना है कि 2028 तक हर जिले में कम से कम पांच स्टार्टअप स्थापित किए जाएं।

## स्पीकर पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद और विधानसभाओं की कार्यवाही नियमों के अनुरूप चलनी चाहिए तथा सरकार और विपक्ष दोनों को मिलकर स्पीकर पद की गरिमा और सम्मान बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शाह ने चेताया कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब भी विधानसभाओं ने अपनी गरिमा खोई है, तब उसके गंभीर परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सभी नेताओं को अध्यक्ष पद की गरिमा और महत्व बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। श्री शाह ने कहा कि हमें देश की जनता के मुद्दों पर निष्पक्ष बहस करनी चाहिए। सदन का संचालन नियमों के अनुरूप हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारे 13 हजार वर्षों के इतिहास में जब भी विधानसभाओं की गरिमा गिरी है, राष्ट्र ने उसकी बड़ी कीमत चुकाई है। इस अवसर पर शाह ने विट्ठलभाई पटेल की केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की शताब्दी भी याद की। 24 अगस्त 1925 को पटेल इस पद पर नियुक्त हुए थे और वे पहले भारतीय थे जिन्होंने केंद्रीय विधान सभा की अध्यक्षता संभाली थी। शाह ने इसे भारतीय विधायी इतिहास की स्वर्णिम शुरुआत बताया और कहा कि आज विधायिका उसी आधार पर भविष्य की दिशा तय कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंची बिहार की सब्जियां : दुबई में भेजा गया ट्रायल शिपमेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की धरती पर उगी सब्जियां अब विदेशों के बाजार तक पहुंच रही हैं। हाल ही में 1,500 किलो सब्जियों का ट्रायल शिपमेंट दुबई के मशहूर लुलु मॉल में भेजा गया। इस सफलता से उत्साहित होकर सहकारिता विभाग अब नेपाल और सिंगापुर में भी सब्जियां भेजने की तैयारी कर रहा है। इससे राज्य के किसानों की आमदनी बढ़ने की संभावना है और उन्हें वैश्विक बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी।

**किसानों को नया बाजार**

सहकारिता विभाग किसानों की उपज को बेहतर दाम दिलाने के लिए लगातार काम कर रहा है। राज्य के भीतर भी सहकारी संघों के माध्यम से ह्लतरकारी ब्रांडङ्क के तहत सब्जियों की बिक्री की जा रही है। तिरहुत, मिथिला और हरित संघ के जरिए अगस्त 2025 तक 1,04,168.85 मीट्रिक टन सब्जियों की बिक्री हुई है, जिससे 178 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज किया गया।

**'तरकारीमार्ट' से शहरी उपभोक्ताओं तक ताजी सब्जियां**

शहरी उपभोक्ताओं को उचित दाम पर ताजी सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए तरकारीमार्ट प्लेटफॉर्म भी सक्रिय है। किसानों को सीधे क्रय आदेशों की जानकारी देने और आपूर्ति की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'तरकारी ऐप' विकसित किया गया है।

**त्रिस्तरीय सहकारी संरचना**

बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के तहत सहकारिता विभाग ने त्रिस्तरीय सहकारी संरचना तैयार की है। इसके अंतर्गत –

**प्रखंड स्तर पर :** प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियां गठित की गई हैं। **जिला स्तर पर :** कई प्रखंड समितियों को मिलाकर प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ बनाए गए हैं।

**राज्य स्तर पर :** बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फ़ेडरेशन (वेजफ़ेड) कार्यरत है।

अब तक राज्य में 527 प्रखंड स्तरीय समितियां बनाई जा चुकी हैं, जिनसे 49,000 से अधिक किसान जुड़े हैं।

**प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन पर जोर**

प्रखंड स्तरीय समितियों के तहत 10,000 वर्गफीट जमीन पर सब्जी हाट, मिनी कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग शेड और वाहनों के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किए जा रहे हैं। सहकारी संघ इन समितियों से प्राप्त सब्जियों का शीत संग्रहण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन सुनिश्चित करेगा।

## ड्रीम-11 ने छोड़ी टीम इंडियां की स्पॉन्सरशिप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर बड़ा बदलाव दिख सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की लीड स्पॉन्सरशिप छोड़ने का फैसला किया है। यह कदम हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के बाद उठाया गया, जिसमें रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआई के साथ 358 करोड़ रुपये का करार किया था, जो 2026 तक वैध था। अब बीसीसीआई नए स्पॉन्सर के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। हालांकि, बीसीसीआई और ड्रीम-11 की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पानी भरे गड्ढे में गिरी कार, तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रहुई थाना क्षेत्र के भेण्डा गांव के पास बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग (एसएच-78) पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

**तेज रफ्तार बनी मौत का कारण**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। अनियंत्रित वाहन ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और सीधे गहरे गड्ढे में जा समाया। गड्ढे में पानी भरे होने के कारण कार में सवार युवक



बाहर नहीं निकल पाए और तीन की मौत दम घुटने से हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। हालांकि, रात में अंधेरा और गड्ढे में पानी भरे होने से बचाव कार्य मुश्किल रहा। सुबह होने पर क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। तब जाकर तीन युवकों के शव बरामद हुए। घायल युवक को गंभीर हालत में बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान अरविंद पासवान (मोती बिगहा, सरमेरा), पवन कुमार (महमदपुर) और सन्नी राज (अस्थाना गांव, शेखपुरा) के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम गुलशन कुमार है, जिसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक का नियंत्रण खोना मुख्य वजह प्रतीत होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनीश दयाल सिंह बने डिप्टी एनएसए

**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) नियुक्त किया गया है। उन्हें जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद जैसे अहम आंतरिक मामलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी अनीश दयाल सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनका करियर तीन दशकों से अधिक समय तक इंटेलिजेंस ब्यूरो में सेवा करते हुए बीता, जहां उन्होंने आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया। आईबी के बाद उन्होंने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का नेतृत्व किया।

सीआरपीएफ के महानिदेशक के रूप में सिंह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बल की रणनीति को धार दी। उनके कार्यकाल में तीन दर्जन से अधिक अग्रिम परिचालन बेस स्थापित किए गए और चार नई बटालियनों की तैनाती की गई। 2024 के लोकसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर में हुए पहले विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में भी उनकी अहम भूमिका रही।

### सीआइएसएफ बनाएगा महिला कमांडो दस्ता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए पूर्णतः महिला कमांडो टीम गठित करने की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार, देश के विभिन्न नागरिक हवाई अड्डों पर तैनात 100 महिला कर्मियों को इस विशेष दायित्व के लिए चयनित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। करीब 1.70 लाख कर्मियों वाले सीआइएसएफ को 69 नागरिक हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो और अनेक सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला कमांडो का पहला बैच मध्य प्रदेश के बरवाहा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आठ सप्ताह के विशेष पाठ्यक्रम से गुजर रहा है। वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में लगभग 12,491 महिला कर्मी हैं, जो कुल बल का आठ प्रतिशत है। 2026 तक 2,400 नई महिला भर्तियां करने की योजना है, ताकि आने वाले वर्षों में बल में महिलाओं की हिस्सेदारी कम से कम 10 प्रतिशत तक सुनिश्चित हो सके।

### तीसरी कक्षा के छात्र विकास का शव पईन से बरामद

**मसौढ़ी।** चार दिनों से लापता तीसरी कक्षा के छात्र विकास कुमार (उम्र 10 वर्ष) का शव रविवार को घुटन बीघा गांव के पास बह रही पईन में बरामद किया गया। यह दर्दनाक घटना पूरे गांव को स्तब्ध कर गई है। मासूम विकास 21 अगस्त की सुबह स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद से वह लापता था। परिजनों के अनुसार, विकास को स्कूल न जाने पर डांट लगाई गई थी, जिसके बाद वह घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी सघन तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पिता छठु यादव ने मसौढ़ी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चार दिनों की चिंता और अनिश्चितता के बाद रविवार की सुबह गांव से गुजर रही पाईन में एक बच्चे का शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान विकास के रूप में की।

## गिनी की पटरियों पर दौड़ेंगे बिहार में बने 'कोमो' इंजन

### मढ़ौरा से पहली खेप रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मढ़ौरा स्थित आधुनिक रेल इंजन कारखाने से तैयार इंजन अब अफ्रीका की पटरियों पर अपनी ताकत दिखाएंगे। शनिवार को चार शक्तिशाली इंजन की पहली खेप गिनी के लिए रवाना हुई। इन इंजनों का नाम 'कोमो' रखा गया है और कुल 140 इंजन 3 हजार करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत गिनी को निर्यात किए जाएंगे। 2018 से उत्पादन शुरू करने वाले इस कारखाने से जून 2025 से निर्यात की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 200



एकड़ में फैली इस फैक्ट्री में औसतन हर दो दिन में एक इंजन तैयार हो रहा है। अब तक यहां 700 इंजन बनाए जा चुके हैं और 250 से अधिक का मेंटेनेंस भी किया गया है।

4500 हार्स पॉवर की क्षमता वाले इन इंजनों का रंग नीला है और ये पूरी तरह आधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें एसी कैब, इवेंट रिकॉर्डर, लोको कंट्रोल सिस्टम और उन्नत ब्रेकिंग व्यवस्था जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। आने वाले समय में यहां 6000 हार्स पॉवर तक के इंजन बनाने की योजना है। मढ़ौरा कारखाने में करीब 1528 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 99 प्रतिशत बिहार से हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं भी वेल्डिंग, असेंबली और टेस्टिंग जैसे अहम कामों में लगी हैं। यहां कार्यरत कर्मियों की औसतन आयु 24 वर्ष है और 17 तकनीकी संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं को इसमें अवसर मिला है। यह कारखाना बिहार में निजी निवेश का बड़ा उदाहरण है। रेल मंत्रालय की इसमें 24 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि 76 फीसदी हिस्सेदारी अंतरराष्ट्रीय कंपनी वेबटेक की है। 800 करोड़ रुपये के निवेश से शुरू हुई यह यूनिट आने वाले वर्षों में 3 हजार करोड़ तक विस्तार करने की दिशा में है।

बिहार सरकार को इस कारखाने से हर साल 900 करोड़ रुपये जीएसटी मिलता है, जबकि इतनी ही राशि केंद्र के खाते में भी जाती है। सिर्फ बिजली बिल पर ही यह कंपनी 50 करोड़ रुपये से अधिक चुकाती है। मढ़ौरा कारखाना अब बिहार की औद्योगिक पहचान बनकर उभरा है। इसके चलते आसपास के इलाके में होटल, बैंक, स्कूल और रेस्टोरेंट जैसी कई सुविधाओं का विकास हुआ है। खास बात यह कि जहां वाराणसी कारखाने से 50 साल में 15-20 इंजन निर्यात हुए, वहीं मढ़ौरा से अकेले गिनी को 140 इंजन भेजे जा रहे हैं।


## ब्रिकी के लिए उपलब्ध




हुंडई की 2024 मॉडल सीएनजी फाइव सीटर कार बिल्कुल नयी जैसी और कम चली हुई उचित मूल्य पर ब्रिकी के लिए उपलब्ध है।

संपर्क करें : 6206165107

## राजस्व महा-अभियान

जमीन के कागज में करें सुधार राजस्व विभाग पहुँचा आपके द्वार !

16 अगस्त से 20 सितम्बर तक

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

### महाअभियान के दौरान की जाने वालीं गतिविधियाँ

**घर- घर रैयतों की जमाबंदी की प्रति का वितरण**

1. राजस्व कर्मी आपके घर आकर आपकी ऑनलाइन जमाबंदी की प्रति आपको देंगे। इस दौरान वे आपसे कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भी इकट्ठा करेंगे, जैसे आपका मोबाइल नंबर, जमाबंदी रैयत की जीवित होने की स्थिति और यह कि क्या जमाबंदी में कोई सुधार की आवश्यकता है या संपत्ति का बंटवारा दाखिल-खारिज होना है।
2. जमाबंदी की प्रति लेते समय आपको एक पंजी में हस्ताक्षर करना होगा।
3. अगर आपकी जमाबंदी में कोई गलती है या कोई जानकारी मौजूद नहीं है, तो आप उसी प्रति में सही जानकारी लिखकर और जरूरी दस्तावेज लगाकर अपना आवेदन तैयार कर सकते हैं।
4. यदि जमाबंदी के मालिक की मृत्यु हो गई है और संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ है, तो राजस्व कर्मी आपको उत्तराधिकार दाखिल-खारिज का फॉर्म देंगे। अगर संपत्ति का बंटवारा हो चुका है, तो बंटवारा दाखिल-खारिज का फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा।
5. यदि आपकी जमाबंदी अभी तक ऑनलाइन नहीं है, तो आप राजस्व कर्मी से उसे ऑनलाइन कराने का फॉर्म मांग सकते हैं।
6. यह सलाह दी जाती है कि आप शिविर शुरू होने से पहले ही अपने सभी आवेदन और जरूरी दस्तावेज तैयार करके रखें।

**शिविर लगाकर आवेदन संग्रह**

1. आपके हलका के राजस्व कर्मचारी की देखरेख में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में, राजस्व कर्मी लैपटॉप के साथ उपलब्ध रहेंगे ताकि वे आपके आवेदन को तुरंत ऑनलाइन दर्ज कर सकें।
2. आवेदन देते समय, आपको अपना नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर और पता बताना होगा। आपके मोबाइल पर आए ओटीपी (OTP) को बताने के बाद, आपका रजिस्ट्रेशन बिहारभूमि पोर्टल पर हो जाएगा।
3. शिविर के बाद, आपके आवेदन को स्कैन करके ऑनलाइन कर दिया जाएगा, जिसके बाद आपको अपने मोबाइल पर आवेदन संख्या प्राप्त होगी। इस संख्या से आप अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं।
4. आवेदन का निपटारा नियमों के अनुसार किया जाएगा। अगर आपके आवेदन में कोई दस्तावेज़ अधूरा है या जानकारी गलत है, तो उसे आपको लौटा दिया जाएगा। आप बिहारभूमि पोर्टल पर लॉगइन करके उसमें सुधार कर सकते हैं और उसे दोबारा जमा कर सकते हैं।
5. आपके हलके के राजस्व कर्मचारी आपके आवेदन को पूरा करने तथा इसके निष्पादन तक में हरसंभव मदद करेंगे।

### महत्वपूर्ण जानकारी

- आम लोग अपने गाँव में प्रपत्र वितरण की तारीख, टीम के सदस्यों के नाम, और शिविर की जगह व तारीख जैसी सभी जानकारी बिहारभूमि पोर्टल पर उपलब्ध 'राजस्व महा-अभियान पोर्टल' से प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आपको अपनी जमाबंदी की प्रति या आवेदन फॉर्म नहीं मिल पाया है, तो आप इसे शिविर के दिन वहाँ से ले सकते हैं। इसे भरकर आप उसी पंचायत में लगने वाले दूसरे शिविर में जमा कर सकते हैं।

PR No.- 012583 (Revenue)D. 2025-26

Follow Us
#BiharRevenueAndLandReformsDept

राजस्व महा-अभियान से जुड़ी जानकारी और आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/mah/ पर विजिट करें।
अपडेट रहने के लिए हमारे सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।

QR कोड स्कैन करें।


C M Y K

# भारत में पहली बार आयोजित वैश्य महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब

## 25 वैश्य देवों का किया गया सामूहिक पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं सभ्यता संपूर्ण विश्व को ज्ञान देने वाली रही है, इतिहास बताता है कि इसमें वैश्य समुदाय का योगदान बहुत ही गौरवान्वित करने वाला रहा है। आज वैश्य उत्थान समिति द्वारा जालान सेफ, बेलवर गंज पटना सिटी में आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन महाकुंभ के आयोजन में सभी को यह देखने को मिला। महाकुंभ में 25 वैसे देव का पूजन किया गया जिनके द्वारा भारतीय संस्कृति में समाज को अद्भुत प्रेरणा देने का कार्य किया। वैसे राजाओं की प्रतिमा भी स्थापित की गई जिनके द्वारा की गयी कुशल शासन व्यवस्था भी हमें गौरवांवित करती है। वैश्य समुदाय के लोगों में वाक्पटुता, नेतृत्व की क्षमता, शासन कला एवं सभी के साथ सामंजस्य बैठाने की नैसर्गिक गुण होती है। यह सब कुछ आज के कार्यक्रम में हजारों वैश्य समाज के लोगों की उपस्थिति में सभी तीस वैश्य उपजाति के एक-एक वक्ता के मुखारविंद से सुनने एवं जानने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन वैश्य समाज के मशहूर चिकित्सक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी सहित दर्जनों गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वैश्य देव गाथा पुस्तक के विमोचन के साथ ही सभी वैश्य के आराध्य के देव फोटो का अनावरण एवं वितरण भी किया गया। संयोजक डॉ अजय प्रकाश द्वारा शुरुआत में ही विषय प्रवेश कराते हुए बताया गया कि समाज की संपूर्ण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए वैश्य समाज के व्यक्तियों को संभाल कर रखने की आवश्यकता है क्योंकि जीवनोपयोगी रोटी, कपड़ा और मकान के साथ शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सभी की सटीक उपलब्धता में वैश्य का अद्भुत योगदान रहता है। वैश्य को नजरअंदाज करने पर समाज के विकास में रुकावट आ सकती है। डॉ अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वैश्य समुदाय के लोगों को सुरक्षा प्रदान कराने के साथ-साथ सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक क्षेत्र में महत्व देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वैश्य समाज के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिसने हजारों लोगों के मनमोहने का कार्य किया। स्वागत गान शांभवी प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी वीणा प्रकाश, विकास कुमार मौड़ीवाल, गौरव अग्रवाल, शिवकुमार बरनवाल, रामस्वरूप मालाकार, लल्लू शर्मा, भावना शर्मा, रत्नेश कुमार गुप्ता, डॉ प्रवीण साहू, रघुनाथ सोनेवाल, ललित अग्रवाल, पप्पू खत्री, नवीन रस्तोगी, रीता जैन, डॉ सरिता रोहतगी, बृजेश बाबू चौरसिया, राजू गुप्ता, जगरनाथ गुप्ता, अनु कसेरा, आरती जायसवाल, विनोद किसलय, पंकज गुप्ता, कांति केसरी, जगनारायण केसरी सहित साठ लोगों को वैश्य विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। भारत में पहली बार आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन में भगवान श्री राम, मां लक्ष्मी, श्री गणेश, सूर्य देव, विश्वकर्मा भगवान, शीतला माता, महाराजा अहिबरन, महाराजा अग्रसेन, भगवान बलभद्र, सहस्त्रबाहु अर्जुन, भामाशाह, हेमचंद्र विक्रमादित्य, भगवान महावीर सहित 25 आराध्य देव की पूजन में हजारों लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लेते हुए भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने एक स्वर से कहा ऐसा अद्भुत, विहंगम एवं ऐतिहासिक पूजन पहली बार देखने को मिला है। वैश्य एक हैं तो सर्वश्रेष्ठ हैं। कार्यक्रम को सुंदर बनाने में वीणा प्रकाश, विकास कुमार मौड़ीवाल, गौरव अग्रवाल, सर्व प्रकाश, अरुण मालाकार, कोमल बरनवाल, दीपक बरनवाल, दिलीप कुमार गुप्ता, नारायण प्रकाश शाह, शम्मी रोहतगी, मनीष कांस्यकार, सरोज जायसवाल, मोहित मौड़ीवाल, विकास कुमार गुप्ता, डॉ आर के गुप्ता का योगदान बहुत सराहनीय रहा।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली अब हुई और अधिक पारदर्शी

## राशन अभिलेखों का हुआ डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राशन अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण किए जाने से अब राशन कार्डधारियों के अभिलेखों का रख-रखाव पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से किया जाएगा। इससे लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा विभागीय नियंत्रण व्यवस्था और मजबूत बनेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की इस पहल से जहां भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर रोक लगेगी, वहीं उपभोक्ताओं के अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे।

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की नई कार्यावधि**

विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य भर की सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें अब सप्ताह में हर सोमवार बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्व एवं प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर भी दुकानें बंद रहेंगी। इन विशेष अवसरों पर दुकानों के बंद रहने की अनुमति होगी- 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस), 2 अक्टूबर (गांधी जयंती), होली, छठ पूजा, दुर्गा पूजा (नवमी एवं दशमी) एवं ईद शेष सभी दिनों में निर्धारित समय पर सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# पटना में जेनिसिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड स्कूल्स का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शिक्षा के महत्व और करियर मार्गदर्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेनिसिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एंड स्कूल्स द्वारा आज सहज हवेली, अशियाना दीघा रोड, पटना पर करियर ग्रोथ प्लान डिस्कशन -पावर ऑफ एजुकेशन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिजीत कौर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, पटना उपस्थित रहीं। साथ ही जितेंद्र सिंह (मैनेजिंग डायरेक्टर, जेनिसिस ग्रुप), प्रकाश जोशी (डायरेक्टर, करनाल इंटरनेशनल स्कूल), प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पवन त्रिपाठी, समाजसेवी देविंद्र मोहन जी और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर एआइआइएमएस पटना और एनआइटी पटना के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अभिजीत कौर ने कहा बिहार की धरती मेहनतकश लोगों की है और अपने मेहनत और पढ़ाई के दम पर आज उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिला सशक्तिकरण पर भी जोर देना चाहिए और यहां की छात्राओं को और अच्छे से शिक्षित करके आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस अवसर पर जेनिसिस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा बिहार के लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए सब कुछ लगा देते है खाने को भरपेट खाना मिले या न मिले लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाते है इसलिए सबसे ज्यादा आइएएस/आइपीएस में चयन बिहार से होता है, अब यहां के ज्यादा बच्चे आइआइटी और एआइआइएमएस में जा रहे है। अपनी मेहनत से बिहार के लोग पूरे देश को चला रहे हैं। उन्होंने कहा जेनिसिस ग्रुप के स्कूल करनाल इंटरनेशनल (बोर्डिंग) स्कूल में 400 से ज्यादा बच्चे बिहार से पढ़ाई कर रहे हैं जो आगे चल कर डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए एआइआइएमएस और आइआइटी में जायेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पवन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक संतुलन बनाए रखने के सूत्र भी बताए और समय का सही उपयोग करके बिना किसी दबाव के जीवन में सफल होने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम में समाजसेवी देवेंद्र मोहन सिंह, धीरज कुमार, रणजीत, राकेश कुमार, मणि शंकर सिंह, मोहम्मद अजमुद्दीन, राजा मंडल और राज भूषण ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। करनाल इंटरनेशनल स्कूल के डॉयरेक्टर प्रकाश जोशी व मार्केटिंग मैनेजर संजय कुमार ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्थायी अमीनों की वरीयता सूची पर फौरन दें जानकारी

## सभी जिलों और निदेशालयों से विहित प्रपत्र पर सूचना अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नियमित अमीनों की वरीयता सूची तैयार करने की दिशा में कदम तेज कर दिए गए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव डॉ. महेन्द्र पाल ने इस संबंध में सभी समाहर्ताओं, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, भू-अर्जन निदेशालय और चकबंदी निदेशालय के निदेशकों को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025 का गठन किया गया है। इसके प्रावधानों के तहत जिला, भू-अर्जन, चकबंदी एवं भू-अभिलेख और परिमाप निदेशालय में कार्यरत नियमित अमीनों का एकीकृत संवर्ग बनाया जाना है। साथ ही विभाग स्तर पर इनकी वरीयता सूची का संधारण भी किया जाना है। विभाग ने 6 अगस्त को ही सभी अधिकारियों से विहित प्रपत्र में आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, किंतु अब तक यह सूचना प्राप्त नहीं हो पाई है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए विभाग ने एक बार फिर सभी जिलों और निदेशालयों से तत्काल रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया है। अपर सचिव ने कहा है कि नियमित अमीनों से संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि वरीयता सूची का निर्धारण समय पर किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से निपटाने का निर्देश दिया है।

**क्या है मामला?**

बिहार सरकार ने हाल ही में बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025 का गठन किया है। इसके तहत जिला, भू-अर्जन, चकबंदी और भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में कार्यरत सभी नियमित अमीनों को एकीकृत संवर्ग में शामिल किया जाएगा। विभागीय स्तर पर इनकी वरीयता सूची तैयार करना जरूरी है।

**क्यों अहम है यह सूची?**

अमीनों की पदोन्नति और सेवा व्यवस्था इसी सूची पर आधारित होगी। संवर्ग का एकीकरण होने से पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित होगी।

# पहले अपने दल के नेताओं को सिद्दिकी पढ़ाएं सेक्यूलरिज्म : संतोष सुमन

## विवादास्पद बयान के लिए राजद नेता माफी मांगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने राजद नेता व पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी के दरभंगा में दिए गए विवादास्पद बयानों की निंदा करते हुए कहा है कि हिंदुओं को नहीं, पहले अपने दल के नेताओं को उन्हें सेक्यूलरिज्म का पाठ पढ़ाना चाहिए। डॉ. सुमन ने कहा कि जातिवाद का जहर फैलाने और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोगों को सेक्युलरिज्म पर प्रवचन देने का कोई नैतिक हक नहीं है। रामायण जलाने, प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने वालों और वोटों के ध्रुवीकरण के लिए समाज को बांटने की राजनीति करने वालों की असलियत जनता अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा कि इस देश के बहुसंख्यक समाज की सहिष्णुता हमेशा से असंदिग्ध रही है। संविधान को रौंद कर देश में तानाशाही थोपने वाली और लोकतंत्र को लहूलुहान करने वाली कांग्रेस के साथ रह कर राजद नेता को देश के कन्स्टीच्यूशन की दुहाई देना शोभा नहीं देता है। डॉ. सुमन ने कहा है कि अपने शासनकाल के 15 वर्षों में राजद ने जिस तरह से समाज को विभाजित कर द्वेष व वैमनस्यता की राजनीति की, उसका सबसे ज्यादा शिकार समाज का वंचित, दलित तबका ही हुआ। ऐसे में राजद नेता को अपने विवादास्पद बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# सीमांचल का विकास नीतीश कुमार का विजन : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जद(यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार की जनता भली-भांति जानती है कि कांग्रेस और राजद की सरकारों ने राज्य के मखाना उत्पादकों और वंचित तबकों की कभी परवाह नहीं की। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र का दर्जा छीनना और फंड रोक देना इसी की गवाही देता है जबकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही 2002 में दरभंगा में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र की स्थापना करवाई थी। आज उसी केंद्र से उच्च प्रजाति के बीज निकलकर मखाना उत्पादन दोगुना कर रहे हैं। राज्य सरकार की 'मखाना विकास योजना' के अंतर्गत किसानों को 75 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता, प्रशिक्षण और एफपीओ के जरिए बाजार तक पहुंच का लाभ मिल रहा है। यही प्रयास है जिसके कारण मिथिला मखाना को जीआई टैग मिला और अब यह सुपरफूड दुनिया भर की थालियों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक ने इसे वैश्विक ब्रांड बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, मखाना बोर्ड की स्थापना इसका प्रमाण है जहां कांग्रेस-राजद की सरकारों ने केवल उपेक्षा की, वहीं एनडीए की डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में बदलाव लाया है। इसी प्रकार सामाजिक न्याय के सवाल पर भी विपक्ष का दोगलापन साफ है। राहुल गांधी आज सीमांचल में जो भी बयान दें, सच्चाई यह है कि दलितों और अतिपिछड़ों को दबाकर दशकों तक रखने का काम कांग्रेस ने ही किया। पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा तक देने से कांग्रेस की सरकारें कतराती रहीं। वहीं, दलितों में 'महादलित' और पिछड़ों में 'अति पिछड़ा' का वर्गीकरण कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने और सत्ता में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। महादलित विकास मिशन, पंचायती राज में आरक्षण, शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, विकास मित्रों की नियुक्ति, इन तमाम पहलों ने वंचित तबकों को नई पहचान और नया आत्मविश्वास दिया है। सीमांचल का विकास भी विपक्ष को रास नहीं आ रहा। लेकिन सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सीमांचल अब उपेक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि अवसरों की नई भूमि बन चुका है। चमचमाती सड़कें, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग और कृषि कॉलेजों की स्थापना से शिक्षा और स्वास्थ्य की तस्वीर बदली है। कोसी-मेची लिंक परियोजना, महासेतु, ग्रामीण सड़कें, पूर्णिया एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं ने कनेक्टिविटी और विकास को नई गति दी है।

# राजनीतिक रोजगार की तलाश में घूम रहे हैं राहुल-तेजस्वी : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से विधायक नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव केवल अपनी राजनीतिक बेरोजगारी छुपाने के लिए 'वोट बैंक बचाओ यात्रा' निकाल रहे हैं। मंत्री नितिन नवीन ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी जहां भी घूमते हैं, वहां का सीधा लाभ एन.डी.ए को मिलता है। मेरा तो आग्रह है कि राहुल गांधी थोड़ा और बिहार घूमें ताकि इसका और फायदा एन.डी.ए को मिल सके। नितिन नवीन ने सवाल उठाया कि जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब राहुल गांधी को बिहार क्यों नहीं दिखा? उस समय बिहार की योजनाओं की चिंता क्यों नहीं की गई? बिहार के युवाओं के रोजगार के बारे में क्यों नहीं सोचा गया और आज जब कुछ देने को बचा ही नहीं, तब बिहार की जनता से वोट मांगने निकल पड़े हैं। यह उनकी राजनीतिक बेरोजगारी का साफ प्रमाण है। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों ही अपने-अपने 'राजनीतिक रोजगार' की तलाश में बिहार घूम रहे हैं। लेकिन यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस बार बिहार की जनता इन्हें कोई नया रोजगार नहीं देने वाली।

# वेद को पढ़े बिना नागरिक को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** समग्र संस्कृत विकास समिति बिहार राज्य इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह बिहार इंडस्ट्रीयल एशोसिएशन सभागार पटना में सम्पन्न हुआ। समग्र विकास समिति के संयोजक प्रो. मिथिलेश कुमार तिवारी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा मंच का संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत में किया। आगत अतिथियों में उद्घाटनकर्ता प्रो. आर. के.सिंह पूर्व कुलपति, पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय, पटना मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, वर्तमान कुलपति पाटलिपुत्रा विश्विद्यालय, पटना, मुख्य वक्ता देव नारायण झा पूर्व कुलपति, संस्कृत विश्विद्यालय, दरभंगा सान्निध्य भाषण में प्रो. ओम प्रकाश शर्मा, ट्रेगौर फेलो, शिमला, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवल किशोर यादव, विधान पार्षद राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी, डॉ. मनोज कुमार झा प्राचार्य, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पटना शिवकांत तिवारी, राष्ट्रीय सचिव भारत तिब्बत सहयोग मंच एवं प्रो. डी. पी. श्रीवास्तव पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राकृत, बी. डी.कॉलेज, पटना भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योति शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ जिसकी प्रस्तुति शशिकांत मिश्र ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रो. आर. के सिंह ने संस्कृत में लिखित नीतिशास्त्र एवं धर्मशास्त्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. आर. सी. सिन्हा ने संस्कृत को दर्शन की जननी कहा। मुख्य अतिथि प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने संस्कृत में लिखित प्राचीन शल्य चिकित्सा पर विस्तृत प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता प्रो. देवनारायण झा ने कहा कि वेद को पढ़े बिना नागरिक को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं हो सकता है।

# बक्सर से किउल एवं दानापुर से झाझा के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु बक्सर से किउल एवं दानापुर से झाझा के मध्य एक-एक पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03208/03207 बक्सर-किउल-बक्सर पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03208/03207 बक्सर-किउल-बक्सर पूजा स्पेशल 25.08.2025 से 29.11.2025 तक रविवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03208 बक्सर-किउल पूजा स्पेशल बक्सर से 05.40 बजे खुलकर 06.46 बजे आरा, 08.10 बजे पटना, 09.35 बजे बख्तियारपुर, 10.18 बजे मोकामा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 11.35 बजे किउल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03207 किउल-बक्सर पूजा स्पेशल किउल से 14.40 बजे खुलकर 15.18 बजे मोकामा, 16.00 बजे बख्तियारपुर, 17.35 बजे पटना जं., 18.43 बजे आरा रुकते हुए 20.35 बजे बक्सर पहुंचेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे। अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल बक्सर और किउल के मध्य डुमरांव, रघुनाथपुर, बिहिया, आरा, कुलहड़िया, बिहटा, दानापुर, पटना, राजेन्द्रनगर, गुलजारबाग, पटना साहिब, फतुहा, हरदास बिघा, खुसरूपुर, करौटा, टेका बिघा, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, डुमरी हाल्ट एवं लक्खीसराय स्टेशनों पर रूकेगी।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने विभिन्न बीमारियों की कराई निःशुल्क जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में आंख रोग के अतिरिक्त पेट रोग, हृदय रोग की जांच भी हुई तथा सम्बंधित ब्लड एवं अन्य जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि आंख जांच शिविर में आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण ने 63 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 10 मरीज का मोतियाबिंद बढ़ा हुआ पाया गया जिसकी निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। गोयल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा करीब 50 से अधिक मरीजों के पेट की बीमारी की जांच की गई जिसमें 38 मरीजों में पेट की विभिन्न बीमारी पाई गई। एक मरीज के गालब्लैडर में स्टोन का भी पता चला। इसके अतिरिक्त हृदय रोग की जांच प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार द्वारा 25 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह एवं दवा दी गई। मरीजों के खून एवं अन्य जांच सोसायटी के लैब में डॉ सलोनी द्वारा किया गया। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि कल सोमवार 25 अगस्त को संध्या चार बजे से प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आयोजित होगा। मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

# वोटर अधिकार यात्रा पूरी तरह फ्लॉप : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता रामकृपाल यादव ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा बिहार के लोगों के आंखों में धूल झोंकने के लिए है। किसी राजनीतिक दल ने अभी तक चुनाव आयोग के पास कोई शिकायत नहीं दर्ज की है कि किसी व्यक्ति का नाम कट गया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार की जनता को मूर्ख बनाने के लिए यात्रा निकाल कर इसे इश्यू बनाना चाहते हैं। राजद के तेजस्वी यादव बिना किसी शर्त के प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है, इसके लिये जनता से समर्थन भी मांग रहे, लेकिन तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने से राहुल गांधी इनकार कर रहे। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की कॉपी फाड़ने की चर्चा करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस में कभी नहीं बनी है। राहुल गांधी कभी भी तेजस्वी को सीएम नहीं बनाएंगे। अगला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनेंगे। तेजस्वी यादव खुद मुख्यमंत्री बनते रहे हैं, होना कुछ नहीं है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के बयान को लेकर पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि वे खबरों में बने रहते हैं, उनके बयान का कोई मतलब नहीं। दावा करते हुए कहा कि राजद में अब कुछ नहीं बचा है। लालू यादव और उनकी पार्टी हाशिये पर चले गये हैं। उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए कहा कि जनता इन्हें रिजेक्ट कर चुकी है।

# राहुल गांधी कुछ भी बोलें और देश बर्दाश्त करे, यह नहीं होगा: रविशंकर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने आज कंग्रेस के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर पलटवार करते हुए तथ्यों के साथ जवाब दिया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को 37, भाजपा को 33 तथा कांग्रेस को छह सीटें मिली थीं। इस चुनाव में भी यही चुनाव आयोग था जब उनके पक्ष में जनता वोट दे तो चुनाव आयोग ठीक और जब वोट नहीं मिले तो चुनाव आयोग खराब, यह कैसे चलेगा? पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कांग्रेस को 13 सीट मिली, भाजपा को नौ सीट मिली, शिवसेना को नौ और एनसीपी को आठ सीटें मिलीं। यही बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना में सरकार बनी, तो क्या वहां चुनाव आयोग नहीं था?

उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को जनता वोट नहीं देती है तो कोई क्या करेगा? हरियाणा विधानसभा, दिल्ली, महाराष्ट्र में विधानसभा में भाजपा की जीत हुई क्योंकि जनता ने राहुल गांधी के झूठ को पहचान लिया था। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राहुल गांधी हर संवैधानिक संस्थाओं पर बेशर्मी से आरोप लगाते रहे हैं। आज चुनाव आयोग है, इसके पहले चौकीदार चोर है की भी बात की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, मीडिया, प्रधानमंत्री किसी को नहीं छोड़ा है, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि आप कुछ भी बोले और देश बर्दाश्त करे, यह नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि इन दिनों वे बिहार में आकर लोगों को बरगला रहे हैं और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। तेजस्वी यादव को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को लेकर जिस भाषा का वे इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता तीन बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री को 'झूठ'बोलने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि राहुल गांधी की संगत में आप उनकी चाल न चलिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एसआईआर को लेकर कहा कि चुनाव आयोग ने आज कहा है कि मतदाताओं में 98 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने कागजात जमा कर दिए हैं।

# गुप्ता धाम के विकास के लिए 15 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चेनारी (रोहतास)।** सूबे के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. सुनील कुमार रविवार को जिले के प्राचीन गुप्ताधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने 14 करोड़ 91 लाख 30 हजार रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि गुप्ता धाम प्रदेश का अद्भुत धार्मिक स्थल है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गुफा तक पहुंचने का रास्ता बहुत संकीर्ण और जर्जर है, गुफा के भीतर ऑक्सीजन की कमी और जलजमाव की समस्या है। दुकानदारों को भी बारिश और गर्मी में परेशानी उठानी पड़ती है। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि गुफा में वेंटिलेशन सिस्टम लगाया जाएगा। जल निकासी के लिए ड्रेनेज बनेगा, रास्तों को सुगम बनाया जाएगा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार तैयार किए जाएंगे। धाम परिसर में सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए खानपान क्षेत्र, शौचालय, पानी व बिजली की सुविधा तथा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बाहर एक बड़ा स्क्रीन भी लगाया जाएगा जिससे गुफा के अंदर मौजूद श्रद्धालुओं की संख्या बाहर से देखी जा सकेगी। सभी व्यवस्थाएं सोलर ऊर्जा से संचालित होंगी। मंत्री ने स्पष्ट कहा कुछ कार्य शेष रह जाएंगे क्योंकि मेरे कलम की ताकत इतनी ही है कि मैं 14 करोड़ 91 लाख से ज्यादा नहीं दे सकता। अधिकारियों से कहा गया है कि बाकी समस्याओं को रेखांकित कर एक-दो दिन में मुझे समर्पित करें। समय बहुत कम है और चुनाव दरवाजे पर खड़ा है, कभी भी आचार संहिता लग सकती है। ऐसे में कम समय में ही हम आपकी समस्याओं का निदान करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गुप्ता धाम जाने वाले लगभग 3 हजार मीटर रास्ते का निर्माण भी किया जाएगा। स्थानीय विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि वे चेनारी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। उन्होंने शेरगढ़ किला, रोहतास किला और चौरासन मंदिर के विकास की भी मांग मंत्री के समक्ष रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ मनीष कुमार वर्मा ने की। मौके पर वन अधिकारी अभय कुमार वरीय पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम, ललन पासवान, जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, शीला सिंह, ज्ञानचंद्र सिंह कुशवाहा, राधेश्याम पांडेय, कन्हैया शर्मा, बंटी सिंह, सत्यनारायण पासवान, विष्णु शंकर चौबे, भागवत जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# 1146 लीटर शराब के साथ दो वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत सावठ गांव में रविवार को दुर्गावती पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार सरकार एवं बिहार सरकार जिला लोकपाल बोर्ड लगे दो लग्जरी वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद कर मौके से दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों वाहन में कुल 1146 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लैक रंग की स्कॉर्पियो एवं सफेद रंग की एसयूवी की लग्जरी वाहन में कई ब्रांडेड शराब लेकर दोनों आरोपी बिहार के मोहनियां की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार एवं एंटी लीकर टास्क फोर्स के प्रभारी विनय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लग्जरी गाड़ियों से यूपी के रास्ते बिहार में शराब की खेप को ले जाया जा रहा है। संयुक्त दोनों पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गाड़ियों का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को देख दोनों तस्कर अपनी-अपनी गाड़ियों को एनएच 19 से उतारकर ओवर ब्रिज के रास्ते सावठ गांव के ग्रामीण रास्ते में भागने लगा। इस दौरान पुलिस के द्वारा ग्राम सावठ में दोनों वाहन को घेर कर पकड़ लिया गया और उस गाड़ी में मौजूद रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त जब वाहन का तलाशी लिया गया तो दोनों वाहन में भारी मात्रा में शराब पाया गया जिसकी कुल मात्रा 1146 लीटर है जिसे पुलिस द्वारा दोनों गाड़ी को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। इस संबंध में दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि दो लग्जरी वाहनों से भारी मात्रा में शराब को बरामद किया गया है।

## वारंटियों के खिलाफ अभियान, दो धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के वारंटियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया। अभियान में दो वारंटी धराए। धराए वारंटियों से पूछताछ के बाद रविवार को पुलिस ने भभुआ न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराए वारंटियों में कुदरा निवासी अनिल पाल पिता हरिहर पाल व सुंदर बहुआरा गांव के मनेजर राम पिता श्रीबचन राम शामिल हैं।

# नहीं थमेगी विकास की रफ्तार, नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से एनडीए सरकार : डॉ निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा सुशासन का सार आपके द्वार जनसंपर्क कार्यक्रम के द्वारा आम जनता तक सुशासन की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचा रहे हैं। जदयू के नेताओं ने घर-घर जाकर 2025 फिर से नीतीश का पोस्टर घर-घर साट रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के कई गांव का दौरा करने के उपरांत बताया कि नहीं थमेगी विकास की रफ्तार फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार। उन्होंने कहा हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रूपए की जगह प्रतिमाह 1100 रुपए, सात निश्चय- दो के तहत घोषित 20 लाख नौकरी और रोजगार की जगह 50 लाख नौकरी और रोजगार देने के बाद अब अगले 5 साल में युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने जा रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बही है जिसको बिहार की जनता देख रही है। उन्होंने विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा 2005 में सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज्य है और राज्य में लगातार विकास के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार ने शुरू से ही हर तबके के लोगों का विकास किया है, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो, सभी के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि 2005 में नई सरकार बनी तो सर्वप्रथम कानून व्यवस्था को ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल थी, सरकारी अस्पतालों में न डॉक्टर नजर आते थे न मुफ्त दवा होती थी और रोजगार जांच के लिए एक्स-रे पैथोलॉजी आदि की सुविधा नहीं के बराबर थी। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण शुरू किया गया तथा जांच और इलाज की पूरी व्यवस्था की गई पहले केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 12 हो गई तथा 14 और नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं इसके अतिरिक्त 9 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी गई है। यानी राज्य में कुल 35 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे जिनमें आठ में केंद्र का सहयोग मिला है। बचे जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की विकास कार्यों की जानकारी हर प्रखंड हर गांव के लोगों को देना जरूरी है और हम लोग इसी उद्देश्य के साथ सभी जगह जाकर विकास कार्यों की चर्चा कर रहे हैं। इस मौके पर जदयू नेता गुड्डू पटेल सहित कई अन्य मौजूद थे।

# कर्मनाशा नदी उफनाई, हजारों हेक्टेयर धान की फसल डूबी

## उत्तर प्रदेश के मुसखांड बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के तटीय इलाकों में फैला बाढ़ का पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दुर्गावती।** कर्मनाशा नदी का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों के दर्जनों गांवों के किसानों की हजारों हेक्टेयर में लगी खड़ी फसल डूब गई है। दो दिन से हो रही बारिश के बाद उत्तर प्रदेश-बिहार की संयुक्त बांध मूसाखांड बांध पानी से लबालब भर गया है। बांध के सुरक्षा के लिहाज से कर्मनाशा नदी में पानी धीरे-धीरे छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मूसाखांड डैम जलस्तर 355 फीट तक पहुंच गया है। बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए प्रशासन द्वारा बांध के आठ फाटक को शनिवार को खोल दिए गए थे। कनीय अभियंता हरीश मौर्य के अनुसार बांध की क्षमता के मुताबिक ही पानी को नियंत्रित किया जाएगा। कर्मनाशा नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। नदी के तटीय इलाकों के गांव कानपुर, धड़हर, धनसराय, सखेलिपुर, खजुरा, सरैया, लरमा, जमुरनी, छाता, करारी, जेवरी, पचिलखि, आदर्श ग्राम नुआंव, मसौढा, निपरान, गढ़वा, बड़हरा आदि गांवों के किसानों की खड़ी फसल डूब गई है। किसानों ने बताया धान की फसल के साथ-साथ अरहर, मक्का, बाजड़ा आदि की फसल डूब गई है। किसानों ने बताया कि नदी के किनारे की खड़ी फसल तो डूब गई है। अगर इसी तरह नदी का जलस्तर बढ़ने लगा तो बाढ़ की स्थिति विकराल रूप धारण कर लेगी। किसानों ने बताया कि इस साल समय से रोपनी होने की वजह से धान की अच्छी फसल लगी थी। किसान धान की सोहनी के बाद खाद के छिड़काव कर रहे थे। किसान अब भगवान से प्रार्थना करने लगे हैं कि बारिश थम जाए। बाढ़ की आशंका देख किसानों के साथ-साथ तटीय इलाकों के ग्रामीण भयभीत हैं। तटीय क्षेत्रों के लोग मवेशियों के चारे, दैनिक जरूरत की वस्तुओं को खरीदकर घर लाने की तैयारी में जुट गए हैं।

कर्मनाशा नदी के तेजी से बढ़ रहे जलस्तर बढ़ने के बाद दुर्गावती-ककरैत घाट पथ में आदर्श ग्राम नुआंव के समीप नदी का पानी सड़क के बराबर पहुंच गया है जिस तरह नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है यहीं स्थिति रही तो देर रात के बाद दुर्गावती-ककरैत घाट पथ पर आवागमन बाधित हो जाएगा। इस संबंध में सीओ सदानंद कुमार ने बताया कि कर्मनाशा नदी में बाढ़ के मद्देनजर चौकसी बढ़ा दी गई है। आदर्श ग्राम नुआंव के पास बेरिकेटिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# बलभद्रपुर में पेड़ गिरने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव के मुख्य सड़क पर शनिवार की रात एक लिप्टिस के पेड़ गिरने से एक युवक जख्मी हो गया। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की रात बारिश हो रही थी। उसी दौरान सड़क के किनारे लगे लिप्टिस का पेड़ अचानक गिर गया जहां शौच करने जा रहे 30 वर्षीय एक मजदूर उसके चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि बलभद्रपुर भुईयां टोला के रहने वाले हरिनारायण मांझी का दामाद अरविंद मांझी बताया जाता है। वह बलभद्रपुर में लगभग 10 वर्षों से रहकर अपने परिवारों का मजदूरी कर भरण पोषण करते थे। अरविंद के तीन बच्चे हैं जिसमें 6 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी, 5 वर्षीय शिवशंकर कुमार तथा 3 वर्षीय विशनुकांत है। वहीं पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में दरिहट थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि बलभद्रपुर में पेड़ गिरने से एक मजदूर की जख्मी होने की सूचना मिली थी। आनन-फानन में इलाज के लिए उसे अनुमंडल अस्पताल भेजा गया था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

# प्रधानमंत्री को पत्र भेज गया से मुंबई के लिए नई ट्रेन के परिचालन की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के पूर्व रोहतास जिला सचिव सत्येंद्र सिंह एवं भाजपा नेता अमित कुमार पटेल तथा बसंत प्रसाद ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज गया से मुंबई तक नई ट्रेन परिचालन करने हेतु मांग की है। ताकि रोजगार हेतु मुंबई जाने वाले युवकों को सुविधा हो सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेज दोनों नेताओं ने कहा है कि ग्रैंड कोड सेक्शन रेलवे लाइन से मुम्बई जाने हेतु मात्र एक सवारी गाड़ी है। मुंबई मेल नामक सवारी में इतनी भीड़ होती है कि जानवरों की तरह शौचालय में भी लोग खड़े होकर जाते हैं। बेरोजगार नौजवान अपने जीवकोपार्जन एवं परिवार के भरण पोषण हेतु मुम्बई की ओर रुख करते हैं। बिहार उद्योग विहीन हो जाने के कारण बेरोजगार युवक पलायन को विवश होना पड़ता है। पर्याप्त सवारी गाड़ी एवं सामान्य कम डब्बे रहने के कारण विवश होकर आरक्षित डिब्बे में चढ़ने को मजबूर होना पड़ता है।

# बसपा ने किया मतदाताओं को जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ प्रखंड के महुआरी पंचायत, बहुअन पंचायत, डीहरा पंचायत, कैथी, पंचायत में पंचायत अस्तर पर कार्यक्रम लगा कर बीएलए 2 की नियुक्त किया व मतदाताओं को जागरूक किया गया जिसका नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव -सह- भभुआ जिला परिषद सदस्य विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं व आमजनों को सम्बोधित करते हुए विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व बीएलए2 को बूथों पर नियुक्ति को भभुआ विधानसभा क्षेत्र के लोगों का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है लोग घरों से निकलकर कार्यक्रम में आ रहे हैं तथा निर्वाचन से जुड़ी अपनी समस्याओं को बता रहे हैं तथा हम लोग भी अपने पार्टी बहुजन समाज पार्टी की ओर से समस्याओं को पूरी मुस्तैदी के साथ देख रहे हैं।

# होमगार्ड बहाली को ले वसूली करने वाले कमांडेंट के चालक समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** होमगार्ड बहाली के नाम पर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलने वाले होमगार्ड कमांडेंट के चालक समेत तीन होमगार्ड जवानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार सूचना मिली कि होमगार्ड में बहाली के नाम पर कमाडेंट के चालक व दो अन्य उसके सहयोगी जवानों द्वारा अभ्यर्थियों से राशि की मांग की जा रही है। सूचना के आधार पर कमाडेंट के चालक मनोज कुमार चेरो व उसके दो सहयोगी जवानों संतोष कुमार व संतोष प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड, तीन मोबाइल व एक अल्टो कार बरामद किया गया। पुलिस मोबाइल की तकनीकी जांच कर रही है। गिरोह में शामिल अन्य को भी पुलिस गिरफ्तार करेगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में डिहरी नगर थाना में भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# छात्रा का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** बाजार स्थित कोचिंग गई छात्रा का अपहरण कर लेने की प्राथमिकी परिजन ने दर्ज करवाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाजार निवासी की पुत्री शनिवार को कोचिंग के लिए घर से निकली थी जब पुत्री ससमय घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन ढूढने लगे, लेकिन पुत्री की कहीं सुराग नहीं मिल सका। परिजन ने लिखित आवेदन देकर अज्ञात पर अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई।

# नवनिर्मित मकान में रोशनदान छोड़ने को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** नवाडीह गांव में नवनिर्मित भवन निर्माण में रोशनदान छोड़ने को लेकर दो पक्षों में शनिवार को मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के एक महिला पुरुष व एक नबालिक बच्चा घायल हो गया। परिजन इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जख्मी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा और जख्मी के आवेदन पर तीन महिला सहित चार लोग पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि नावाडीह निवासी अनिल पासवान अपनी नवनिर्माण मकान का कार्य करवा रहे थे और नवनिर्माण भवन में रोशनदान छोड़ने को लेकर पड़ोसी मुकेश पासवान, सरोज पासवान, मनकीया देवी, रीना देवी व मन्ना कुंवर खिड़की छोड़ने पर आपत्ति जताई और दोनों पक्षों में बहस होने लगी।

# वार्षिक पूजनोत्सव के लिए निकले महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम के साधु-संत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** विदित रहे कि सासाराम मांझर कुंड स्थित महर्षि विश्वामित्र मुनि सिद्धाश्रम के प्रांगण में स्थित सहस्त्र मंगलेश्वर महादेव, सिद्ध हनुमान एवं सातों बहिनी वन दुर्गा जी की वार्षिक पूजन की परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है जिसका नेतृत्व जगत गुरू कौलाचार्य महर्षि अंजनेश जी महाराज करते थे। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद जी के नेतृत्व में साधु संत एवं भक्त गण के साथ मांझर कुंड स्थित महर्षि विश्वामित्र मुनि सिद्धाश्रम के प्रांगण में स्थित सहस्त्र मंगलेश्वर महादेव, सिद्ध हनुमान एवं सातों बहिनी वन दुर्गा जी की वार्षिक पूजन विधि विधान के साथ किया गया एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

# किराना दुकान से देशी व विदेशी शराब जब्त, धंधेबाज फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** थाना से चंद दूरी पर एक किराना दुकान से पुलिस ने छापेमारी कर काफी संख्या में अंग्रेजी शराब बरामद किया। सबसे बड़ी बात यह है कि थाना के कुछ कर्मी उसी दुकान से मंथली पर राशन व किराना सामान की खरीदारी किया करते थे, लेकिन कभी उन्हें भनक भी नहीं लगी जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त दुकान के अन्दर फ्रिज में अंग्रेजी शराब रख दुकानदार बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त दुकान पर छापेमारी के लिए पहुंची तो दुकानदार पुलिस को देखते ही फरार हो गया। छापेमारी के दौरान दुकान के अन्दर रखी रेफ्रीजिरेटर से प्रीमियम सुप्रीम डेनिस वियर 500 एमएल के 28 पीस, किंग फिशर 500 एमएल के 32 पीस अंग्रेजी शराब रखी देख होश उड़ पड़ी। पुलिस ने शराब को जब्त कर दुकानदार पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# करमचट डैम में हाउसबोट सेवा शुरू, विकास को लगेंगे पंख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** काश्मीर के श्रीनगर में स्थित डल झील की तर्ज पर कैमूर के दुर्गावती जलाशय (करमचट डैम) में हाउसबोट सेवा शुरू हो गया है। पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने रविवार को करमचट डैम पर पहुंचकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो हाउसबोट सेवा का शुभारंभ किया। चारों तरफ से कैमूर पहाड़ी से घिरे प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के बीच स्थित करमच डैम अब पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक केंद्र बन गया है। हाउसबोट सेवा शुरू होने से यहां के विकास को उड़ान मिलेगा। जल कलरव के बीच हाउसबोट सेवा का आनन्द लेने के लिए करमचट डैम पर अब भारी संख्या में पर्यटक आएंगे।

वन विभाग के सीएफ इकोटूरिज्म सत्यजीत कुमार ने बताया कि करमचट डैम पहले से ही प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए चर्चित है। अब हाउसबोट सेवा शुरू होने के बाद यह स्थल पर्यटकीय दृष्टिकोण से और मजबूत हो जाएगा। इसके साथ ही यहां रोजगार के भी कई अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि हाउसबोट में पर्यटकों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि वे न केवल प्रकृति का आनंद उठा सकेंगे बल्कि अपने बोट के सफर को यादगार भी बना सकेंगे। इस हाउसबोट में आने वाले पर्यटकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन मंत्री के आप्त सचिव अमरेश कुमार अमर ने बताया कि हाउसबोट सुविधा शुरू होने से इस इलाके में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कैमूर जिले का यह इलाका ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों से समृद्ध है। इस पहल से न केवल पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। हाउसबोट संचालन से जुड़े प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कार्यों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही आसपास के इलाकों में होटल, रेस्टोरेंट, गाइड, परिवहन और हस्तशिल्प से जुड़े व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

**हाउसबोट में होगा एसी कमरा व किचेन**

बीएफ ने बताया कि बोट में एक एसी युक्त कमरा, एक बाथरूम और एक किचन की व्यवस्था है। इसमें एक बार में 8 से 10 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि रविवार को मंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद आम जनता के लिए खोल दिया गया। इसमें खाने पीने की भी उत्तम व्यवस्था होगी। यह डैम चारों तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ है और हाउसबोट से 10-12 झरने को देखने का आनंद मिलेगा। यह डैम काफी दूर तक फैला है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए अब हाउसबोट की सुविधा शुरू की गई है। ताकि लोग यहां आएं और रोमांच के साथ प्रकृति का आनंद ले सकें।

**हाउसबोट देखने के लिए उमड़ी भीड़**

दुर्गावती जलाशय परियोजना पर रविवार को हाउसबोट देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जलाशय में पहले से बोट सेवा तो शुरू था, लेकिन हाउसबोट सेवा लोगों के लिए नया था? रविवार को स्कूल कार्यालयों में छुट्टी रहने के कारण भारी संख्या में लोग परिवार के सदस्यों के साथ पिकनिक मनाने व मनोरंजन के लिए दुर्गावती जलाशय परियोजना पर पहुंचे थे। खासकर युवा युवतियों में हाउसबोट देखने के लिए खासा उत्साह देखने को मिला।

BODH GAYA | बिहार सरकार | पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM | NCHMCT

होटल मैनेजमेंट संस्थान बोधगया

तीन वर्षीय डिग्री एवं डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए, शेष सीटों पर आवेदन की आखिरी तिथि 26/08/2025 है

एडमिशन हेल्पलाइन नंबर : + 91-8987276070, + 91-9608271879, 6287081202,0631-2952143 संपर्क व्यक्ति का नाम : श्री विवेक सुमन

100% Placement Assurance

इ-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234

DRCC FACILITY AVAILABLE

## संक्षिप्त समाचार

### तीज पर्व को लेकर खरीदारी करने को बाजार में भीड़भाड़

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने पति के लंबी उम्र की कामना के लिए सुहागवती महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले तीज त्यौहार को लेकर



बाजार में चहल-पहल तेज हो गई है । महिलाएं इस पर्व को लेकर साड़ी, चूड़ी मेहंदी सहित कई वस्तुओं की खरीदारी करने के लिए बाजार में निकल पड़ी हैं। इन वस्तुओं की दुकानों में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाएं पर्व की सामग्री जुटाने में लगी हुई है। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं द्वारा यह त्यौहार मनाया जाता है।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक को समारोह आयोजित कर दी विदाई

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड की धमौल पंचायत के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में समारोह



आयोजित कर इतिहास विषय के उच्च माध्यमिक के शिक्षक रबिन्द्र कुमार को विदाई दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर की अध्यक्षता में एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इनका ट्रांसफर उच्च माध्यमिक विद्यालय भलुआ बाराचट्टी गया जी हुआ है। शिक्षकों ने उनके कार्यो की सराहना की। उन्हें अंगवस्त्र, बुके, उपहार आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर घनश्याम कुमार सिंह, सुजीत कुमार, संजय पांडेय, सचिन कुमार, कपिलदेव कुमार, किरण यादव, पुतुल कुमारी, अर्चना कुमारी आदि उपस्थित थे।

### मंडल कारा नवादा में कैदियों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं



सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा एवं धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 24.08.2025 को मंडल कारा, नवादा में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रूपम कुमारी, सहायिका, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा ने बताया कि कैदियों को मुफ्त कानूनी परामर्श एवं सहायता प्रदान करने, कैदियों को उनके मामलों की स्थिति, मुकदमे की प्रगति तथा अपील की संभावनाओं के बारे में जानकारी देना, अजी तैयार करना, जमानत, पुनर्विचार याचिका के लिए आवश्यक आवेदन तैयार करना तथा कैदियों को उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करना कारागार विधिक सेवा क्लीनिक का प्रमुख कार्य है। इस मौके पर जेल प्रशासन, कर्मचारीगण, रूपम कुमारी (सहायिका, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, नवादा) एवं पारा विधिक स्वयं सेवक रामानुज कुमार उपस्थित थे।


### कीचड़ से लोगों का चलना हुआ दुश्वार

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पकरीबरावां- नवोदय पथ पर कीचड़ से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मुख्य सड़क से इस पथ पर नीचे उतरते ही कीचड़ लगने लगता है। इस मार्ग से होकर कई गांवों के लोग जाते हैं। इस पथ से होकर जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार, इंटर विद्यालय पकरीबरावां सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान जाने का रास्ता है। कीचड़ के कारण काफी दिक्कत है।

### निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषक महाविद्यालय धेवधा के संस्थापक सदस्य एवं दर्शनशास्त्र के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष बलराम शर्मा के निधन पर डुमरावां गांव निवासी एवं नवादा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के निदेशक डॉ. प्रेमजीत कुमार विपिन ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे सरल स्वभाव, सकारात्मक विचार वाले एवं स्पष्टवादी व्यक्ति थे।

### समाजसेवी के निधन पर लोगों ने जताया शोक



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा के समाजसेवी और अस्पताल रोड स्थित राज होटल के मालिक राजेंद्र बाबू का निधन होने पर लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है। नवादा के न्यू एरिया आरएमडब्ल्यू कॉलेज के पास रहने वाले राजेंद्र बाबू पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार को उन्होंने आखिरी सांस ली है। नवादा के पूर्व वार्ड पार्षद रहे मनोज चंद्रवंशी के चाचा राजेंद्र बाबू के निधन पर लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उनका पार्थिव शरीर रविवार को नवादा के बिहारी घाट पर पंचतत्व में विलीन कर दिया गया ।

# सिनेमा वालों ने दशरथ की मेहनत को बता दी प्रेम-मोहब्बत, पर्वत पुरुष को नहीं मिला भारत रत्न : जीतन राम मांझी

**पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी की 19वीं पुण्यतिथि पर बोले जीतन राम मांझी-जन भावना से प्रेरित होकर पहाड़ों को काटकर लोगों के लिए बनाया रास्ता**





- शिक्षा की कमी के कारण समाज के लोगों को नहीं मिल रहे हैं उनके अधिकार
- पर्वत पुरुष बाबा दशरथ को भारत रत्न दिलाकर लेंगे दम
- 1952 से हो रहा विधानसभा चुनाव लेकिन अब तक मांझी समाज को नहीं मिली एक भी सीट
- जाति बंधन को तोड़कर एससी के लोग हो जाएं एकजुट, पटना से लेकर दिल्ली तक समाज के लोगों को लाभ दिलाने के लिए हैं मौजूद

**रजौलीनवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग के केंद्रीयमंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक जीतन राम मांझी ने कहा कि पर्वत पुरुष दशरथ मांझी ने जन भावनाओं से प्रेरित होकर पहाड़ को काटकर लोगों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन सिनेमा वालों के द्वारा उनकी मेहनत को प्यार-मोहब्बत की कहानी बनाकर लोगों के बीच प्रस्तुत कर दिया गया। जिसके कारण पर्वत पुरुष दशरथ मांझी को भारत रत्न का पुरस्कार नहीं मिला।

पर्वत पुरुष दशरथ मांझी ने प्रसव के लिए अस्पताल जाने वाली महिलाओं, गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने, क्षेत्र के लोगों को बाजार जाने में समस्या होने पर पहाड़ को काटकर रास्ता बना रहे थे। उसी दौरान उनकी पत्नी पानी लेकर आई और उनका घड़ा फूट गया। इसके बाद उन्होंने ठान लिया कि जब तक तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं का लक्ष्य बनाकर उन्होंने पर्वत को काट कर लोगों के लिए रास्ता बना दिया। लेकिन सिनेमा वालों ने रुपए कमाने के लिए पर्वत पुरुष की मेहनत को प्यार-मोहब्बत की कहानी बता दिया कि पत्नी घड़े का पानी लेकर आ रही थी। पानी लाने के क्रम में उनका घड़ा गिरकर टूट गया इसीलिए वे पहाड़ को तोड़ देंगे। गलत कहानी प्रस्तुत किए जाने के कारण ही पर्वत पुरुष को अब तक भारत रत्न नहीं मिला है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री ने पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी की रजौली इंटर विद्यालय में आयोजित 19वीं पुण्यतिथि सह झूमर प्रतियोगिता में कहीं।

उन्होंने कहा कि श्रम मेव जयते। अर्थात श्रम की जीत होती है की तर्ज पर पर्वत पुरुष ने पहाड़ों को काटकर रास्ता बना दिया। संसार में अब तक किसी भी लोगों ने ऐसा कार्य नहीं किया। लेकिन मांझी जाति के होने के कारण उनके कार्य को महत्व नहीं दिया गया। उन्हें पुरस्कार नहीं दिया गया। बाबा के कठिन काम को प्यार-मोहब्बत में ना देखें। पहाड़ को तोड़कर अतरी, वजीरगंज की दूरी को कम कर देना उनका लक्ष्य था। जो उन्होंने पूरा कर दिखाया। उन्होंने राहगीरों, प्रसव के लिए अस्पताल जाने वाली गर्भवती महिलाओं, बीमारों को अस्पताल जाने में सहूलियत हो इसके लिए काम किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मांझी, मुसहर रजवार सब मिलकर अनुसूचित जाति में सबसे ऊपर हैं। 3.18 प्रतिशत मुसहर और 1.88 प्रतिशत भुइयां हैं। दोनों को मिलकर कुल 5% लोग हैं। लेकिन जातिवाद में हम टूटे हुए हैं। इसीलिए हम मुसहर और भुइयां काफी पीछे हैं।

सन 1952 से देश में चुनाव हो रहा है लेकिन1952 से अब तक रजौली में मांझी और मुसहर को एक भी सीट नहीं मिला है। कम पढ़े-लिखे होने के कारण हमें हमारे अधिकारों से वंचित किया गया है। लेकिन अब लोग एकजुट हों जाएं और आगे बढ़कर अपने समाज का प्रतिनिधित्व करें। आने वाले विधानसभा चुनाव में मांझी व मुसहर समाज के लोग अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखें। उनकी मांगों पर ध्यान देने के लिए वे पटना से दिल्ली तक मौजूद हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर मांझी व मुसहर समाज के लोग पढ़े-लिखे और शिक्षित होंगे तो एक नहीं बल्कि अनेकों जीतन राम मांझी पैदा होंगे। बाबा की बातों को याद रखिए जब तक तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं इसलिए अपने अधिकारों के लिए एकजुट हो जाइए। उन्होंने कहा कि 2014 में वे बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। उन्होंने सोचा था कि वह जो चाहेंगे जीतन राम मांझी वही करेंगे। लेकिन उन्होंने 9 महीने के अपने कार्यकाल में मांझी व मुसहर समाज के लोगों की समाज में उनकी स्थिति को बदलने के लिए काम किया। इसके बाद कुछ कन्फुंकवा लोगों ने नीतीश कुमार के कान में फूंक दिया कि आप तो बोले थे कि आप जैसा कहिएगा वैसा काम करेंगे। लेकिन यह तो अपना काम करना शुरू कर दिया है। इसके बाद नीतीश कुमार ने उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया। विधानसभा में उन्हें केवल दो लोगों ने ही साथ दिया। जब उनके ही लोगों ने उन्हें साथ नहीं दिया तो वे मुश्किल में पड़ गए और इससे पहले कि नीतीश कुमार उन्हें मुख्यमंत्री से हटा देते उन्होंने खुद से ही इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए 5 डिसमिल जमीन की मांग की और कहा कि बिहार के अन्य जिलों में जब अनुसूचित जाति के भूमिहीन लोगों को 5 डिसमिल जमीन मिल रही है तो नवादा के पदाधिकारी से मैं कहता हूं कि नवादा में भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन क्यों नहीं मिलेगी। बिहार में भूदान, सीलिंग और बिहार सरकार की लगभग 16-17 लाख एकड़ जमीन है। उसके बावजूद अनुसूचित जाति के भूमिहीन परिवारों को जमीन क्यों नहीं मिल रहे हैं। जून 2014 में जब वे मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने अनुसूचित जाति के लोगों को एक एकड़ जमीन दिलवाने के अभियान की शुरूआत की थी। लेकिन मुख्यमंत्री के पद से हटने के बाद यह अधूरा रह गया। दुनिया में दो ही जात है अमीरी और गरीबी की। अमीर के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस बनते हैं और गरीबों के बच्चे कुछ भी नहीं बन पाते। राष्ट्रपति का बेटा हो या भंगी का संतान, सबको शिक्षा एक समान आज कहीं नहीं है। आरक्षण का लाभ भी उन्हीं लोगों को मिलता है जो आर्थिक रूप से मजबूत है। संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर ने कहा था कि जब तक जाति बंधन नहीं तोड़ोगे तब तक एक नहीं होओगे। लेकिन जब संविधान निमार्ता को भी समाज के लोगों का साथ नहीं मिला तो वे भी 1956 में महात्मा बुद्ध की शरण में चले गए। पुण्यतिथि सह झूमर प्रतियोगिता में आकर्षक परिधानों में सजी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजौली की छात्राओं ने भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा के पर्व पर आकर्षक झूमर प्रस्तुत कर केंद्रीय मंत्री का मन मोह लिया। मौके पर कार्यक्रम के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले रजौली इंटर विद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य बालकृष्ण यादव, हम के जिलाध्यक्ष अशोक मांझी, प्रखंड अध्यक्ष संदीप पासवान, वार्डेन रेखा कुमारी, रात्रि प्रहरी विजय शंकर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पानी भरे गड्ढे में गिरी अनियंत्रित कार, तीन युवकों की हुई मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रहुई थाना क्षेत्र के भेंडा गांव के पास बिहटा सरमेरा मुख्य मार्ग (एसएच-78) पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। रविवार की सुबह ग्रामीण जब शौच लिए जा रहे थे तब कार देखकर पुलिस को घटना की जानकारी दिए ।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह टहलने के दौरान गड्ढे में पलटी कार पर नजर पड़ी। इसके बाद शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची रहुई थाना पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया।मृतकों की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी पैरू यादव के पुत्र पवन कुमार उर्फ पाजो यादव (28 वर्ष), मोती बिगहा गांव निवासी जितेंद्र पासवान के पुत्र अरविंद पासवान (25 वर्ष) और शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के अस्थना गांव निवासी रंजीत प्रसाद के पुत्र समीर राज उर्फ लाली (25 वर्ष) के रूप में हुई है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने शिविर लगाकर 240 रोगियों का किया निःशुल्क इलाज

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया गया । इस शिविर का उद्देश्य निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है शिविर में जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बहुत मददगार साबित हो रहे है। यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा। इस शिविर में बिहार शरीफ के प्रख्यात डॉक्टरों के द्वारा 240 लोगों का इलाज किया गया ।

## नूतन उदया फाउंडेशन ने कस्तूरबा विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा की सामाजिक संस्था नूतन उदया फाउंडेशन की महिलाओं के द्वारा शनिवार को शहर के कस्तूरबा बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में बच्चियों को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी गई और उनके बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया।



कार्यक्रम के संयोजक प्रगति श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नूतन उदया फाउंडेशन की नूतन बिहारी, संध्या सिंह, डॉक्टर कुमारी आशा, राखी बनवाल, राखी गुप्ता ,सरिता , पुनीता बरनवाल, अर्चना कुमारी ,रीता, सुषमा बरनवाल , तरुण चौरसिया , मंजू कुमारी, अपर्णा कौशिक के साथ अनेक महिलाएं शामिल हुई । सभी लोगों ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय पहुंचकर वहां बालिकाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया और बच्चों को शिक्षित होने के साथ-साथ सामाजिक और दैनिक जीवन में आने वाले परेशानियां से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें जागरूक किया । बच्चों के बीच सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण फाउंडेशन की ओर से किया गया । गौरतलब है कि नूतन उदया फाउंडेशन की ओर से समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें सामाजिक गतिविधियां और समाज सेवा भी शामिल होती है।

## महिला संवाद कार्यक्रम में पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने बोला डबल इंजन सरकार पर हमला

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में महिला जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे गोविंदपुर के पूर्व विधायक व राजद नेत्री पूर्णिमा यादव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत पांचवें दिन कौआकोल पंचायत के बिझो एवं सरौनी पंचायत पहुँची।

जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम में पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का महिलाओं के प्रति सोच व सम्मान को विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में बड़ी शक्ति होती है।



महिलाएं परिवार व समाज के साथ साथ समय पर राजनीतिक परिवर्तन की अग्रदूत साबित होती है। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं बिहार की डबल ईंजन की सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि तेजस्वी यादव ने 17 महीने की कार्यकाल में पांच लाख नौकरी, जातिगत जनगणना कराया,जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी का नारा बुलंद किया। आरक्षण का दायरा 15 प्रतिशत तक बढ़ाया लेकिन भाजपा ने उसे निरस्त करवा दिया। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में घुसखोरी चरम पर है। थाना, ब्लॉक,अंचल सहित किसी भी सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी सरकार बनने पर महिलाओं को सरकार बनने पर प्रतिमाह 25 सौ की राशि दी जाएगी। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन,प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,रामाश्रय सिंह, पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के लिए जापान हॉकी टीम पहुंची बिहार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के लिए जापान की पुरुष हॉकी टीम शनिवार देर रात बिहार पहुँची। टूनार्मेंट के इतिहास में जापान अब तक पाँच बार चौथे स्थान पर रहा है, लेकिन पदक जीतने में सफल नहीं हुआ। इस बार टीम का लक्ष्य इस को तोड़कर पहली बार पदक हासिल करना है।

वर्तमान में एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज जापान को पूल-ए में रखा गया है, जिसमें मेजबान भारत, चीन और कजाखस्तान शामिल हैं। जापान अपना अभियान 29 अगस्त को कजाखस्तान के खिलाफ शुरू करेगा। इसके बाद 31 अगस्त को भारत के साथ रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा, जबकि अंतिम पूल मैच 1 सितंबर को चीन के विरुद्ध होगा।

टीम के आगमन पर कप्तान राइकी फुजीशिमा ने कहा, राजगीर में हमारे पहले टूनार्मेंट को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। हमारा मुख्य लक्ष्य एशिया कप 2025 जीतकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करना है। पूरी टीम जोश और जज्बे के साथ खेलने के लिए तैयार है। बिना शक, भारत के खिलाफ मैच सबसे कठिन होगा। वे इस प्रतियोगिता की सबसे ऊँची रैंकिंग वाली टीम हैं और घरेलू समर्थन भी उन्हें मिलेगा, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है।

# जन-जन की आवाज बन चुके डॉ अनुज को मिल रहा जबरदस्त जन समर्थन

**चुनावी मैदान में अपनी उम्मीदवारी को लेकर मतदाताओं से मिलकर मांगा समर्थन**

**नवादा /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा विधानसभा में पहली बार चुनावी मैदान में कदम रखने वाले , अपने क्षेत्र का विकास के लिए समर्पित, जन-जन की आवाज बन चुके प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने नगर के कई इलाकों में मतदाताओं से दुकान- दुकान और घर-घर मिलकर अपने लिए समर्थन मांगा। बीते शुक्रवार को प्रसाद बीघा, मेन रोड, लाल चौक बुंदेलखंड ,तेली टोला, वार्ड नंबर28, 29 नीम टोला आदि कई जगहों पर मतदाताओं से मिले।

नवादा विधानसभा के चाहे गांव हो या शहर हर तरफ से मतदाता इस बार मन ही मन बदलाव लाने का संकल्प कर लिए हैं ,तभी तो जहां भी डॉ अनुज अपने समर्थकों के साथ जनता के पास बात करने जाते हैं वहां एक अलग ही हुजूम उमड़ पड़ता है, इसका एक ही कारण है उनके कार्य कुशलता। शहर के प्रसाद बीघा स्थित दुर्गा मंदिर में नतमस्तक हो आशीर्वाद लेकर अपनी जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत किया। रास्ते में सभी दुकानदारों से, रेहड़ी वालों से बात करते हुए चल रहे थे तो व्यवसायी वर्ग





के द्वारा शहर की समस्याओं से अवगत कराया गया। व्यापारियों ने बताया की थोड़ी सी बरसात होने के बाद एक भी रास्ता सुरक्षित नहीं रह पाता ।आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर में लग रहे जाम के कारण भी परेशानी उठानी पड़ती है। जब डॉ अनुज दुकानदारों से मिल रहे थे तो पूरा रास्ता कीचड़ से भरा हुआ था फिर भी वे सभी से मिलकर समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिया। नवादा कलेक्ट्रेट के सामने संजीव कुमार श्रवण कुमार छोटू जी सहित कई दुकानदारों के द्वारा भी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। फिर अपने समर्थकों के साथ बुंदेलखंड स्थित वार्ड नंबर 28 जब पहुंचे तो वहां वार्ड पार्षद गोपाल कुमार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित मतदाताओं ने एक सुर में नवादा के विकास के लिए समर्थन देने की बात कही। वहीं राधे स्वीट्स के मलिक मंटू कुमार द्वारा भी सम्मानित किया गया। सुनील सिंह, प्रतीक कुमार ,संजय सिंह के द्वारा भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहां से चलकर वार्ड नंबर 29 तेली टोला और नीम टोला में गए जहां उनके समर्थकों में सुरेंद्र प्रसाद ,प्रदीप कुमार ,डॉ सुरेश प्रसाद के द्वारा स्वागत किया गया ,साथ ही साथ डॉ विजय कुमार ,अनिता कुमारी ,शांति देवी कई स्थानीय लोग अपने लोकप्रिय समाजसेवी को आदर सत्कार करने में लगे हुए थे। वार्ड नंबर 29 में दुर्गा मंदिर के समीप मुन्ना शर्मा ,दिलीप पांडेय, मनीष कुमार ,राहुल कुमार के द्वारा भी सम्मानित किया गया।उनके समर्थकों के द्वारा साथ ही साथ 14 सितंबर को होने वाले विशाल जनसभा के लिए भी मतदाताओं को आमंत्रित किया गया। यह बात तय है मतदाता मन ही मन वैसे जनप्रतिनिधि को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं जो कहीं ना कहीं नवादा को गर्त में ले जाने का काम किया है। राजनीति को पेशा समझकर काम करने वाले लोगों को नवादा की जनता बाहर का रास्ता दिखाएगी। संपर्क यात्रा को सफल बनाने में विशेष कर स्थानीय नागरिकों में से विशाल ,शिवम, हिमांशु, ,प्रतीक मान, राहुल, उत्तम ,विवेक ,राजू कुमार, मनोज कुमार ,कारू साव,श्रवण राम ,विनोद पांडेय डॉ उपेंद्र कुमार सहित उनके हजारों समर्थकों की सराहनीय भूमिका रहे देर रात 8:00 बजे तक लोगों से वह मिलते रहे।अंत में सबों के द्वारा चुनाव में जीत की शुभकामनाएं के साथ कार्यक्रम समापन किया गया।

# विष्णुपद और बोधगया मंदिर कॉरिडोर को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

## मंत्री डॉ प्रेम कुमार की मौजूदगी में प्रारूप में बदलाव की जरूरत पर बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** रविवार को गया के पुरानी गोदाम स्थित चैंबर कार्यालय में सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और बोधगया मंदिर कॉरिडोर को लेकर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा आयोजित की गई। बैठक में गया से विधायक और मंत्री प्रेम कुमार की उपस्थिति रही। परिचर्चा में निर्माण से जुड़े अभियंता, प्रशासनिक अधिकारी और चैंबर पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष बिपेंद्र अग्रवाल ने की जबकि संचालन महासचिव सुनील कुमार ने किया। विषय प्रवेश करते हुए डॉ. कौशलेंद्र प्रताप ने बताया कि मंदिर कॉरिडोर की 165 पन्नों की कार्य योजना तैयार की गई है, लेकिन विशेषज्ञों की राय के अनुसार इसमें कई जरूरी बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रारूप को बेहतर बनाने के लिए चैंबर की पहल पर सुझाव एकत्र कर इसे सरकार तक पहुंचाया जाएगा। अभियंता विनय कुमार सिन्हा और प्रशांत कुमार ने विस्तार से बताया कि कॉरिडोर के डिजाइन में मुख्य द्वार, मंदिर प्रांगण, प्रवचन स्थल और पौराणिक स्थलों के विकास में कई खामियां हैं जिन्हें दूर करना जरूरी है। प्रशांत कुमार ने सुझाव दिया कि कॉरिडोर में 53 पिंड वेदियों को शामिल करते हुए वहां तक यातायात की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण से पहले सभी आधारभूत सुविधाएं जैसे नाली, पेयजल, गैस पाइपलाइन आदि की व्यवस्था कर लेनी चाहिए ताकि बार-बार सड़कों की खुदाई से बचा जा सके।

पर्यटन प्रभारी धनराज कुमार ने पार्किंग और यातायात प्रबंधन से संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और कॉरिडोर से जुड़े सुझावों को संज्ञान में लिया। बैठक में बोलते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि गया और बोधगया में विकास के कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं जिनमें कालरा अस्पताल के पास 1080 कमरों वाला विश्राम गृह, फल्गु नदी के किनारे पाथवे और घाट के अंदर नाले का निर्माण, तीन फ्लाईओवर, अंडरग्राउंड केबलिंग और घर-घर गैस पाइपलाइन जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि यदि और सुझाव हों तो दो दिनों के भीतर चैंबर के माध्यम से भेजें ताकि उन्हें संबद्ध विभागों तक पहुंचाया जा सके और प्रारूप में जरूरी सुधार किया जा सके। डॉ. अनूप केडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि जब वाराणसी में संकरी गलियों की जगह भव्य कॉरिडोर बन सकता है तो गया में भी इससे बेहतर काम हो सकता है। उन्होंने कॉरिडोर योजना में सौंदर्यीकरण से आगे बढ़कर कार्यात्मक और धार्मिक उपयोगिता पर ध्यान देने की बात कही। बैठक में कई अन्य व्यापारियों, समाजसेवियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ परिचर्चा का समापन हुआ।

# जेटली का जीवन संघर्ष, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा का आदर्श उदाहरण : डॉ प्रेम कुमार

## अरुण जेटली की जयंती पर गया में श्रद्धांजलि सभा, वित्तीय सुधारों को किया गया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की जयंती पर शनिवार को गया जिला अतिथि गृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने जेटली के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि अरुण जेटली केवल एक कुशल अधिवक्ता और प्रखर वक्ता नहीं थे, बल्कि भारतीय राजनीति में सिद्धांत, समर्पण और सुचिता के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि जेटली ने वित्त मंत्री के रूप में देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर और सुदृढ़ आधार देने का काम किया। वस्तु एवं सेवा कर जैसे ऐतिहासिक आर्थिक सुधार उन्हीं की सोच और नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जेटली का जीवन संघर्ष, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा का आदर्श उदाहरण है जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ और युवा नेता उपस्थित रहे। इनमें गोपाल नारायण सिंह, धनराज शर्मा, अमित दांगी, पप्पू चंद्रवंशी, प्रेम सागर, राजेश चौधरी, कृष्णा साहू, बंटी वर्मा, ऋषि लोहानी, अमित लोहानी, दीपू, वेद प्रकाश, गौतम कुमार और दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल थे। सभा में वक्ताओं ने जेटली के व्यक्तित्व और कार्यशैली को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल पार्टी को वैचारिक मजबूती दी, बल्कि देश की अर्थनीति को भी मजबूत दिशा दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रसेवा के प्रति जेटली के योगदान को नमन करते हुए किया गया।

# भाकपा का 29वां अंचल सम्मेलन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने ग्राम पंचायत बिहटा अंतर्गत छोटी आंगरी में 29वां अंचल सम्मेलन के साथ पार्टी के शताब्दी वर्ष मनाई गई जिसकी अध्यक्षता राजाराम प्रसाद ने की। सम्मेलन का उद्घाटन बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन सचिव जानकी पासवान ने की। इन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश बड़ी ही मुश्किल घड़ी से गुजर रही है। सरकार वोट का हेराफेरी का जुगाड़ लगा रही है। सत्ताधारी पार्टी आजादी के विरोधी रही है। आम आवाम के बुनियादी समस्याओं के समाधान में विफल रही है अपनी सत्ता को बचाये रखने के लिए जाति धर्म भाषा और क्षेत्रीयतावाद के आधार पर भेद भाव पैदा कर मतभेद और नफरत को जन जन तक बढ़ाया गया है। वहीं जिला मंत्री सीताराम सिंह ने बदलो सरकार बचाओ बिहार का नारा देते हुए कहा हमें एक मुश्त रहना है। गठबंधन के उम्मीदवार को वोट करना है, धोखेबाजों जुमलेबाजों के चक्कर में नहीं आना है। वोटर अधिकार यात्रा समर्पण एक सितंबर को गांधी मैदान पटना में होगी जहां ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोकतंत्र एवं संविधान प्रेमी वोट चोरों के खिलाफ सरकार और चुनाव आयोग की वोट चोरी की साजिश को नाकाम करने के लिए एक जुट होकर बड़ी संख्या में पटना गांधी मैदान पहुंचे।

# महर्षि कश्यप मुनि की जयंती पर कुलगोत्र समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** गया नगर के धर्म सभा भवन सभागार में रविवार को केसरवानी वैश्य सभा द्वारा कुल गोत्राचार्य महर्षि कश्यप मुनि की जयंती समारोह और सहभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप मुनि के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप मुनि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और जीवन मूल्यों के आधार स्तंभ रहे हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, एकता और लोककल्याण के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि समाज को चाहिए कि वह अपने गौरवशाली इतिहास और ऋषियों के आदर्शों से जुड़कर वर्तमान को बेहतर बनाए। अपने संबोधन में मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, विशेषकर महिलाओं, युवाओं, किसानों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। इस अवसर पर पेट्रोलियम आयोग के स्वतंत्र निदेशक शंभू केसरी, सभा अध्यक्ष सतीश केसरी, रामेश्वर केसरी, रामजी केसरी, विकास केसरी, प्रशांत केसरी, प्रेम केसरी, उत्तम केसरी, अजय केसरी, संतोष केसरी, पंकज केसरी, सुनील केसरी, श्याम सुंदर केसरी, प्रेम सागर, दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, ऋषि लोहानी, दीपू, अमित लोहानी, बंटी वर्मा, कृष्ण कुमार साहू, अशोक गुप्ता, डिंपल वार्ड पार्षद, गौतम कुमार सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और आगंतुकों के लिए पारंपरिक सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। पूरे आयोजन में उत्सव का माहौल और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

# जिला स्तरीय मशाल खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का परचम लहराया




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गया जी में आयोजित जिला स्तरीय मशाल खेल कूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। क्षेत्र के खैरा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र अमन कुमार ने जिला स्तरीय साइकलिंग प्रतियोगिता में जिला भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कमालपुर स्थित सहदेव उच्च विद्यालय के छात्र विक्की कुमार ने थ्रो बॉल में जिला स्तर पर दूसरा स्थान व सिमुआरा स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के छात्र पीयूष कुमार ने लंबी कूद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। शिक्षा विभाग द्वारा साइकलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अमन को पच्चीस सौ रुपये, थ्रो बॉल में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विक्की कुमार को पंद्रह सौ रुपये व लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार को एक हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

# वैश्य समाज केवल समर्थन तक सीमित न रहे : राजू वर्णवाल

## समाज को नकारात्मक राजनीति से उपर उठकर विकास और सहयोग की राह अपनाना चाहिए: संजू साव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** वैश्य समाज को संगठित करने और उन्हें सकारात्मक राजनीति की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से गया जी के गांधी मैदान में वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें वैश्य समाज के हजारों से भी ज्यादा लोगों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों के सम्मेलन का संचालन राजू वर्णवाल, संजू साव ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में शिव कैलाश डालमिया रहे।

राजू वर्णवाल एवं संजू साव द्वारा शिव कैलाश डालमिया का स्वागत किया गया है। संजू साव के द्वारा शिव कैलाश डालमिया को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी मंचासिन अध्यक्ष और वैश्य समाज के प्रमुख लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासभा के आनंद कुमार, सुंदर साहू। कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना कैलाश डालमिया, मंच का संचालनकर्ता बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल, संजू साव, संतोष प्रसाद गुप्ता, संजय भदानी, रणधीर केसरी, लालजी प्रसाद सहित सैकड़ों सम्मानित प्रतिनिधि गणों की उपस्थिति रही। वैश्य समाज के लोगों को संबोधन कर्ता में शंभु प्रसाद गुप्ता पाईबिगहा, सोनू साव मोहड़ा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजू देवी ने कहा कि हम लोग दूसरों को जिताते हैं, लेकिन कोई मान-सम्मान नहीं मिल पाता है, इसलिए वैश्य समाज को जिताने का काम करेंगे। वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में अशोक स्वर्णकार, रूपेश कुमार वर्मा, नीरज कुमार वर्मा, रवि भदानी, राजू कुमार गुप्ता, अरुण कुमार, गया महिला रौनियार समाज की महिला, राहुल महाजन, राजेश मस्तान, रूपेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, विक्की बरनवाल, वीणा कुमारी, लक्ष्मी देवी, पवन बरनवाल, उत्कर्ष सेठ, भोला साव, बैजू प्रसाद, नागेंद्र लोहानी, अनिल अनल, अरविंद, अनिल गुप्ता, शिवकुमार स्पंदन सहित सम्मानित सैकड़ों पदाधिकारी गणों एवं हजारों की संख्या में मौजूद वैश्य परिवार के लोगों की मौजूदगी रही।

# ग्राम कचहरी तिनेरी में सरपंच की अध्यक्षता में विवादों का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम कचहरी तिनेरी में रविवार को सरपंच रूबी शाहीन की अध्यक्षता में पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु, उप सरपंच श्रृंगारी देवी, पंच, न्याय सचिव, न्याय मित्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। बैठक का मुख्य एजेंडा आपसी विवादों का समाधान करना था। वाद संख्या 5/23 में कमलेश पाठक बनाम वीरेंद्र राम मामले का निर्णय सुनाया गया। वहीं, वाद संख्या 4/25 पुण्यदेव यादव बनाम सुरेंद्र यादव को समझौते हेतु रखा गया।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय , नगर पंचायत, नवीनगर औरंगाबाद**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 08 / 2025–26 (E.T)

(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक **21.08.2025**
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि / समय :– दिनांक **29.08.2025 को 02:00** बजे अप्रा0 से
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि :– दिनांक **29.08.2025 को 12:00** बजे अप्रा0 में स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, के सभागार में
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि / समय :– दिनांक **04.09.2025 को 03.00** बजे अपा0 तक
6. तकनिकी एवं वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक **06.09.2025 को 11.00** बजे पूर्वा0 के बाद
7. **निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे** – सभी शपथ पत्र (मूल में), Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति / ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में), परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा ।
8. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड सं0 – 01 में रंगा बिगहा , मुटुर बिगहा , देवराज बिगहा एवं जयनगरा तथा वार्ड सं0– 03 में जनकपुर मोड़ एवं बसंत दास के घर के पास नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4775138.00 | 95600.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 02 | वार्ड सं0 – 02 में रमजान बिगहा तथा वार्ड सं0 – 10 में पंडा मुहल्ला एवं कुम्हार टोली तथा वार्ड सं0 – 11 में मुरली बेलाई एवं सत्यनारायण सिंह के घर के पास (कोसडिहरा) तथा वार्ड सं0 – 12 में भवानोखाप में नल –जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4315289.00 | 86400.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 03 | वार्ड सं0 – 04 में पाल भवन के पास एवं मध्य विद्यालय के पास तथा वार्ड सं0 – 05 में रामनगर , गुर्दी , कुर्मी पोखरा , जनकपुर पोखरा एवं खरौंधा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4627081.00 | 92600.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 04 | वार्ड सं0 – 06 में शंकरपुर देवी मंदिर के पास एवं महिप बिगहा तथा वार्ड सं0 – 07 में पुरानी पी0एन0बी0 के पास तथा वार्ड सं0– 08 में केदार सेठ के घर के पास तथा वार्ड सं0 – 09 में मंगल बाजार एवं मंसुरी मुहल्ला अम्बेडकर नगर में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4934836.00 | 98700.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 05 | वार्ड सं0– 13 में अनन्दुआॅ एवं शिवाबिगहा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य। | 2378896.00 | 47600.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 06 | वार्ड सं0 – 14 में शिवराजपुर , जोबे एवं जोबे बिगहा पर नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 3064918.00 | 61300.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |

**Note :-** Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in/

7. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** अथवा **www.prdbihar.gov.in** में देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 012410 (B&C) 2025-26**

**कार्यपालक पदाधिकारी**
नगर पंचायत नवीनगर

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने की प्रेस वार्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के द्वारा गया जी परिसदन में रविवार को एक प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए कहा ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गया जी में आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। 22 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री गयाजी में 13900 करोड़ की योजनाओं का लाभ गया जी को देकर विकसित बिहार की विकसित गयाजी की नींव रखी। वह विकास की किरण जो 2005 से निरंतर एनडीए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में निरंतर काम हो रहा है। विश्व के मानचित्र पर भगवान बुद्ध के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया गया और शांति का संदेश दिया विश्व के मानचित्र पर और विकास कैसे हो इसके लिए प्रधानमंत्री के द्वारा निरंतर गया जी में प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं बिहार के जनता से अपील करना चाहता हूं इनके बातों में आकर बिहार का भविष्य अपने बच्चों का भविष्य बर्बाद ना करें इनका दूर से प्रणाम करें एक साफ सुथरा विकसित बिहार 2032 तक बनाएं समृद्ध देश विकसित देश 2047 तक बनाएं यह वोट लुटेरा और बूथ लुटेरा दोनों से सावधान रहे।

# फरार वारंटी को छापेमारी कर किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार उक्त वारंटी न्यायालय से जारी वारंट का पालन नहीं कर रहा था और काफी समय से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजेंद्र दास, निवासी कोंच डिह, थाना कोंच, जिला-गया के रूप में हुई है। राजेंद्र दास के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने गांव कोंच डिह में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी की और उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधि-व्यवस्था के तहत उसकी कोविड जांच कराई। इसके बाद उसे आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## एक ही रात में दो गांवों में चोरी

**कोंच।** थाना क्षेत्र में चोरों ने दो गांवों को निशाना बनाया। इटवां और कनौसी गांव में चोरों ने एक ही रात में वारदात को अंजाम दिया। इटवां गांव में नरेश यादव के घर चोर छत के रास्ते घुसे। उन्होंने छोटी बहू की अलमारी और बक्से को तोड़कर नकद और कीमती सामान चुरा लिया। परिवार को रविवार सुबह 6 बजे चोरी का पता चला।

# पाले नदी में डूबकर 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत अंतर्गत तेलबिगहा निवासी 48 वर्षीय साधु मांझी की मौत रविवार की सुबह पाले नदी में डूबने से हो गई। मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया एवं परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल हो गया। जिप सदस्य छोटू दास एवं सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि यह व्यक्ति किसी काम से नदी के तरफ गया था, संभवतः उसका पैर फिसला और नदी के गहरे गड्ढे में चला गया होगा। उसे डूबता देख अन्य लोगों ने शोर मचाया और उसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीण उसके शव को लेकर गांव आये जहां पुलिस ने आकर जायजा लेते हुए जरूरी कार्रवाई की।

# आत्महत्या के प्रयास में युवक ट्रेन से टकरा हुआ घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** गया-किउल रेलखंड पर वजीरगंज-घुरियावां रेलवे फाटक के पास रविवार को एक युवक ट्रेन से टकराकर घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस से इलाज के लिये अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एएनएमसीएच गया रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि युवक की पहचान खिरियावां गांव निवासी 35 वर्षीय प्रहलाद मांझी के रूप में की गई है। वह आत्महत्या के प्रयास में ट्रेन की चपेट में आया है। फिलहाल उसके परिजनों ने पुलिस को कोई आवेदन या बयान नहीं दिया है। बयान मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग ने जीविका दीदियों के बीच वितरित किए पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए वन विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। इसके लिए अलग-अलग कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन्हीं में से एक जल-जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत कृषि रोडमैप में निर्धारित 4 लाख 99 हजार फलदार एवं काष्ठ प्रजातियों के पौधे वन विभाग द्वारा जिले के 24 प्रखंडों में जीविका दीदियों को वितरित किए जा रहे हैं। नियमित रूप से अलग-अलग प्रजाति के पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन पौधों के रोपण से न केवल जिला गयाजी का हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका सशक्त होगी। इस कार्य में जीविका दीदियों की भूमिका सराहनीय है। गया वन प्रमंडल के अंतर्गत स्थित कुल 19 नर्सरियों के माध्यम से पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। शुक्रवार को अनेक जगहों पर जीविका दीदियों को पौधे दिये गये। इस योजना के तहत अब तक करीब 4 लाख पौधों का वितरण किया जा चुका है। जंगल क्षेत्र से सटे सीमावर्ती गांव (फ्रिंज विलेज) में भी पौधा देकर हरित आवरण बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पीछे का मकसद यह है कि पहाड़ी और जंगल इलाके से सटे वैसे गांव जहां के मजदूर अक्सर जंगल में जाकर पेड़ काटते हैं, उन्हें ऐसा करने से रोकने और वन के महत्व को समझाते हुए उन्हें मुफ्त में पौधे दिये जाते हैं। वह अपने आसपास पौधा लगाकर अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। फ्रिज विलेज में 24000 पौधा वितरण का लक्ष्य है। गुरपा, फतेहपुर, वजीरगंज इलाके के ग्रामीण क्षेत्रों में इसके तहत पौधे दिये जा रहे हैं। वहीं इस संबंध में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी शशिकांत कुमार ने कहा कि जिले में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए जीविका दीदियों को पौधा दिया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पर रही नौ नर्सरियों से इन्हें पौधे दिये जा रहे है। इसके अलावा किसानों के लिए कृषि वानिकी जैसी हितकारी योजना चलाई जा रही है। इसमें प्रोत्साहन का लाभ भी नियमानुसार देय है। किसान अपनी निजी जमीन पर पौधा रोपण कर लाभ ले सकते हैं। वन विभाग ने किसानों की समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री कृषि वानिकी योजना योजना चला रही है। इस योजना से पौधा लगाने के बाद यदि उसे अगले तीन साल तक जीवित रखा जाता है तो विभाग उस किसान को 70 रुपये प्रोत्साहन के रूप में प्रति पौधा दे रहा है जब आप पौधा लेंगे तो उस समय प्रति पौधा के हिसाब से 10 रुपये देने होंगे।लेकिन तीन साल बाद उसे दस रुपये को वापस करने के साथ ही विभाग 60 रुपये और अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में देगा।

संपादकीय

# शुद्धिकरण या विपक्ष की नसबंदी ?

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकभसा में जो 130वां संशोधन बिल प्रस्तुत किया, उस पर हंगामा होना ही था। मोदी सरकार इसे राजनीति को भ्रष्टाचार के मुक्त करने का कानूनी प्रयास बता रही है तो विपक्ष का सीधा आरोप है कि यह विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने तथा उन्हें सत्ता से बेदखल करने की नीयत से लाया गया कानून है। इसका दुरूपयोग होने की संभावना ही ज्यादा दिख रही है। हालांकि सरकार का कहना है कि इस कानून से वो ही डरेंगे, जो भ्रष्ट हैं। संसद के दोनों सदनों में इस बिल पर विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया। एक सदस्य ने तो बिल के टुकड़े कर अमित शाह पर ही उछाल दिए। विपक्ष का यह भी कहना था कि बिल संविधान की भावना के विपरीत और जनादेश को अपमानित करने वाला है। लोकसभा में यह बिल प्रस्तुत करते हुए बिल के प्रावधानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिल के अनुसार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज होता है और वह तीस दिन जेल में रहता है, तो स्वतः मंत्री पद से हट जाएगा। इस बिल का कांग्रेस, टीएमसी, राजद के साथ ही एआईएमआईएम ने भी कड़ा विरोध किया है।

विपक्षी दलों ने कहा कि मोदी सरकार वन मैन, वन पार्टी लागू करना चाहती है। ये बिल पास हो गया, तो लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो जाएगा। कहने को पीएम, सीएम सब पर लागू होगा, लेकिन ईडी और सीबीआई के अधिकारी, जिन्हें अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी ही चुनते हैं, वे उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने या उन्हें गिरफ्तार करने की कभी हिम्मत ही नहीं कर सकते। जाहिर है विपक्ष शासित राज्यों को गुलाम बनाने या उन्हें सत्ता से बाहर करने का यह जरिया बन जाएगा। टीएमसी की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस कानून का पुरजोर विरोध होगा तथा इसे किसी भी कीमत पर पारित नहीं होने दिया जाएगा। देश में अब तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री के गिरफ्तार होने या जेल जाने पर इस्तीफा देने का कोई स्पष्ट नियम नहीं था। अरविंद केजरीवाल 156 दिन तिहाड़ जेल में रहते हुए भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे। झारखंड के हेमंत सोरेन भी सीएम रहते जेल गए। तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी जेल में रहते हुए भी अपने पद पर बने रहे। सेंथिल को तो सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ही इस्तीफा देना पड़ा था। विपक्ष का आरोपों को नकारते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जनता का भरोसा कायम रखना लोकतंत्र की आत्मा है। मंत्री पद पर बैठा व्यक्ति अगर संदेह के घेरे में है, तो उसे पद छोड़ना ही चाहिए। यह प्रक्रिया स्वतः लागू होगी। अगर मंत्री कोर्ट से बरी हो जाता है, तो दोबारा पद पर लौट सकता है। हालांकि यह संविधान संशोधन बिल है, ऐसे में इसे पारित कराना आसान नहीं होगा। एक संभावना यह भी बन रही है कि अगर विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति में शामिल होता है और उसके सुझावों को सरकार मान लेती है, जिसमें यह कहा जा सकता है कि न्यायिक हिरासत की बजाय सजा होने पर ही इस्तीफे को अनिवार्य बनाया जाए, तब संभावना बन सकती है कि विपक्षी दल उसका समर्थन करें। जेल वाली बात पर तो कोई सहमत नहीं होगा। विपक्ष की यह चिंता जायज है कि चूंकि केन्द्र में भाजपानीत सरकार बैठी है, इसलिए जांच एजेंसियों पर उसी का नियंत्रण है। ईडी, सीबीआई किसी के भी खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज सकते हैं। यानी सवाल नीयत का है। सरकार कितनी भी सफाई दे, विपक्ष का उस पर सहमत होना कठिन है।

# इस अशोभनीय स्थिति का अंत हो तो कैसे

**यह अभूतपूर्व अशोभनीय और अनेक अर्थों में अस्वीकार्य व आपत्तिजनक स्थिति है। देश के कुछ नेता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग के विरुद्ध संसद से सड़क तक अभियान चलाएं इसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। अगर आईएनडीआईए सांसदों की बैठक में चुनाव आयोग के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव जैसा प्रस्ताव लाने की बात उठी तो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में इससे डरावनी स्थिति कुछ हो ही नहीं सकती। हालांकि इस सत्र का अवसान हो रहा है और इसमें प्रस्ताव आ नहीं सकता। दूसरे, प्रस्ताव आया भी तो सदस्य संख्या के हिसाब से यह गिर जाएगा। किंतु इस पर विचार होना ही अंदर से हिला देने वाला है।**

**अवधेश कुमार**

चुनाव आयोग ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट बोला है कि या तो जो आरोप लगा रहे हैं उसका प्रमाण दें नहीं तो क्षमा मांगे। दूसरी ओर बिहार में वोट अधिकार यात्रा के नाम से यात्रा कर रहे राहुल गांधी ने सासाराम में यात्रा आरंभ करते हुए कहा कि न हम चुनाव आयोग से डरने वाले हैं और न तेजस्वी यादव। राहुल गांधी और उनके रणनीतिकारों - सलाहकारों तथा इनके पिछले लंबे समय से चुनाव आयोग और संपूर्ण चुनाव प्रणाली की साख पर चोट करने के लगातार अभियानों पर दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि उनकी ऐसी ही प्रतिक्रिया आती रहेगी। चुनाव आयोग द्वारा पहले अपने आरोपों पर शपथ पत्र मांगने के विरुद्ध उनकी प्रतिक्रिया थी कि मुझे शपथ पत्र देने की आवश्यकता नहीं। उन्होंने यह तर्क दे दिया कि मैंने संविधान की शपथ लिया है तो उससे बड़ा शपथ क्या हो सकता है। साफ है कि जब वह बार-बार चुनाव आयोग को भाजपा का एजेंट बता रहे हो और आईएनडीआईए के घटकों से उन्हें समर्थन भी मिल रहा हो तो वे क्यों पीछे हटेंगे? भारतीय राजनीति में संवैधानिक संस्थाओं के प्रति गरिमा और मर्यादा का भाव होता तो चुनाव आयोग के विरुद्ध इस तरह की भाषा प्रयोग नहीं की जाती।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर सबसे बडा हमला करते हुए अपने 1 घंटे 11 मिनट के वक्तव्य में 21 पृष्ठों के पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से साबित करने की कोशिश की कि चुनाव आयोग भाजपा की मदद करने के लिए मतदाता सूची में जबरदस्त गड़बड़ी करता है और जहां भाजपा को चुनाव में पराजित होना चाहिए वहां मतदाताओं की फर्जी संख्या के आधार पर जीत दिला देता है। चुनाव आयोग के विरुद्ध नई लड़ाई का आरंभ उन्होंने बिहार में 17 अगस्त से 2 सितंबर तक की वोट अधिकार यात्रा से कर दिया। इसका फोकस ही चुनाव आयोग और उसके द्वारा आरंभ एसाईआर यानी विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान है। राहुल गांधी का पूरा अभियान सुनियोजित है। कांग्रेस पार्टी द्वारा एक वेब पोर्टल बनाकर लोगों से कहा गया है कि कि चोरी के वीरुद्ध जवाब दें तथा डिजिटल मतदाता सूची के मांग का समर्थन करें। कहने का तात्पर्य कि लंबी तैयारी से कांग्रेस पार्टी ने इसे आरंभ किया है। चूंकि इस तरह कभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को चुनाव आयोग के विरुद्ध आरोप लगाते और अभियान छेड़ते नहीं देखा गया इसलिए यह निष्कर्ष निकालना कठिन है कि आखिर इसका परिणाम क्या आएगा? इसका अंत कैसे होगा? इसका अंत होगा या नहीं?




आखिर चुनाव आयोग क्या करे? राहुल गांधी ने कर्नाटक के मध्य बेंगलुरु संसदीय क्षेत्र के महादेवपूरा विधानसभा का अपने दृष्टि से आंकड़ा दिया उस पर पहले ही कर्नाटक चुनाव आयोग का स्पष्टीकरण आ चुका है। उन्होंने पांच विधानसभा में जीतने और एक में भाजपा के वोट बढ़ जाने से पराजय को चुनाव आयोग की चोरी बता दिया। उनके अनुसार दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर 32,707 था लेकिन महादेवपुरा की गणना में अंतर 1,14,046 का रहा। तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों जगह भाजपा की बढ़त के लिए चुनाव आयोग को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। पहले कर्नाटक चुनाव आयोग ने एक महिला मतदाता शकुन रानी द्वारा दो बार वोट डालने के आरोपों का खंडन करते हुए बताया कि आपने जो दस्तावेज दिए उसको मतदान अधिकारी के हस्ताक्षर वाले नहीं थे, आपको कहां से यह जानकारी मिली बताएं? अन्य मतदाता भी सामने आए तथा बताया कि वह उन्होंने एक ही जगह वोट डाला है। राहुल गांधी ने इसका कोई उत्तर नहीं दिया। उनको उत्तर देना भी नहीं है। उनको पता है कि महाराष्ट्र के धुले लोकसभा सीट पर। भाजपा भी पांच विधानसभा में आगे थी लेकिन मालेगांव सेंट्रल में कांग्रेस को 1 लाख 94000 वोट आ गए और वह जीत गई। राहुल गांधी इन तथ्यों से अप्रभावित होकर चुनाव आयोग के विरुद्ध अपने अभियान पर कायम हैं। उनके पहले के आरोपों पर भी चुनाव आयोग ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उत्तर दिया। एक संवैधानिक संस्था की सीमाएं होती है और वह यही कर सकता था। चुनाव आयोग ने वक्तव्य जारी किया कि आप फर्जी मतदाताओं का आरोप लग रहे हैं तो नियम के अनुसार शपथ पत्र दीजिए ताकि निर्धारित प्रक्रिया से जांच की जाए। आयोग ने नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया तो राहुल गांधी सारे विपक्षी सांसदों को लेकर जाने लगे। यह क्या है? चुनाव आयोग के पास कोई विकल्प बचा नहीं था तभी उसे पत्रकार वार्ता आयोजित कर उत्तर देना पड़ा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक-एक प्रश्न का उत्तर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी मतदाता का नाम दो जगह होने का अर्थ नहीं है कि उसने दोनों जगह मतदान किया ही। इसका अर्थ था कि मतदाता सूची बनाने वालों से कई बार गलतियां हो सकती हैं। यह सच है। अपवादस्वरूप पूरे देश में ऐसे मतदाता होंगे जिनके नाम दो स्थानों पर हो सकते हैं। एक जगह पहले नाम रहा हो और उन्होंने वह जगह छोड़ने के बाद दूसरी जगह भी मतदाता के नाते पंजीकरण कराया हो और पहले वाले को रद्द नहीं कराया हो। कुछ लोग ऐसे भी हो सकते हैं जो अवसर मिलने पर दोनों जगह मतदान कर दें। किंतु चुनाव आयोग जानबूझकर योजनापूर्वक ऐसा कर रहा है और वह भी केवल भाजपा का वोट बढ़ाने के लिए यह आरोप भयानक है। अगर चुनाव आयोग किसी पार्टी के पक्ष में है तो हमारी पूरी चुनाव प्रणाली ही पतित है और इसका अंत होना चाहिए। बिना जन आधार के भाजपा चुनाव आयोग द्वारा भ्रष्ट प्रणाली से सत्ता प्राप्त कर रही है तो शासन पर उसकी नैतिक अधिकारही समाप्त हो जाता है। इस तरह यह जघन्य आरोप है। इससे हमारी पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली है की साख ही प्रश्नों के घेरे में आ जाती है।

इस दृष्टि से देखें तो राहुल गांधी और उनके सुर में ताल मिलाते विपक्ष के इस अभियान की भयानक गंभीरता समझ में आती है। कहा जा रहा है कि आरोप चुनाव आयोग पर है और जवाब भाजपा दे रही है। चुनाव आयोग भी जवाब दे रहा है। गहराई से देखें तो केंद्रीय सत्ता में होने के कारण आरोप भाजपा पर ही है। आखिर चुनाव आयोग ऐसा कर रहा है तो उसके पीछे कुछ लालच या फिर सत्ता का दबाव ही हो सकता है। यानी भाजपा सत्ता पर कब्जा करने के लिए चुनाव आयोग में शीर्ष से नीचे तक ऐसे लोगों की नियुक्तियां करता है जो उनके लिए ही काम करें और न करने वालों के विरुद्ध परोक्ष तरीके से कदम उठाता है। किसी पार्टी पर यह आरोप लगाए कि उसकी सत्ता तो केवल चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी करने या लूटने के कारण है तो वह उत्तर देगा या नहीं? दूसरे , सरकार मानती है कि सारे आरोप आधारहीन एवं गलत इरादे से लगाए जा रहे हैं तो उसका स्वाभाविक दायित्व संवैधानिक संस्थाओं पर लगने वाले आरोपों के विरुद्ध खड़ा होना तथा इसका अंतिम सीमा तक खंडन करना है। सत्तासीन पार्टी या घटक द्वारा ऐसा न करने का अर्थ सारे आरोपों को मौन रहकर स्वीकार करना माना जाएगा। चुनाव चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट नहीं है कि वह अपनी ओर से संज्ञान लेकर मुकदमा शुरू कर दे और सजा भी दे दे। लेकिन आरोप लगाना और खंडन करना भी अंतहीन नहीं हो सकता। प्रश्न यही है कि आखिर इस अशोभनीय स्थिति का अंत कैसे हो? उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियां भी राहुल गांधी एवं विपक्ष को नहीं रोक पा रही। इसलिए स्थिति ज्यादा विकेट है।

अध्यात्म

## सभी के कर्म एक समान नहीं हैं

एक बार एक शिव भक्त धनिक शिवालय जाता है। पैरों में महँगे और नये जूते होने पर सोचता है कि क्या करूँ? यदि बाहर उतार कर जाता हूँ तो कोई उठा न ले जाये और अंदर पूजा में मन भी नहीं लगेगा। सारा ध्यान् जूतों पर ही रहेगा। उसे बाहर एक भिखारी बैठा दिखाई देता है। वह धनिक भिखारी से कहता है~ भाई मेरे जूतों का ध्यान रखोगे? जब तक मैं पूजा करके वापस न आ जाऊँ भिखारी~ हाँ कर देता है। अंदर पूजा करते समय धनिक सोचता है कि ÷हे प्रभु! आपने यह कैसा असंतुलित संसार बनाया है? किसी को इतना धन दिया है कि वह पैरों तक में महँगे जूते पहनता है तो किसी को अपना पेट भरने के लिये भीख तक माँगनी पड़ती है! कितना अच्छा हो कि सभी एक समान हो जायें।÷ वह धनिक निश्चय करता है कि वह बाहर आकर भिखारी को 100 का एक नोट देगा।

बाहर आकर वह धनिक देखता है कि वहाँ न तो वह भिखारी है और न ही उसके जूते ही। धनिक ठगा सा रह जाता है। वह कुछ देर भिखारी का इंतजार करता है कि शायद भिखारी किसी काम से कहीं चला गया हो। पर वह नहीं आया। धनिक दुखी मन से नंगे पैर घर के लिये चल देता है। रास्ते में फुटपाथ पर देखता है कि एक आदमी जूते चप्पल बेच रहा है। धनिक चप्पल खरीदने के उद्देश्य से वहाँ पहुँचता है, पर क्या देखता है कि उसके जूते भी वहाँ रखे हैं। जब धनिक दबाव डालकर उससे जूतों के बारे में पूछता हो वह आदमी बताता है कि एक भिखारी उन जूतों को 100 रु. में बेच गया है। धनिक वहीं खड़े होकर कुछ सोचता है और मुस्कराते हुये नंगे पैर ही घर के लिये चल देता है। उस दिन धनिक को उसके सवालों के जवाब मिल गये थे। समाज में कभी एकरूपता नहीं आ सकती, क्योंकि हमारे कर्म कभी भी एक समान नहीं हो सकते। और जिस दिन ऐसा हो गया उस दिन समाज-संसार की सारी विषमतायें समाप्त हो जायेंगी। ईश्वर ने हर एक मनुष्य के भाग्य में लिख दिया है कि किसको कब और क्या और कहाँ मिलेगा। पर यह नहीं लिखा होता है कि वह कैसे मिलेगा। यह हमारे कर्म तय करते हैं। जैसे कि भिखारी के लिये उस दिन तय था कि उसे 100 रु. मिलेंगे, पर कैसे मिलेंगे यह उस भिखारी ने तय किया। हमारे कर्म ही हमारा भाग्य, यश, अपयश, लाभ, हानि, जय, पराजय, दुःख, शोक, लोक, परलोक तय करते हैं। हम इसके लिये ईश्वर को दोषी नहीं ठहरा सकते हैं।

# मनोरंजन, रोजगार और जिम्मेदारी में संतुलन की तलाश

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

यह बिल स्पष्ट रूप से कहता है कि कोई भी वास्तविक धन पर आधारित गेमिंग या ऑनलाइन सट्टेबाज़ी प्रतिबंधित होगी। इसके साथ ही ऐसे खेलों के विज्ञापन, प्रचार और वित्तीय लेन-देन पर भी रोक लगाने का प्रावधान है। इसका सीधा मतलब है कि बैंक और वित्तीय संस्थान किसी भी रूप में ऐसे खेलों से जुड़े लेन-देन को प्रोसेस नहीं करेंगे। इस प्रावधान से सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पैसे के लालच में जुए जैसी प्रवृत्तियाँ समाज में न फैलें।

परंतु इस बिल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ई-स्पोर्ट्स और कौशल-आधारित गैर-आर्थिक गेमिंग को बढ़ावा देता है। सरकार ने साफ किया है कि उसे खेल के रूप में ई-स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करना है। आने वाले समय में 'नेशनल ई-स्पोर्ट्स अथॉरिटी' जैसी संस्था की स्थापना की जा सकती है, जो ई-स्पोर्ट्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधि बनाने की दिशा में काम करेगी। यह कदम न केवल डिजिटल खेलों को वैधता देगा बल्कि उन लाखों युवाओं को भी अवसर देगा जो गेमिंग को कैरियर बनाना चाहते हैं।

इस बिल का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (स्न्नढ्डह्लङ्घ) को केंद्रीय नियामक की भूमिका सौंपी गई है। मंत्रालय को यह अधिकार होगा कि वह गैर-पंजीकृत या अवैध गेमिंग प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर सके। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी और अवैध गतिविधियों से बचाने के उद्देश्य से की गई है। भारत में अब तक ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नियम अलग-अलग राज्यों में अलग थे। कहीं इसे वैध माना गया तो कहीं प्रतिबंधित। ऐसे में एक राष्ट्रीय स्तर की रूपरेखा बनाना समय की मांग थी।

यह बिल केवल नियम-कानून का दस्तावेज़ नहीं है बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं। पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि ऑनलाइन बेटिंग और वास्तविक धन से जुड़े खेलों की लत ने कई युवाओं की ज़िंदगियाँ बर्बाद कर दी हैं। कई मामलों में लोगों ने कर्ज़ लेकर खेला और परिवार तबाह हो गए। बच्चों में भी मोबाइल गेम्स की लत मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही है। सरकार को यह भी एहसास है कि इस समस्या को रोकना उतना ही ज़रूरी है जितना मादक पदार्थों की लत को रोकना। कई विशेषज्ञों ने तो इसे नशे से भी खतरनाक बताया है क्योंकि यह बिना किसी भौतिक पदार्थ के सीधे दिमाग़ पर नियंत्रण कर लेती है। हालाँकि उद्योग जगत का पक्ष बिल्कुल अलग है। गेमिंग इंडस्ट्री का कहना है कि इस बिल से लगभग दो लाख नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है और सरकार को हर साल मिलने वाले बीस हज़ार करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व पर भी असर पड़ सकता है। 'ड्रीम11', 'गेम्स24×7', 'विन्ज़ो' जैसी कंपनियाँ लंबे समय से करोड़ों रुपये का कारोबार कर रही हैं। उनका कहना है कि यदि घरेलू प्लेटफॉर्म को पूरी तरह रोक दिया गया तो उपयोगकर्ता विदेशी और ऑफशोर प्लेटफॉर्म की ओर रुख करेंगे।

47 वीं पुण्य तिथि पर विशेष

# सामाजिक सरोकार के प्रतीक : बनवारी लाल जोशी छैला जी

**पुष्पांकर गुप्ता**

कुछ लोगों को हम भूलने की कोशिश करें तो भी भूल नहीं पाते। वे लोगों के दिलों में सदियों तक जिंदा रहते है। भूलने योग्य नहीं होते है। जिनके किए सामाजिक सरोकार के काम और मृदु स्वभाव की साढ़े चार दशक से ज्यादा बाद भी लोग चर्चा करें, वह निश्चित तौर पर शख्स नहीं शख्शियत थे। वाकई जो समाज के लिए कुछ कर जाते है उन्हें सदियों तक पीढियां याद करती है। आज समाज के एक ऐसे पुरोधा को हम याद कर रहे है जो 47 साल पहले अगस्त 1978 को गोलकवासी हो गए थे। मात्र 52 साल की उम्र में । वे आज होते तो 99 साल के होते। मगर आज भी हम उन्हें भूल नहीं पा रहे है। जबकि उनकी उम्र की पीढ़ी करीब - करीब खत्म हो चुकी है। और नई की भी नई पौध आ गई है। मगर कला , संस्कृति और सभ्यता की उनके अंदर बहती त्रिवेणी आज भी जागृत है। और हमें कुछ न कुछ सीखा रही है। उस शख्स का नाम है बनवारी लाल जोशी । प्यार से लोग उन्हें छैला जी के नाम से भी पुकारते थे। और आज भी युवाओं की जुबान पर श्रद्धा के साथ यही नाम आता है।

स्थापित पत्रकार के साथ गीतकार, कवि, रंगमंच के नाटककार, व्यंग्यकार जैसी अनेक विधाओं के धनी छैला जी को बिहार ही नहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी याद किया जाता है। दिल्ली के मावलंकर हाल के मंच से जब उन्होंने ÷ ÷ पिता अठारह बच्चों का हूं--------।÷ व्यंग कविता का पाठ किया तो तालियों की गड़गड़ाहट से हाल गूंज उठा था । उनकी कविता की तारीफ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर और बाल कवि बैरागी ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया था। यह गर्व की बात थी। महावीर जयंती पर उनके द्वारा रचित और निर्देशित नाटक धणी लुगाई और इंसान की आवाज को लोग आज भी नहीं भूल पाए है। बल्कि दिगम्बर जैन मंदिर में आज भी उनके लिखे गीत बतौर भगवान महाबीर की आरती के तौर पर गाई जाती है। राधाकृष्ण सहाय के निर्देशन में सीएमएस स्कूल के मैदान में खेला गया नाटक ÷ वो कौन ÷ के सहायक निदेशक छैला जी ही थे।

जिनने देखा है उनमें कोलकता बस चुके रामगोपाल शर्मा याद कर बताते है कि इंसान की आवाज नाटक के निर्देशन के दौरान नायक धर्मचंद जैन और खलनायक जीवनमल शर्मा को एक सीन समझा रहे थे। यकायक रिहर्सल देखनेवाले चौंक गए। जब छैला जी ने एकदम अपने तेवर से अलग अंदाज में संवाद पढा। सभी हतप्रभ थे कि इतना नाजुक मिजाजी आदमी और उसके ऐसे तेवर--। वे वाकई खुश मिजाज और जिंदा दिल इंसान थे। जिनका जीवन उतार-चढ़ाव से ओत-प्रोत था। लेकिन उनके संघर्ष में एक रवानगी थी। वे रसिया थे गीतों का, लोक संस्कति का, नाटकों का। उतना ही वे सामाजिक थे।

सामाजिकता ऐसी कि किसी की बेटी की शादी हो या किसी का श्राद्ध वे हमेशा उनके लिए अपने बूते के मुताबिक सहारा ही नहीं लगाते बल्कि खड़े रहते। बनवारी लाल जोशी उस वक्त के स्थापित पत्रकार थे। जब गिने चुने लोग इस पेशे को अपनाते थे। उन्होंने नवराष्ट, वीर अर्जुन , विश्व बंधु, विश्वमित्र, सन्मार्ग और नवभारत टाइम्स सरीखे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अखबारों में काम किया। सन्मार्ग और नवभारत टाइम्स से तो अंत तक जुड़े रहे। उस वक्त की पत्रकारिता सबसे ज्यादा संघर्षशील थी। और जोखिम से भरी थी। न साधन न सुविधा। फिर भी लेखनी की इज्जत असीम थी। जिसे पैसों से तौलना संभव नहीं था। परिवार को पालने के लिए वे एक पालने की तरह बिछे रहते थे। धनाढ्य तो नहीं थे। पर मन कुबेर के खजाने से कम नहीं था। बेटियां हो या बेटे उन्हें जेब खर्च के नाम पर संस्कार बांटे। जो आज फलीभूत हो रहे है। लेकिन उन्होंने ऐसे संस्कार किसी संतान को नहीं दिए जो मेजबान बनकर मेहमान का रोल करने लगे। ऐसा करने पर उनकी आत्मा कलप गई होगी। उनके बड़े बेटे गिरधारी लाल जोशी पिताजी की ही तरह आज भी भागलपुर शहर की मूल्यवान धरोहर है। उनके पौत्र शशिकांत जोशी डॉक्टर की एमडी पढ़ाई पूरी कर समाज सेवा में लग ख्याति प्राप्त कर रहे है। पौत्री स्वाति एमबीए, स्नेहा चार्टर्ड, और स्मिता दंत चिकित्सक की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बन चुकी है। यह उनका किया प्रालब्ध का पुण्य है।

पत्रकारिता का एक लंबा सफर तय कर वरिष्ठ पत्रकारों की सूची में गिरधारी जी सुमार है। बिहार डायरी में उनका नाम है। राष्टीय स्तर पर यह नाम पत्रकारिता में गर्व के साथ लिया जाता है। कभी-कभी गोष्ठियों में पधारने पर छैला जी के जाने के बाद गिरधारी जी ने उनके तमाम गमलों , फूल-पत्तियों को, बहनों और भाई को अनमोल मानकों की तरह संजोए रखा और अहसास कराया कि छैला अभी भी जीवित है। हम सबके मन में हम सबकी आत्मा में जबभी कोई आनंद की रमझोल होती है। लगता है छैला जी आसपास खड़े मुस्कुरा रहे है। उनकी कीर्ति , रोचक बातें , उनके गीत आज भी हमारे कानों में गूंज रही है। दिगम्बर जैन मंदिर के क्षेत्रीय सचिव सुनील जैन कहते है कि हमने संस्कार ही छैला जी से ही सीखा है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। परिवार में लोग आपकी बातों को अनसुना कर सकते हैं।

**वृषभ**
व्यवसाय में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। छोटे बच्चों को डाँटने के बजाय उन्हें समझायें।

**मिथुन**
अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। आयात-निर्यात वाले व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा। परिवार में आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में लोगों के मनोभावों को इग्नोर न करें। पति-पत्नी के बीच मीठी नोक-झोंक होने की सम्भावना है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह**
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से धन लाभ की सम्भावना है।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र की उलझनों को सुलझाने में मेहनत करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग से आपको काफी समर्थन मिलेगा। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेमभाव में वृद्धि होगी।

**तुला**
आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान करा सकते हैं। व्यापार में प्रभावशाली लोगों से आपके सम्पर्क मजबूत होंगे।

**वृश्चिक**
वैवाहिक सम्बन्धों में तनाव उत्पन्न होने की सम्भावना है। नये सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिये। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपका विरोध करने वाले लोगों की आलोचना हो सकती है। कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल सम्भावना है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें।

**मकर**
नया काम शुरू करने के लिये दिन अच्छा है। तीखा भोजन करने से बचें। आपके काम का श्रेय दूसरे लोग ले सकते हैं। पहले किये गये प्रयासों का उत्तम परिणाम मिलेगा।

**कुंभ**
आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे। सरकारी काम में बाधा आ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपेक्षानुकूल सहयोग नहीं मिल पायेगा।

**मीन**
व्यावसायिक अनुबन्ध करने से पहले दस्तावेजों को सम्भालकर रख लें। आप लोगों की सहायता के लिये तैयार रहेंगे। लेकिन लोग मौका पड़ने पर आपको धोखा दे सकते हैं।

# आइएमए ने किया सतत चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

## विभिन्न बीमारियों के संबंध में दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शनिवार को आईएमए भवन में एक वैज्ञानिक सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के साथ-साथ पटना से आए विशेषज्ञ डक्टरों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह एवं वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन डा. बिनय कुमार के नेतृत्व में किया गया। पहले सत्र में डा. बिनय कुमार ने साँप के काटने के लक्षण एवं उपचार पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि हाल की बाढ़ के कारण साँप के काटने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। जिससे इस विषय का महत्व और भी बढ़ गया है। इसके पश्चात पटना से आए डा. सुधीर कुमार ने सीओपीडी (फेफड़ों की बीमारी) एवं उसके उपचार पर अपने विचार रखे। तीसरे सत्र में प्रो डा. बीके चौधरी (पीएमसीएच, पटना) ने चेस्ट सीटी स्कैन द्वारा फेफड़ों की बीमारियों के निदान पर विस्तृत जानकारी दी। सभी सत्र अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहे। कार्यक्रम में 100 से अधिक चिकित्सक उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित चिकित्सकों में डा. एसबीपी सिंह, डा. एसबीपी शर्मा, डा. के.के सिंह, डा. दिनेश सिंह, डा. शंभु कुमार, डा. संजय कुमार, डा. आदित्य अशोक, डा. हरिगोविंद, डा. आर.सी. चौधरी आदि शामिल थे। वैज्ञानिक सत्र के उपरांत भव्य रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया।



# आवास योजना की तीसरी किस्त के लिए लाभुकों से मांगे जा रहे 20 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के हरिगांव पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों से आवास सहायक द्वारा रिश्वत वसूलने के मामला सामने आया है। पंचायत के पूर्व मुखिया नीरज कुमार सनी और कई लाभुकों ने मौजूदा आवास सहायक राकेश कुमार पर रिश्वत मांगने और मनमानी करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुखिया ने बताया कि वर्तमान आवास सहायक मुखिया के इशारे पर काम करता है और लाभार्थियों से योजना का लाभ दिलाने तथा किस्त की राशि खाते में भेजने के नाम पर मोटी रकम की डिमांड करता है। उन्होंने कहा कि आवास 2.0 के सर्वेक्षण के दौरान कई लाभुकों से नाम जुड़वाने के लिए 5 से 10 हजार रुपये लिए गए। दुल्हीनगंज वार्ड संख्या तीन के रहने वाली लाभार्थी पनपातो देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें योजना का पहला और दूसरा किस्त मिल चुका है तथा मकान भी पूरा कर लिया गया है, लेकिन तीसरी किस्त की राशि अब तक नहीं मिली। जब उन्होंने इसकी मांग की तो आवास सहायक ने उनसे सीधे 20 हजार रुपये की मांग कर डाली। वार्ड नंबर 3 के वार्ड सदस्य सुनील कुमार ने कहा कि आवास सहायक अपने रिश्तेदार के खाता के जरिए ऑनलाइन भुगतान करवाते हैं। पूर्व मुखिया नीरज कुमार सनी ने इस मामले में साक्ष्य के रूप में 5000 रुपये का ट्रांजैक्शन का स्क्रीनशॉट भी दिखाया। मामले जब जगदीशपुर बीडीओ क्रांति कुमार से पूछा गया की आवास योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेजने के नाम पर आवास सहायक द्वारा राशि देने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आता है व कोई शिकायत करता है तो अवश्य ही आवास सहायक पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को एनसीसी कैम्प निपानिया में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन 17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ओटीसी बरौनी में संपन्न हुआ। जिसमें सभी रैंक और कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। और एनसीसी की सेवा भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। शिविर में ब्रह्माकुमारीज, बेगूसराय तथा रोटरी क्लब अफ इंडिया (बेगूसराय चौप्टर) का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने रक्तदाताओं के समन्वय और चिकित्सकीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमांडिंग अफिसर कर्नल बी सत्यनारायण ने कैडेट्स की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा रक्तदान करूणा का एक सशक्त प्रतीक है। हमारे कैडेट्स ने फिर एक बार समाज सेवा की भावना को साकार किया है। कार्यक्रम का समापन सभी दाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर योगदान देने वाले कैडेट्स और स्टाफ को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।

### एआईएसएफ की बैठक संपन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल परिषद नावकोठी की बैठक ररिऔना हाई स्कूल में संपन्न हुई। अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष मनीष यादव एवं संचालन सन्नी कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा है कि नई शिक्षा नीति की वजह से हजारों बच्चों नामांकन से वंचित रह गए हैं। सरकार पूरी शिक्षा व्यवस्था को कारपोरेट्स घराने में बेचना चाह रही है। एआईएसएफ का इतिहास आजादी के पहले का इतिहास है। यह संगठन आजादी की लड़ाई लड़ी है। जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा है कि सितंबर में जिला सम्मलेन आयोजित होना है उससे पहले अंचल सम्मेलन भी होना निर्धारित है। इस पर रौशन, केशर रेहान, रितेश, राहुल, अजय, अमरजीत, विक्रम, हर्षवर्धन, शशि भूषण भुल्ला, मेराज, सुनील आदि मौजूद थे।

### स्मिता बनी महिला मोर्चा महामंत्री

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा बेगूसराय की महिला मोर्चा की टीम में वीरपुर के प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी की नामों की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस बात की जानकारी देते हुए जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के बेगुसराय संयोजक छोटे लाल सिंह ने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा बिहार प्रदेश की प्रदेश अध्यक्षा धर्मशिला गुप्ता एवं भाजपा के बेगुसराय जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा के निर्देशानुसार बेगुसराय बीजेपी के महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष ड रेखा कुमारी के द्वारा बेगुसराय जिला के महामंत्री पद के लिए स्मिता कुमारी के नाम की घोषणा की गई है। इसकी जानकारी मिलती ही दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने दो अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी विष्णुपुर के थाना कांड संख्या 37/21 का नावकोठी के रामनारायण सिंह का पुत्र विक्कू कुमार तथा डुमरिया के थाना कांड संख्या 148๔20 के राम प्रवेश यादव का पुत्र अशोक यादव है। दोनों नामजद लंबी अवधि से न्यायालय में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबे अंतराल से अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस अभियान में थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने क्षेत्र के हसनपुर बागर वार्ड संख्या 7 से बुधबार को एक बाइक चोरी हो गई।पीड़ित अर्जुन सहनी का पुत्र टुनटुन कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर छानबीन करने का अनुरोध किया है। उसने बताया कि बुधवार को हसनपुर बागर स्थित अमर सिंह बाबा स्थान पर अपनी बाइक संख्या बी आर 09एडी1659 दिन में लगाकर मछली पकड़ने बुढी गंडक नदी चला गया। मछली का शिकार करने के बाद करीब 9 रात्रि को वापस आया तो बाइक लगाये स्थान पर नहीं था। आसपास के लोगों से पूछताछ किया पर कोई अता पता नहीं लगा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने कांड संख्या 184/25 अंकित कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है।

### राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भास्कर बने प्रतियोगिता सचिव

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बिहार के गौरव, अंतरराष्ट्रीय रेफरी ड रजनीश भास्कर को कमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। यह प्रतिष्ठित चौंपियनशिप 25 अगस्त से 30 अगस्त तक वीर सावरकर स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित हो रही है जिसमें कमनवेल्थ के 28 देशों के सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन भारत सरकार के खेल मंत्री द्वारा गुजरात सरकार के खेल मंत्री की उपस्थिति में किया गया। जहां भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव, अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद जालूद और कई अन्य अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन का नेतृत्व भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष एवं कमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष सहदेव यादव और सबीना यादव कर रहे हैं। श्री के सुब्रमण्या को प्रतियोगिता निदेशक नियुक्त किया गया है।वहीं ड. भास्कर को प्रतियोगिता सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।ड भास्कर वर्तमान में बेगूसराय जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं बिहार वेटलिफ्टर्स एसोसिएशन की तकनीकी समिति के अध्यक्ष हैं। राजकिशोर सिंह ने कहा डा. रजनीश भास्कर की यह नियुक्ति हमारे जिले और प्रदेश के सभी खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने अथक परिश्रम और समर्पण से वेटलिफ्टिंग जगत में बेगूसराय का नाम रोशन किया है।

# श्री रानी सती दादी उत्सव में भजन संध्या आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी में भादो अमावस्या को श्री रानीसती दादी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में लोग दिनभर भक्ती के रस में सराबोर रहे। कार्यक्रम स्थल पर दादी जी का मनमोहक दरबार व छवि सजाया गया था। प्रातः सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुषों ने पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मंगल पाठ का आयोजन हुआ। उत्सव का आयोजन मारवाड़ी सम्मेलन की बखरी शाखा ने किया था। पश्चिम बंगाल से पधारे सिंगर आशीष शर्मा द्वारा संगीतमय मंगल पाठ का संचालन किया गया। इस क्रम में उन्होंने श्री रानी सती दादी की महिमा का गुणगान करते हुए उनके विभिन्न प्रसंगों की चर्चा की। दोपहर बाद के शानदार भजन संध्या में कलकत्ता की सुप्रसिद्ध गायिका नेहा गर्ग ने अपने प्यारे प्यारे भजनों से भक्तों को घंटों झुमाया और खूब तालियां बटोरीं। रहमत है मेरी भवानी की मुझ पर, तेरी चौखट पर, कितना प्यारा है श्रृंगार जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। झारखंड के सिंगर विकास कौशिक ने भी कई प्यारे प्यारे भजन प्रस्तुत किए। आयोजन के संयोजक अशोक तुलस्यान उर्फ ढप्पू जी तथा सचिव राजेश टमकोरिया ने कहा कि श्री रानीसती दादी कल्याणकारी बुद्धि प्रदान करती हैं तथा वे दुःख, दरिद्रता और भय हरने वाली देवी हैं। इस भव्य कार्यक्रम की सफलता में सुशील लोहारीवाल, उपाध्यक्ष अशोक तुलस्यान व अरुण टिबरेवाल, दीपक सुल्तानिया, प्रदीप नेमानी, अलका अग्रवाल, आशा बजाज, अमित सिंघानिया, कृष्ण मुरारी टिबरेवाल, सन्नी नेमानी, कुंजबिहारी अग्रवाल, अजय गोयनका, रणधीर तुलस्यान, रौनक पालड़ीवाल, सौरभ नेमानी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अध्यक्षता राजेश अग्रवाल ने की। समापन पर महिलाओं को उपहार भेंट किया गया जबकि रात्रि में महाप्रसाद का आयोजन हुआ।

# ऑपरेशन गंगा के नायक कुमार तुहिन ने छात्रों से की ऑनलाइन बातचीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर प्रखंड के भड़सरा स्थित पी एंड आर स्कूल में रविवार को एक विशेष वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें नीदरलैंड में भारत के राजदूत कुमार तुहिन ने छात्रों व शिक्षकों से सीधे ऑनलाइन बातचीत की।

कुमार तुहिन, जिन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय छात्रों व नागरिकों को सुरक्षित निकालने वाले अभियान 'ऑपरेशन गंगा' का नेतृत्व किया था, ने अपने संबोधन में अभियान की सफलता, भारत सरकार की रणनीति और सामूहिक प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भरता, शिक्षा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है और मेहनत व ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्र हर चुनौती को पार कर सकते हैं। संवाद के दौरान छात्रों ने विभिन्न सवाल पूछे जिनका राजदूत ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया और विदेश में भारत की बढ़ती छवि पर प्रकाश डाला। विद्यालय के डायरेक्टर रामजी पांडेय ने इस दिन को विद्यालय परिवार के लिए ऐतिहासिक बताया और कुमार तुहिन को विद्यालय आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी बताया कि तुहिन मूल रूप से बिहार के छपरा के निवासी हैं, जो छात्रों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में नीदरलैंड से अपराजिता देवी और रूपेश कुमार भी जुड़े, जबकि विद्यालय से प्रेमा देवी, सुनील कुमार, दानिश इदरीसी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## सरथुआ गांव में घुसा बाढ़ का पानी

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फल्गु नदी में अत्यधिक पानी आने के कारण उदेरास्थान बराज से 114000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे इस बरसाती नदी की शाखा लोकाईन, महतमाईन, भुतही नदी में उफान आ गयी। जिसके कारण पानी का दवाब इतना बढ़ गया कि खरभैया पंचायत के सरथुआ, खरभैया, नियामतपुर, मद्दारीचक गांव में इसके बाढ़ का पानी घरों में घुस गया। इसके अलावा सैकड़ों एकड़ में धान की परिपक्व होती फसल डूब गई। फसल को बचाने के लिए खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने काफी कोशिश की। बोरियों में बालू भरकर मिट्टी के बांध भी बांधे गए लेकिन पानी का प्रेशर इतना अधिक था कि सब कुछ बहा ले गया।

# चुनाव तैयारी : डीएम ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर अंबेडकर सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी को कई निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि अलीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 324 भवनों की संख्या 107 तथा सेक्टर अधिकारी 32 प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वहीं दरभंगा ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 345 मतदान भवनों की संख्या 185 और सेक्टर अधिकारियों की संख्या 34 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों से सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों की संख्या उसके लोकेशन और शांति व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और स्थानीय लोगों से संपर्क में रहे ।सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर जाने के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर संबंधित थाना को लिखित दिया जा रहा है कि निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निष्ठ और तेज तर्रार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सेक्टर दंडाधिकारी के रूप में की गई है। अपने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को शांतिपूर्ण ढंग से वोट करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र के आसपास रहने वाले 25 से 30 व्यक्तियों को मोबाइल नंबर लिखने का आदेश दिया गया है जिसे की विषम परिस्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में मतदान के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। मतदान प्रक्रियामें में बाधक बनने वाले असामाजिक तत्वों को कठोरता से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। बैठक में विशेष रूप से सेक्टर पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, रूट मैप तैयार करना, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, पहुंच पथ की स्थिति इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने को कहा। बैठक में विकास कुमार निर्वाचक निबंधन अधिकारी दरभंगा ग्रामीण उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अलीनगर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रखंड विकास अधिकारी अंचालाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज अधिकारी आदि उपस्थित थे।




# लेनदेन के विवाद में मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के जमालदीपुर गांव में शनिवार की रात अज्ञात अपराधियों ने रात्रि के करीब 8:30 में खेत से लौट रहे उप मुखिया पति जमालदीपुर गांव निवासी शिव शंकर महतो के 34 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार महतो को पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गया। घायल बबलू को सड़क किनारे देख ग्रामीण राहगीरों में शोर मचाया।तब आसपास के लोग आये और त्वरित मंसूरचक अस्पताल इलाज के लिये ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटनास्थल पर मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे, अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार आदि पहुंचकर जांच पड़ताल किया। घटनास्थल के निकट से दो खोखा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष श्री पांडे ने बताया की घायल बबलू महतों ने अपने फर्द ब्यान में पड़ोसी अनीता देवी पिता बहादुर महतो सावित्री देवी पति राम बहादुर महतो एवं उत्तर प्रदेश निवासी रामगोपाल भारद्वाज तीन वर्षों से बकाया होने एवं रुपय मांगने पर बराबर गाली गलौज करने की बात कही गत 16 अगस्त को भी बकाया रुपये के तगादा को ले बबलू महतो को गाली गलौज एवं मारपीट करने को उतारू हो गये। तथा बता देने की धमकी भी दी गई। धमकी के एक सप्ताह भी नहीं बीतने पर शनिवार की रात अनीता देवी का पति राम गोपाल भारद्वाज पर पीछे से जान मारने की नीयत से गोली चलाने की बात कही। रुपये के लेनदेन के कारण ही उक्त घटना घटने की बात भी कही जा रही है। मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे ने फर्द ब्यान के आधार पर मामला दर्ज कर मामले के तीनों नामजद क्रमशः अनीता देवी, सावित्री देवी एवं राम गोपाल भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# सरपंच ने मारपीट का मामला कराया दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** स्थानीय ग्राम कचहरी के सरपंच सुशील कुमार ने थाने में सीसीटीवी कैमरे तोड़ने तथा एक लाख रुपए रंगदारी मांगने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। उसने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि शुक्रवार को शाम में बाजार से ललन साह का पंचायत कर घर वापस आ रहा था तो चुनचुन सिंह के घर के समीप नावकोठी के जाबेद अख्तर ने धमकी देते हुए मुझे रोककर कहने लगा कि तुमसे कई बार एक लाख रुपए बतौर रंगदारी देने के लिए कहा था उसे अभी तक नहीं दिया। मैं जब इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। किसी तरह जान बचा कर वहां से घर आया। उसके बाद सीताराम पुस्तकालय पर बैठा हुआ था तो नावकोठी के जाबेद अख्तर, राजा कुमार, हिमांशु कुमार, वौआ सिंह, चक्का के छोटू कुमार तथा बिट्टू कुमार दो बाइक पर सवार होकर मेरे घर पर आ धमका, गाली गलौज करते हुए ग्राम कचहरी में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ने लगा। शोर करने पर ग्रामीण जुटने लगे। ग्रामीणों को आते हुए देखकर एक मोटर साइकिल छोड़ कर तथा दूसरा लेकर फरार हो गए। वही दूसरी ओर से नावकोठी की वौआ सिंह की पत्नी थाने में आवेदन देकर उसके पति के साथ मारपीट करने तथा उसके साथ बदतमीजी करने का आरोप लगाकर अंजनी कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, शिवम कुमार, गोलू कुमार, उत्तम सिंह, अमृत कुमार, करण कुमार को नामजद किया है। उसने बताया कि शुक्रवार की शाम में उसके पति वौआ सिंह अपने डेरा पर से गाय दुहकर दूध लेकर साइकिल से घर आ रहे थे। सीताराम पुस्तकालय के समीप उन्हें रोककर गाली गलौज करते हुए उसके साथ उपरोक्त सभी नामजद ने मारपीट कर उन्हें वहाँ बैठा लिया। इसकी जानकारी मुझे मिली तो मैं वहाँ गई। उनलोगों ने मेरे साथ भी बदतमीजी करने लगे।

# राजा सलहेश केवल नाम नहीं, दलित चेतना की मशाल हैं: अरुण मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के चुहरमलनगर में रविवार को राजा सलहेश जयंती समारोह बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व विधायक अरुण मांझी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत बाबा चुहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित नेतागण और गणमान्य नागरिकों ने सामाजिक समरसता और ऐतिहासिक स्मृति के प्रतीक इन दोनों महापुरुषों को नमन किया। अपने संबोधन में अरुण मांझी ने कहा कि राजा सलहेश केवल इतिहास के पन्नों का एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। वे सामाजिक न्याय, दलित स्वाभिमान और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं. आज के युवाओं को उनकी परंपरा से जुड़कर अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत बनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि राजा सलहेश जैसे व्यक्तित्वों को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि आंदोलन और चेतना के रूप में अपनाना होगा, तभी समाज में व्याप्त असमानता और बहिष्कार की मानसिकता का अंत हो सकेगा। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. इनमें प्रमुख रूप से रामानंद पासवान, मुंदिरिका राम, वकील साहब, भाजपा नेता अशोक सिंह, जदयू नेता सुमित कुशवाहा, छोटू सिंह, सतीश सिंह, पप्पू सिंह, जीतबाहन पासवान, रामबली राम, महेंद्र पासवान, भाजपा नेता राजकुमार पासवान, सोनू कुमार, राजन कुमार, सुधांशु कुमार शब्द, धीरज पासवान, शंकर पासवान, शैलेश लाल मांझी सहित सैकड़ों की संख्या में आमजन और युवा कार्यकर्ता शामिल थे।



# विश्वकर्मा पूजा मेला समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखण्ड क्षेत्र के घाघरा पंचायत में श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा पूजा मेला समिति की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक मेला समिति के अध्यक्ष व पुजारी चौतु पासवान के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष चौतु पासवान सचिव अजय पासवान, कोषाध्यक्ष सुनील पासवान व कार्यकारिणी सुजीत ठाकुर, रामदरेश राम, गिरीश पासवान, बलराम पासवान, संजय पासवान, भजन राय व संयोजक महेंद्र केसरी को बनाया गया। मेला समिति के संयोजक महेंद्र केसरी ने बताया कि वर्षों से विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर घाघड़ा विश्वकर्मा चौक पर भव्य मेला का भी आयोजन की जाती है। मेला में पूजा के साथ-साथ द लोक सांस्कृतिक विदेशिया नाच और टवर झूला, ब्रेक डांस, नाव झूला इत्यादि झूला मेला को आकर्षक बनती है। प्रत्येक वर्ष जन सहयोग से विश्वकर्मा पूजा मेला को सफल बनाया जाता है। मेला समिति के सदस्यों ने इस बार भी मिला को आकर्षक और भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि सबसे अच्छी बात यह है कि कई वर्षों से घाघड़ा चौक पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होती आ रही है। इस बैठक में कृष्णनंदन पासवान, ललितेश्वर तांती, संजीत कुमार, सत्यनारायण तांती के अलावा दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 5 सितंबर को मनाई जाएगी ईद मिलादुन्नबी

**फुलवारीशरीफ।** रबी-अल-अव्वल महीने का चाँद दिख गया है. रविवार 24 अगस्त 2025 को सफ़र 29, 1447 हिजरी के अनुसार प्रसिद्ध फुलवारी शरीफ़, खानकाह ए मुजीबिया,पटना स्थित इमारत-ए-शरिया के केंद्रीय कार्यालय और उसकी सभी शाखाओं में चाँद देखने की व्यवस्था की गई थी. इसी तरह ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल, बिहार ने भी फुलवारी शरीफ़ कार्यालय और उप-शाखाओं में रुएत-ए-हिलाल कमेटी की बैठक बुलाई थी। खानकाह ए मुजीबिया के प्रबंधक सय्यद शाह हजरत मौलाना मोहम्मद मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी ने बताया की सूबा बिहार, राजधानी पटना सहित फुलवारी शरीफ़ और आसपास के क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए रहने के कारण चाँद प्रत्यक्ष नहीं देखा जा सका. लेकिन बैंगलोर, कड़िया, आंध्रा प्रदेश, भटकल और देश के अन्य स्थानों से चाँद देखे जाने की खबरें प्राप्त हुईं और गवाहियों की पुष्टि कर ली गई। इस हिसाब से 12 रबी-अल-अव्वल, यानि 5 सितंबर 2025, शुक्रवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी मनाई जाएगी. इस अवसर पर फुलवारी शरीफ़ स्थित प्रसिद्ध खानकाह-ए-मुजीबिया में हज़रत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर सालाना उर्स का आयोजन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लड़की का अपहरण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के एक गांव से बहला फुसलाकर लडकी अपहरण कर लेने के मामलें में छ लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। लडकी की नाना ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि विगत 8 अगस्त को शाम में घर से शौच को निकली पर देर रात तक घर नहीं लौटी। बहुत खोजबीन करने पर पता चला कि साठी थाना के धमौरा गांव के विजय मुखिया अपहरण कर ले गया है। इधर लडकी के नाना ने विजय मुखिया समेत छ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के रनहा सूर्यपुर गांव स्थित वार्ड 06 में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई है। अस्पताल नाका प्रभारी मदन कुमार मांझी ने बताया कि रविवार की सुबह जीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका श्रीनगर थाना क्षेत्र के रनहा सूर्यपुर वार्ड छह निवासी लक्ष्मण महतो की पुत्री गीता देवी 30 वर्ष है।

### लड़की अपहरण में पिता-पुत्र नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के एक गांव से विते 21 अगस्त को शादी की नीयत से नाबालिग लड़की का अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की मां ने थाने में आवेदन देकर पिता और पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### विशेष छापेमारी में तीन सौ चालीस शीशी नेपाली शराब जब्त

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार मध निषेध अधिनियम के विषेश छापेमारी के तहत स्थानीय थाना प्रभारी ने रात्रि गशती के दौरान शराब तस्कर सहित आठ पियक्कड़ को हिरासत में ली है, थाना अध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि विशुनपुरवा गांव निवासी भुटन राम के पुत्र रोहित कुमार और अवध राम के पुत्र नरेंद्र कुमार को विदेशी शराब कस्तुरी तीन सौ चालीस पीस जिसका वजन एक-सौ दो लिटर के साथ चौबीस लिटर चुराई की गई देशी शराब के साथ विशुनपुरवा नयका चौक से पकड़ा गया,वही शराब पीने के आरोप में मगूरहरा गांव निवासी बांगड़ यादव के पुत्र नरेश यादव,जमुनभार गांव निवासी सहादत राय के पुत्र मूरतूजा राय , कनूनिया गांव निवासी जगदीश पासवान के पुत्र आलोक पासवान,राजू पासवान, चम्पापुर रामगढवा निवासी रामबकस राय के पुत्र रवि रंजन राय,गोगरी बनजरिया निवासी पारस नाथ के पुत्र रणधीर कुमार को गिरफतार किया गया है,जिसे आवश्यक कार्रवाई होने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष उपा स्थापन हेतु मोतिहारी भेजा जाएगा।

### रक्सौल में धूमधाम से मनाया 47 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का 15 वां स्थापना दिवस

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल स्थित एस.एस.बी. कैंप में 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रक्सौल का 15वां स्थापना कल दिवस दिनांक 23/8/25 को बड़े हीं धूम -धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' इस अवसर पर श्री संजय पाण्डेय, कमांडेंट 47वीं वाहिनी एस. एस. बी. द्वारा वाहिनी में कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यो हेतु बलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ' इसके अतिरिक्त स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बलकार्मिक, स्थानीय स्कूली छात्र - छात्राएँ तथा बलकर्मियों के बच्चे द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई ' सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्त में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित अन्तः समवाय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता वाहिनी मुख्यालय की टीम को ट्रॉफी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं एवं बच्चे को प्रणाम - पत्र देकर सम्मानित किया गया ' स्थापना दिवस के अवसर पर सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया जिसमें समस्त अतिथिगण एवं बलकार्मिक शामिल हुए '

### राजस्व वसूली के लिए विद्युत विभाग की मुहिम तेज

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग के वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में राजस्व वसूली को लेकर मुहिम तेज कर दी गई है। उपभोक्ताओं का विधुत बिल शत प्रतिशत वसूली किया जा सके जिसको लेकर विधुत आपूर्ति प्रमंडल बगहा अंतर्गत सहायक अभियंता व कनीय अभियंताओं के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित कर मुहिम चलाकर विधुत बकाया विल की वसूली किया जा रहा है। साथ ही समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का विधुत कनेक्शन काटा भी जा रहा है । उक्त जानकारी देते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि सरकार द्वारा 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने के साथ ही विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अंतर्गत 19 हजार उपभोक्ताओं के यहां विधुत बिल बकाया चल रहा है।जिसको लेकर विभागीय स्तर पर उपभोक्ताओं को बार-बार नोटिस करने के बाद भी समय से बिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर विभाग के राजस्व में भारी कमी आ रही है। जिसको देखते हुए विभागीय निर्देश के आलोक में अलग अलग कुल ग्यारह अभियंताओं समेत कर्मियों की टीम गठित कर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घर घर पहुंच कर लोगो को जागरूक करते हुए विद्युत बिल की वसूली किया जा रहा है। वही जिन उपभोक्ताओं द्वारा विधुत बिल नहीं जमा करने पर उनका कंसेशन कटा जा रहा हैं। गौरतलब हो कि विधुत कर्मियों की टीम घर घर जा कर बिजली बिल जमा करने को कह रहा है।

### ऐतिहासिक होगी वोटर अधिकार यात्रा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी ने कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पश्चिम चंपारण में ऐतिहासिक होगा। रविवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय केदार आश्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी कार्यकताओं को कमर कस लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा में अधिक से अधिक आमजनों की भागीदारी हो, इसके लिए आज से ही सभी कार्यकर्ता शहर से गांव तक जुट जाएं। कार्यकताओं के साथ बैठक कर प्रदेश प्रभारी ने संबंधित कार्यकताओं को यात्रा को सफल बनाने के लिए दायित्व सौंपा। जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल ने बताया कि राहुल गांधी हरिवाटिका चौक बेतिया स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, उसके बाद फिर यात्रा आगे बढ़ेगी। मौके पर जिला प्रभारी तमन्ना खान, पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, एआईसीसी सदस्य सुधा मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी अभिषेक रंजन, शाश्वत केदार, पूर्व अध्यक्ष मंजू राम, शेख कामरान, भारत भूषण दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष वेद प्रकाश द्विवेदी, ब्रह्मानंद पांडेय, जयेश मंगल सिंह, इरशाद हुसैन, सुरेंद्र कुशवाहा, मोहम्मद हसन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# प्रशांत किशोर ने राहुल-तेजस्वी की यात्रा पर कसा तंज



**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी बिहार बदलाव यात्रा के क्रम में आज सीवान में बिहार बदलाव जनसभा करने पहुंचे। महाराजगंज के भगवानपुर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा पर तंज भरा हमला किया।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में इस तरह की फालतू की यात्राओं का कोई फायदा नहीं है। बिहार को रोजगार देने वाली यात्रा चाहिए। पलायन खत्म करने का रास्ता दिखाने वाली यात्रा चाहिए। यहां मोदीजी आकर कांग्रेस को गाली देंगे, कांग्रेस वाले मोदीजी को गाली देंगे। लेकिन बिहार का युवा यह सुनना चाहता है कि यहां फैक्ट्री कब लगेगी, रोजगार कब मिलेगा। पलायन कब बंद होगा। लोग यहां भ्रष्टाचार से परेशान हैं और मोदी, राहुल, तेजस्वी आपस में लड़ रहे हैं। बिहार के लोग उनको सुनना नहीं चाहते हैं। वहीं एक सवाल के जवाब में प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज में गांधी की विचारधारा के अलावा किसी की मान्यता नहीं है। पार्टी के झंडे पर गांधी और आंबेडकर हैं। हमलोगों की विचारधारा के आधार पर भाजपा से लड़ाई है। हम चाहते हैं कि गांधी और आंबेडकर को मानने वाले लोग मुसलमानों के साथ मिलकर ऐसा राजनीतिक और सामाजिक गठजोड़ बनायें कि भाजपा को हरा सकें।

प्रशांत किशोर ने सीवान की जनता से किया बड़ा वादा, कहा- दिसंबर 2025 से बुजुर्गो को 2000 रुपये मासिक पेंशन, बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और युवाओं को बिहार में ही 10-12 हजार रुपये का रोजगार मिलने लगेगा

इससे पहले प्रशांत किशोर ने सीवान के महाराजगंज में जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके। इसके अलावा प्रशांत किशोर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस साल बिहार की बदहाली की आखिरी दिवाली और छठ होगी। छठ के बाद सीवान के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। बिहार भर के ऐसे 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें यहीं 10-12 हजार रुपये का रोजगार दे दिया जाएगा।

## जिला में स्वयंसेवी गृह रक्षको के अंतिम चयन सूची का प्रकाशन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी विज्ञापन संख्या 01/2025 के आलोक में पूर्वी चम्पारण में गृह रक्षको के नामांकन हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम सूची प्रकाशित महानिदेशक - सह - महासमादेष्टा, कार्यालय गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि समन सेवाएं,बिहार पटना द्वारा बिहार के विभिन्न जिलों में गृह रक्षको के स्वच्छ नामांकन हेतु विज्ञापन संख्या 01/2025 निर्गत की गई थी, जिसके अनुसार मोतिहारी जिला इकाई में गृह रक्षको के 474 (चार सौ चौहत्तर)पदों के लिए पुलिस केंद्र मोतिहारी एवं गांधी मैदान मोतिहारी में 31.03. 2025 से 05.07.2025 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया।विज्ञापन में उल्लेखित कुल रिक्तियों के विरुद्ध कोटिवार औपबंधिक मेधा क्रमानुसार 1.5 गुणा अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 5.8.2025 को पूर्वी चंपारण जिला के आधिकारिक वेबसाइट ï२३ँस्र१ल्ल.ल्लू.ल्ल पर प्रकाशित कर दिया गया था। विभागीय प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित औपबंधिक मेधा सूची से संबंधित अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति 18.08.2025 तक जिला समादेष्टा कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी मोतिहारी में हाथों-हाथ अथवा ईमेल के माध्यम से समर्पित करने की सूचना प्रकाशित कराई गई थी।

## मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय में 300 एल.एल.बी.छात्रों के नामांकन की स्वीकृति

अवनीश श्रीवास्तव

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी ' 'भारतीय विधिज्ञ परिषद' (बार काउंसिल ऑफ इंडिया) द्वारा मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय, मोतिहारी के लिए तीन वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए 300 सीटों पर विद्यार्थियों के नामांकन की स्वीकृति प्रदान की गई है । जिसके तहत शैक्षणिक सत्र - 2025-2026 में कुल 300 विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित हो सकेगा ।




गौरतलब है कि मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय, मोतिहारी, बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर का एक मात्र अंगीभूत विधि महाविद्यालय है ' मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय स्मार्ट क्लास, सेमिनार हॉल, मूट कोर्ट, व्यवस्थित लाइब्रेरी, सक्रिय विधिक सहायता केन्द्र, स्वच्छ पेयजल, सी.सी. टी.वी, वाई-फाई आदि सुविधाओं से लैस है। यहाँ नियमित वर्ग संचालन के साथ - साथ महाविद्यालय की गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता भी सराहनीय है । इसके लिए विधि महाविद्यालय की विभागाध्यक्षा डॉ. कुमारी रंजू बाला की भूमिका महत्त्वपूर्ण और सराहनीय रही है। उनकी इस भूमिका की तारीफ करते हुए मुंशी सिंह महाविद्यालय सह मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने डॉ.कुमारी रंजू बाला को न केवल बधाई दी है बल्कि विधि महाविद्यालय के भावी विकास के लिए शुभकामनाएँ भी दी है। नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा संभवतः सितम्बर माह में आयोजित की जाएगी । नामांकन हेतु सीटों की संख्या 300 होने से पूर्वी चम्पारण के साथ - साथ पश्चिम चम्पारण के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा और उन्हें उच्च गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा का अवसर मोतिहारी में मिल सकेगा । यह सूचना मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय की विभागाध्यक्षा डॉ. कुमारी रंजू बाला के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

## अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, जिलाधिकारी ने किया नमन

**बेतिया के आठ अमर शहीदों के बलिदान को किया गया याद**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 24 अगस्त, 1942 को भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बेतिया के आठ अमर शहीदों की याद में शहीद स्मारक परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



इस भावपूर्ण कार्यक्रम में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने वीर सपूतों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन शहीदों ने हमें यह सिखाया है कि हमें अपने देश के लिए जीना और मरना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम को और भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों और स्कूली बच्चों को शामिल किया जाएगा, ताकि हमारी नई पीढ़ी इन अमर बलिदानियों के बारे में जान सके और उनसे प्रेरणा ले सके। इसके लिए शहीदों के आश्रितों, समिति के सदस्यों के साथ बैठ कर एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से दिल में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जिले, राज्य और देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करना चाहिए और निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश के लिए सोचना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा से पहले, सशस्त्र बल के जवानों ने शहीदों के सम्मान में एक शानदार सलामी परेड का आयोजन किया।

## डॉ. शिप्रा सोनी बनीं इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की कार्यकारिणी सदस्य

**मोतिहारी / सुगौली//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**' बिहार वेटलिफ्टर्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष डॉ. शिप्रा सोनी को 24.08. 2025 को क्राउन प्लाजा होटल अहमदाबाद गुजरात मे अयोजित वार्षिक आम सभा की बैठक मे सम्पन्न हुए चुनाव में इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की कार्यकारिणी सदस्य (एग्जीक्यूटिव मेंबर) के रूप में चुना गया है उनका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बिहार वेटलिफ्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण ओझा, उपाध्यक्ष अतुल कुमार,तकनीकी समिति अध्यक्ष डॉ. रजनीश भास्कर, पूर्व अध्यक्ष श्री अरुण केसरी, महासचिव श्री उपेंद्र कुमार, सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सतीश कुमार तथा पूरे बिहार के खेलप्रेमियों ने डॉ. शिप्रा सोनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।



**पूर्वी चम्पारण जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम आलम ने कहा**

डॉ. शिप्रा सोनी का इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की कार्यकारिणी में चुना जाना बिहार के लिए गर्व का क्षण है। उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता निश्चित ही भारतीय वेटलिफ्टिंग के विकास में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की बेटियों और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कोषाध्यक्ष डॉ0 पवन कुमार , उपाध्यक्ष अशोक कुमार वहीं पूर्व अध्यक्ष अरुण केसरी, बिहार भारोत्तोलक संघ केउपाध्यक्ष अतुल कुमार और उपेंद्र कुमार ने भी आशा जताई कि डॉ. सोनी राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की वेटलिफ्टिंग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगी।

पूरे बिहार के खेल प्रेमियों ने भी डॉ. शिप्रा सोनी को इस जीत पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संतोष फिर बने अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा भाजपा नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के पुत्र संतोष चौहान को पुनः भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश कमिटी के सदस्यों के मनोनयन को प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलिप जायसवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया का अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इधर संतोष चौहान को बिहार प्रदेश भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के दूसरी बार प्रदेश सह संयोजक बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## घोड़ासहन में आभूषण के थोक व्यवसायी से व्हाट्सएप पर मैसेज कर 27 लाख की मांगी रंगदारी

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के भगत सिंह चौक के समीप एक आभूषण के थोक व्यवसाय से बदमाशों ने व्हाट्सएप पर मैसेज कर 27 लाख रुपए की रंगदारी मांगकर दहशत फैला दिया है। रंगदारी मांगने की घटना की पीड़ित व्यवसायाई सपरिवार दहशत में है। पैसा नही देने पर अंजाम भुगतने की धमकी तक दी है।

पीड़ित व्यवसायाई शहर के वीरता चौक निवासी छेदीलाल प्रसाद के पुत्र आदित्य कुमार ने बताया कि भगत सिंह चौक के समीप महालक्ष्मी ज्वेलर्स नाम मेरा आभूषण दुकान है। शुक्रवार को दोपहर मेरे व्हाट्सएप नंबर 8804403333 पर 7635055510 अंजाम नंबर से मैसेज कर बताया कि तुम्हारा समय अब आ गया है। साथ ही मेरे दुकान के हर गतिविधियों पर वह नजर रख रहा है। दुकान से घर आने जाने का समय का भी रेकी उसके द्वारा किया जा रहा है। मेरे चचेरे भाई सचिन कुमार उस नंबर पर कॉल किया तो उसे भी जान से मारने तक की धमकी दिया गया है। पुनः शनिवार की सुबह व्हाट्सएप पर मैसेज कर 27 लाख रुपए की मांग की गई तथा नहीं देने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दिया गया है। शनिवार को भेजे मैसेज में बताया है कि पिछले दिनों पशुपति हार्डवेयर घोड़ासहन के पिता मनोहर लाल प्रसाद के हुई मौत मामले से सबक सीखने का जिक्र किया गया है।

### अग्निपीड़ितो के बीच राहत सामग्री का वितरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा, बेतिया द्वारा बैरिया अंचल के फुलियाखांड़ वार्ड नं. 07 निवासी चार अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।

वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे रेड क्रॉस के जिला सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद, प्रबंध समिति सदस्य रेमी पीटर हेनरी व अनुज कुमार, आजीवन सदस्य डॉ. श्याम चंद्र गुप्त तथा स्वयंसेवक इमरान कुरैशी ने कहा कि मानवता की पीड़ा को कम करने का प्रयास रेड क्रॉस का उद्देश्य है। सदस्यों ने बताया कि अग्नि पीड़ितों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अगलगी की सूचना एवं राहत सामग्री हेतु आवेदन दिया गया था।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए कई निर्देश



**दरभंगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** । बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर अंबेडकर सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई । जिसमें निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी को कई निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है किअलीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 324 भवनों की संख्या 107 तथा सेक्टर अधिकारी 32 प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वहीं दरभंगा ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 345 मतदान भवनों की संख्या 185 और सेक्टर अधिकारियों की संख्या 34 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी थाना अध्यक्ष से सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों की संख्या उसके लोकेशन और शांति व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और स्थानीय लोगों से संपर्क में रहे ।सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर जाने के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर संबंधित थाना को लिखित दिया जा रहा है कि निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निष्ठ और तेज तर्रार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सेक्टर दंडाधिकारी के रूप में की गई है। अपने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को शांतिपूर्ण ढंग से वोट करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र के आसपास रहने वाले 25 से 30 व्यक्तियों को मोबाइल नंबर लिखने का आदेश दिया गया है जिसे की विषम परिस्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में मतदान के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। मतदान प्रक्रियामें में बाधक बनने वाले असामाजिक तत्वों को कठोरता से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। बैठक में विशेष रूप से सेक्टर पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन,रूट मैप तैयार करना, शौचालय,स्वच्छ पेयजल, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था,पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, पहुंच पथ की स्थिति इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने को कहा।

# संत घाट मुक्तिधाम के नव निर्माण की रखी गयी आधारशिला

**मुक्तिधाम जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महापौर दंपति ने किया भूमि पूजन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत घाट तिरहुत मुख्य नहर पर स्थित मुक्तिधाम के नवनिर्माण की रविवार को आधारशीला रखी गयी। इसका भूमि पूजन निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया एवं उनके पति निगम पार्षद रोहित सिकारिया ने किया।

मुक्तिधाम जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के आधे से अधिक परिवार के मृतकों का अंतिम संस्कार संत घाट के मुक्तिधाम में किया जाता है। इस मुक्तिधाम संचालन समिति के विशेष अनुरोध पर हमने वर्षो से बदहाल इस सार्वजनिक उपयोग के महत्वपूर्ण स्थल का नव निर्माण की पहल की है। मुक्तिधाम के पहुंच पथ का निर्माण जहां तक बना है उसके बाद 120 फीट लंबाई एवं 12 फीट चौड़ाई में पीसीसी सड़क, मेन रोड से 76 फीट लंबा एवं 10 फीट चौड़ा पीसीसी रैंप, रैंप के बाद



शेड के बगल तक मिटटी भराई करके 205 फीट लंबाई एवं 12 फीट चौड़ाई में पेवर ब्लॉक लगाते हुए दोनों तरफ सपोर्टिंग वॉल का निर्माण कराया जाएगा। वही रोड से उतरने वाली सभी सीढ़ियों में चेकर टाईल्स, साढ़े तीस बाय 18 के दो एवं साढे 30 बाई 19 के तीन नये शेड, पूर्व से लगे सभी स्टैंड की मरम्मती, विश्रामालय की पूर्ण रिपेयरिंग एवं पेंटिंग भी होगी। भूमि पूजन समारोह में मुक्तिधाम समिति के रवि गोयनका, प्रेम सोमानी, सुभाष रुंगटा, टीनू सर्राफ, संजय जैन द्वारा आयोजित किया गया। भूमि पूजन में निगम पार्षद दीपक कुमार, इंद्रजीत यादव के साथ अरुण कुमार, इश्तेयाक अहमद, अनुराग बरनवाल, सुरेश सिंघानिया, राजा सिंघानिया, उदय कुमार बिहारी लालजी, अधिवक्ता राजेश कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया संघर्ष का ऐलान

## एनपीएस-यूपीएस शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ है छलावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** एनएमओपीएस जहानाबाद इकाई संघ का पुरानी पेंशन लागू करने हेतु एकदिवसीय सम्मेलन माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में बैजनाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में नेताओं ने कि बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन 2005 से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है तथा उसके स्थान पर एनपीएस यूपीएस लागू किया गया है जो कर्मचारीयो और शिक्षक के साथ क्रूर मजाक है। नेताओं ने चेताया कि आने वाला विधानसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखाएंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ छलावा है। नेताओं ने आगे कहा कि शीघ्र ओपीएस बहाली की घोषणा नहीं की गई तो 1 सितंबर को काला दिवस मनाएंगे। संघ के नेताओं ने बताया कि 5 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना, प्रदर्शन और उपवास किया जाएगा। वहीं 12 सितंबर को जिला मुख्यालय पर मसाल जुलूस निकाला जाएगा। 14 सितंबर को पेंशन संघर्ष महरौली पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में आयोजित की जाएगी। इस रैली में जहानाबाद जिले से 2000 शिक्षक, कर्मचारियों को ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन को संबोधित करने वाले में सुदर्शन प्रसाद, विजय नारायण शर्मा ,मदन मोहन सिंह, पंकज कुमार द्विवेदी, विजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, नीलकमल चौधरी, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, अरविंद कुमार राकेश, परशुराम शर्मा, सुजीत कुमार, मीना कुमारी, सुशीला कुमारी, राम उदय कुमार, प्रविंद्र कुमार मौर्य, उज्जवल कुमार आदि नेता ने सम्मेलन को संबोधित किया।

# आईवीएफ को लेकर डॉक्टरों एवं आम नागरिकों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के बस स्टैंड स्थित एक निजी होटल में आईवीएफ को लेकर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल औरंगाबाद डा. रिचा चौधरी के द्वारा क्षेत्र के सभी डॉक्टरों एवं आम नागरिकों को निर्मला आईवीएफ के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पूर्व सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। साथ ही गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित की गई। डॉ रिचा चौधरी ने बताया कि आईवीएफ एक ऐसी तकनीक है जो अंडे को शरीर से बाहर शुक्राणु के साथ मिलकर भ्रूण बनाया जाता है, जिसे बाद में स्थानांतरित दिया जाता है। यह उन जोड़ों के लिए आशा की किरण है। जो बच्चे न होने की समस्या से जूझ रहे हैं। जो आईवीएफ का महत्व समझाने के लिए बोझपर की समस्या को समझना होगा ऐसी स्थिति है जिसमें एक जोड़ा नियमित रूप से यौन संबंध बनाने के बावजूद गर्भधारण नहीं कर पा रहा है, इससे कई कारण हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि महिलाओं को दवाइयां दी जाती है, जो अंडाशय को उत्तेजित करती है और अधिक अंडे पैदा करती है, अंडे को शरीर से निकाला जाता है। और प्रयोगशाला में शुक्राणु के साथ मिलाया जाता है, दोनों को मिलाकर भ्रूण बनाया जाता है और भ्रूण को गर्भ में स्थानांतरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब पटना और गया ना जाकर औरंगाबाद शहर में भी इसका प्रयोगशाला किया जा रहा है। इसमें शामिल डॉक्टर विकास कुमार सिंह, डॉक्टर सनोज कुमार सिंह ,डॉक्टर सुभाष कुमार, डॉक्टर हिमांशु कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, डॉक्टर श्रीकांत कुमार, डॉक्टर रामेश्वर रूप प्रसाद, इस कार्यक्रम के संचालक रामराज कुमार समाजसेवी किशु गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त

### दशहरा पर्व को लेकर बैठक आयोजित

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के देवकुंड में रविवार को दशहरा पर्व को लेकर पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष चंदन रॉय, सचिव कुंदन विश्वकर्मा, उप सचिव सहेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू यादव, उपकोषाध्यक्ष विकास कुशवाहा, पूजा मंत्री श्रीकांत पासवान व निर्भय कुमार, पंडाल मंत्री सौरभ शर्मा को मनोनीत किया गया। वहीं कमेटी सदस्यों द्वारा धूमधाम से पर्व व सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाने पर चर्चा हुई।

### 88 ली. शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज के कासमा पुलिस ने बलार पैक्स गोदाम के समीप से रविवार को एक बाइक पर लगे 88 लीटर देसी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी कासमा थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव निवासी सत्येंद्र चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है तथा इसके पास से पुलिस ने एक बाइक को भी बरामद किया है। रविवार संध्या करीब 6:00 बजे के आसपास थाना अध्यक्ष अक्षयवर  सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।

### लोजपा के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष का निधन

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखण्ड के लोजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह समाज सेवी महेश पासवान का निधन हो गया। पूर्व लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया रफीगंज से खाद लेकर ऑटो से अपने गांव बड़गांव जा रहे थे। इसी बीच रफीगंज गोह पथ के मखदुमपुर गांव के समीप ऑटो अनियंत्रित होने से पलट गयी और महेश पासवान गिरकर जख्मी हो गये। जिन्हें परिजनों द्वारा ईलाज हेतू मगध मेडिकल गया ले जाया जा रहा था। जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी। रफीगंज क्षेत्र में जैसे ही खबर मिली लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। समाजसेवी डॉ तुलसी यादव एवं लड्डू खां ने बताया कि उनकी असमय मृत्यु से शोषित पीडित एवं आम जनमानस अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य असंभव है।इन्होंने बताया कि वे निश्चल एवं कर्मठशील एवं ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसे सामाजिक लोग लाखों में एक होते हैं।दूसरे दर्द समझने वाले और किसी के दुख बांटने वाले व्यक्ति थे। वहीं लोजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना एवं सबको मिलाकर साथ चलने की कला उनके अंदर निहित थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं।

### 10 लीटर महुआ शराब बरामद

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बादोपुर स्थित संजीत चौधरी के घर से एक मोटरसाइकिल से 10 ली महुआ शराब बरामद करते हुए एक बाइक जब्त किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर एस आई ध्रुव कुमार दल बल के साथ पहुंचकर 10 ली शराब के साथ एक बाइक जब्त किया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर घर से एक बाइक की डिक्की से 10 लीटर महुआ शराब बरामद करते हुए बाइक जब्त किया गया और संजीत चौधरी को नामजद आरोपी बनाते हुए गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज के धरहारा गांव के श्री यादव एवं नीमा चतुर्भुज गांव के धर्मेंद्र सिंह के घर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध छपामारी अभियान चलाया गया। दोनों बिजली उपभोक्ताओं द्वारा पीवीसी तार के माध्यम से मीटर बायपास कर बिजली ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इस मामले में धरहारा गांव के श्री यादव को 35345 रु एवं नीमा चतुर्भुज गांव के धर्मेंद्र सिंह को 41679 रुपए जुर्माना लगाया गया है।वहीं नीमा चतुर्भुज गांव के भरत सिंह को 10267 रुपए बकाया विद्युत राशि रहने के कारण विगत 20 दिसंबर 2022 को कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद भी विद्युत ऊर्जा की चोरी इनके द्वारा की जा रही थी। जिन्हें 25527 रु जुर्माना लगाया गया है। भरत सिंह को कुल बकाया राशि के साथ 35794 रू राशि जमा करना है। उक्त तीनों बिजली उपभोक्ताओं के विरूद्ध कनिय विद्युत अभियंता ग्रामीण संतोष कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाने हेतु रफीगंज थाना में आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर उक्त तीनों पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉर्ड संस्था के तत्वधान में हसपुरा के वाई पी के सभागार में जनप्रतिनिधियों का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज कुमार ने आगत जनप्रतिनिधियों के स्वागत भाषण के साथ किया।इन्होंने डॉर्ड संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों को विस्तार से जानकारी दिया। सीनियर ऑपथालमिक मो. रिजवान ने बताया कि मोतियाबिंद आँखों की एक सामान्य बीमारी है जिसमें आँख का लेंस धीरे-धीरे धुंधला हो जाता है और साफ दिखना कम हो जाता है। इसके कारण चीज़ें धुंधली, धुंध-सी या फीकी दिखाई देती हैं तथा तेज रोशनी या रात में देखने में परेशानी होती है। आमतौर पर यह समस्या बढ़ती उम्र, डायबिटीज़, चोट, दवाइयों के दुष्प्रभाव या धूप की अधिकता से होती है। शुरुआती अवस्था में चश्मे से थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन इसका स्थायी इलाज केवल सर्जरी है जिसमें धुंधले लेंस को हटाकर कृत्रिम लेंस लगाया जाता है। आधुनिक तकनीक से यह ऑपरेशन सरल, सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया जाता है।

### संगोष्ठी का आयोजन

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गयाजी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय था उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि को बढ़ानाङ्क एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को स्टेम उपागम के उपयोग से विज्ञान एवं गणित की शिक्षा प्रदान करना तथा भारतीय अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास एवं उपलब्धियां तथा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित देश-विदेश में हो रहे रचनात्मक कार्यों पर 10 विशेष टॉपिक डीएलएड के 10 प्रशिक्षुओं को आवंटित किए गए थे। संगोष्ठी का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य अजय कुमार शुक्ला एवं कार्यरत व्याख्याताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार शुक्ला ने अपने उद्बोधन में विज्ञान एवं अंतरिक्ष में भारत की निरंतर सफलता से अपने आप को गोरवान्वित होने तथा इसके प्रभाव से रूढ़िवादिता के काम होने पर बल दिए। इस दौरान वरिय व्याख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साव ने बताया कि किस प्रकार हमारे स्पेस एजेंसी इसरो जैसे संगठन की गतिविधियों से भविष्य की जीवन शैली प्रभावित होगी।उन्होंने प्रतिभागियों और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान में अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इसरो जैसी संस्थाएं अपने त्याग और बलिदान के बलबूते पर मानव कल्याण के कार्य करते हैं। अतः हमें ऐसे संस्थानों के प्रति सच्ची श्रद्धा रखनी चाहिए और अपने बच्चों को इस तरह के कार्य करने के लिए बचपन से प्रेरित करनी चाहिए। व्याख्याता सुनीता कुमारी ने चंद्र एवं सूर्य ग्रहण की रूढ़िवादिता पर प्रकाश डालें। डॉक्टर अमित रतन द्विवेदी ने अंतरिक्ष विज्ञान के कार्य को करने में धैर्य, कठिन परिश्रम, और लगन की आवश्यकता पर प्रकाश डालें। इस दौरान संगोष्ठी का विशेष आकर्षण सेल्फी प्वाइंट रहा। इस अवसर पर कुल 23 प्रशिक्षुओं ने अपना विचार, प्रस्ताव, तथ्यात्मक एवं आकर्षक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किये। प्रस्तुत पत्रों में अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में हो रहे रचनात्मक कार्यों एवं इसके अध्ययन का विश्व के आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ढांचे में हो रहे परिवर्तनों को विस्तार से स्पष्ट किया गया एवं बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान की रुचि उत्पन्न करने के नवाचारी तरीके तथा विज्ञान एवं गणित के मूल प्रकरणों को स्टेम अप्रोच से पढ़ने के तरीकों को प्रस्तुत किया गया।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत पर सुरेश पासवान ने जताई गहरी संवेदना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर।** टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में उस समय मातम की लहर दौड़ गई जब सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक हादसा तब हुआ जब दोनों भाई मोटरसाइकिल से लातेहार स्थित अपनी बहन के घर रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रही एक बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हलीम साहब के पुत्रों के रूप में हुई है। यह दुर्घटना रविवार को दोपहर के समय हुई और इसकी सूचना मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोग बड़ी संख्या में हलीम साहब के घर जुटने लगे, जिनका परिवार एक झटके में पूरी तरह टूट गया। हलीम साहब खुद लकवे से पीड़ित हैं। चल-फिर नहीं सकते, और जीवन के अंतिम पड़ाव पर अपने इन्हीं बेटों के सहारे जी रहे थे। अब बेटों के निधन से उनकी दुनिया उजड़ गई है। पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं हलीम साहब के परिवार के इस अपूरणीय क्षति से मर्माहत हूँ। जब मुझे यह दुखद समाचार मिला, तो मैं स्वयं उनके घर गया और परिजनों से मिलकर उनका दुःख साझा किया। हलीम साहब का जीवन अब नरक से भी बदतर हो गया है।

# 25 अगस्त को किसान करेंगे सीएम का घेराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** 25 अगस्त को पटना में भारत माला परियोजना से प्रभावित किसान और भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर मुख्यमंत्री का घेराव करने का निर्णय लिया है। यह बैठक शनिवार को हरदत्ता के एक निजी होटल में एरका गांव निवासी कमला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता और संचालन राज कुमार सिंह के नेतृत्व में लिया गया। बैठक में मुख्य रूप अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी दिनेश कुमार सिंह, बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह तथा किसान महासंघ औरंगाबाद के अध्यक्ष उमेश सिंह उपस्थित थे। भारत माला परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे में उचित मुआवजा को लेकर कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद के किसान भी पिछले दो वर्ष से आंदोलन कर रहे हैं। सरकार द्वारा अब-तक किसानों के किसी भी मांग को पूरा किया गया है। इस बात से नाराज किसानों ने आगामी 25 अगस्त को भारी संख्या में पटना चलकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निश्चय किया है। भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि केंद्र और राज्य की सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। सरकार भूमि अधिग्रहण का गजट प्रकाशन 2022 में किया और मुआवजा दर 13 साल पुराना 2012 के सर्किल रेट से दे रही है। जो सरासर अन्यायपूर्ण है। सरकार भूमि खरीद-बिक्री में अलग अलग प्रकृति के भूमि के बदले अलग-अलग टैक्स लेती है। परन्तु जब मुआवजा देने की बारी आई तो उसने तमाम जमीनों को भीठ घोषित कर दिया। श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के घेराव में बक्सर, कैमूर, रोहतास, गया, जहानाबाद, पटना, मुंगेर सहित कई जिले के किसान हिस्सा लेंगे। अशोक प्रसाद सिंह नें अधिक से अधिक किसानों को पटना चलने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार से जब तक मजबूती के साथ नहीं लड़ेंगे तब तक सरकार उचित मुआवजा नहीं देगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार सुबह से शाम तक सिर्फ उद्योगपति मित्रों की चिंता करती है। उसे जनता और किसान से कोई हमदर्दी नहीं है। किसान महासभा औरंगाबाद के अध्यक्ष उमेश सिंह ने भी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पटना चलने की अपील की। इस मौके पर चंद्रमोहन तिवारी, संजय तिवारी, अनिल सिंह, झूलन सिंह, नरेंद्र राय, पप्पू तिवारी, विक्की सिंह, बिजेंद्र मेहता, गुप्तेश्वर यादव समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के आरबीआर उच्च विद्यालय में रविवार को माय भारत के स्वयंसेवक चंद्र प्रकाश उर्फ हार्दिक सिंह और सत्यम शर्मा के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। स्वयंसेवक चंद्र प्रकाश उर्फ हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देता बल्कि हमारे आने वाला समय में जीवन की सुरक्षा भी प्रदान करेगी प्रत्येक वर्ष कम से कम मनुष्य को एक एक पौधा लगाना चाहिए जिस तरह अपने परिवार को देखरेख किया जाता है उसी प्रकार पौधा को लगाकर देख लेक करना अनिवार्य है पेड़ लगाना जीवन बचाना एक बेहतर चीज है इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाया गया कस्तूरबा गांधी के वार्डन अनुराधा कुमारी ने कहा कि युवा वर्गों के लोगों के द्वारा जो पौधा लगाने का कार्यक्रम किया जा रहा है। निश्चित रूप से यह जीवन बचाने में बेहतर कार्य करेगा साथ ही साथ पौधारोपण किया जाने से पर्यावरण संतुलित रहता है जिससे मनुष्य को जीवन में विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाया जा सकता है इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे रोहन कुमार, प्रांशु कुमार, राहुल कुमार, आलोक कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, निभा कुमारी, सोनाली कुमारी सोनम कुमारी रूपा कुमारी उपस्थित थे।

# प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ ने किया 221वें साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई 'प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ' जहानाबाद के द्वारा लगातार 221वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड के कड़ौना गांव में किया गया। मौके पर उपस्थित गौरवकान्त शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए प्रकृति द्वारा प्रदत अनुपम उपहार है। वृक्ष जीवन को गति देने और यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करते हैं कि भू-मंडल पर सब कुछ संतुलन में रहे। दिन-प्रतिदिन कम होते पेड़- पौधे और जंगल के क्षरण होने की समस्या के साथ-साथ कई प्रकार के वैश्विक समस्या दुनियां के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान, ग्रीन हाउस प्रभाव, कई प्रकार के त्रासदी ला रही है, इसके पीछे घटते वन संसाधन एक प्रमुख कारण है। देखा जाए तो पेड़-पौधे तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। वे हानिकारक गैस को अवशोषित कर, पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी प्राणवायु के रुप में हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मंत्रोच्चार के साथ वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने कहा कि वृक्ष के घटने के साथ कई प्रकार के जंगली जीवों के अस्तित्व पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि बहुत से जानवर एवं पशु पक्षी पेड़ों पर अपना घर बनाकर रहते हैं। लेकिन,वनों की कटाई एक बड़ी समस्या है,जहाँ हम बहुत सारे पेड़ काटते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े समसस्याएं पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधित सभी समस्याओं के निराकरण के लिए एक ही तरीका है कि हम अपने भू- मंडल को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। गायत्री परिवार के लोगों ने प्रदेशवासियों से इस बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि मानव जीवन और जीव जंतुओं के कल्याण के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए।

# इटवां गांव में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के ईटवां में समारोह का आयोजन कर ग्रामीण विकास मंच की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने की। जबकि संचालन शिक्षा विद् गोपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि प्रभारी बीईओ अशोक कुमार, प्रमुख श्रीनिवास सिंह, ई. संजय कुशवाहा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए बीईओ अशोक कुमार ने कहा वर्तमान समय में सभी परिक्षाएं प्रतियोगी हो गई है। बेहतर करने के लिए मेहनत करना होगा। ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर स्पर्धा बढ़ती है। उन्होंने कहा सभी क्षेत्रों में मेहनत से आगे बढ़ा जा सकता है। छात्र-छात्राएं कल के भविष्य होते है। पुस्तकालय खोलें इससे प्रतियोगिता कि तैयारी में मदद मिलेगा। शिक्षित हैं तो चहुमुखी विकास होगा। प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने कहा सुदूर गांव में सभी क्षेत्रों में ग्रामीण विकास मंच बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा गांव में जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को जागरूक किया। ई. संजय कुशवाहा ने कहा इस संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षित करना है। उन्होंने कहा शिक्षा अंधकार से प्रकाश कि ओर ले जाता है। आगे बढने का आधार शिक्षा है। पूर्व शिक्षक रामपरिखा सिंह, संस्था के सचिव लक्ष्मण सिंह कुशवाहा, अध्यक्ष राजकुमार, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष कुमार अश्विनी उर्फ निपू , जाकिर हुसैन, रिटायर्ड शिक्षक बिजेन्द्र सिंह, रालोमो नेता श्रीकांत प्रसाद, गंगा देयाल पासवान अनिरूद्ध कुमार, शशिभूषण सिंह सहित शिक्षाविदों ने विचार व्यक्त किया। मैट्रिक में प्रथम मनीष कुमार मिश्रा, द्वितीय रिशु कुमारी, तृतीय रबिता कुमारी इंटर में प्रथम ऋचा कुमारी, द्वितीय नैना कुमारी, तृतीय मधु प्रिया सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के रानी ब्रजराज उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय के सभागार में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित, मंगलाचरण एवं स्वागत गान से किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार एवं संचालन अजीत कुमार सिंह व सत्येंद्र प्रसाद ने किया। प्रधानाध्यापक अरूण कुमार एवं कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र शर्मा ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अब्दुल माजिद खां, गुरूदयाल प्रसाद, सुरेश प्रसाद सिंह, बिन्देश्वर प्रसाद सिंह, उदय प्रताप सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, अवधेश कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, मो अब्दुल एवं आये अतिथियो को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने शिक्षा पर आधारित गीत की प्रस्तुती दी। सेवानिवृत्त शिक्षको ने उपस्थित छात्रो को कडी मेहनत कर उच्च शिक्षा हासिल करने का सलाह दिया साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकगणो ने बारी बारी से वाक्य में छात्रों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मो शाहिद हुसैन, उमापति मिश्र, अफजल हुसैन, कृषदेव प्रसाद, संभु नाथ ठाकुर, राजवंशी प्रसाद, बिरजा प्रसाद, अवधेश कुमार सिंह, अब्दुल सवार, कालेन्द्र मिश्र, ममता, अनील, गिरजनन्दन प्रसाद, अरविंद , आरबीआर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार सिंह आदि थे।

# हरितालिका तीज के आगमन से बाजार में लौटी रौनक

## चूड़ियों की खनक और श्रृंगार का रंग सुहागिनों को कर रहा आकर्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** सुहागिनों का प्रिय पर्व हरितालिका तीज नजदीक आते ही जहानाबाद शहर के बाजार और कस्बों में रौनक बढ़ गई है। तीज के बस एक दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में जहानाबाद के शिवाजी पथ, निचली रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन रोड, काको रोड सहित प्रखंड स्तर के सभी बाजार और कस्बों में चूड़ी, कंगन, साड़ी, मेंहदी और सौंदर्य सामग्री की खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। दुकानों पर भगवान शिव-पार्वती एवं गणेश जी की मूर्तियां और मिट्टी के शिवलिंग भी सजे हुए हैं। इस व्रत को विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए रखती हैं, वहीं अविवाहित कन्याएं भी योग्य वर की प्राप्ति के लिए तीज का उपवास करती हैं। जहानाबाद शहर के निचली बाजार में खरीददारी करने पहुंची अर्चना शर्मा ने बताया कि शादी के बाद से हर वर्ष वो हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं। उन्होंने बताया कि महिलाएं निर्जला रहकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। इस अवसर पर मिट्टी के शिवलिंग की स्थापना, कथा श्रवण और रातभर जागरण की परंपरा भी निभाई जाती है। बाजार में खरीददारी करने आई कोमल कुमारी ने कहा, ल्तीज केवल पति की लंबी उम्र की कामना का अवसर ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का माध्यम भी है।ङ्क वहीं, अविवाहित कन्याएं भी इस व्रत को लेकर उत्साहित दिखाई दीं। तीज का सामान बेचने वाली गायत्री ने बताया, इस बार भगवान शिव-पार्वती की मूर्ति और शृंगार के सामान पर कॉम्बो ऑफर रखा गया है, जिसकी कीमत 350 रुपये से शुरू होती है। तीज के अवसर पर पुरुष भी अपने जीवन साथी को कुछ न कुछ उपहार देते हैं, लिहाजा बाजार में अपने सजनी के लिए उपहार की खरीदारी करते पुरुष भी नजर आए। बाजार में श्रृंगार और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखकर दुकानदार भी गदगद नजर आए। जैसा कि ज्ञात हो नहाए खाए के परंपरा के साथ आज हरितालिका तीज की शुरुआत हो जायेगी। मंगलवार को महिलाएं 24 घंटे के निर्जला उपवास रखकर तीज व्रत रखेंगी। इस दौरान सुहागिन महिलाएं भगवान शिव-पार्वती और गणेश जी पूजा अर्चना करने के साथ हरितालिका तीज व्रत कथा का श्रवण करते हुए मांगलिक गीत गाएंगी। इस दौरान कई महिलाएं रात्री में जागरण का आयोजन भी सामूहिक रूप से करती हैं। हरितालिका तीज का उपवास काफ़ी कठिन माना जाता है लेकिन महिलाएं इसे अपने सौभाग्य मानते हुए पति के लंबी आयु और मंगल कामना के लिए यह व्रत रखती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरूआ में अपहरण कर किशोर की हत्या मामले में तीन हिरासत में

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बरबिघा के पिलकजरिया गांव में अपहरण कर किशोर की हत्या मामले में उसके भाई प्रिंस कुमार के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई थी, जहां पुलिस ने मौके पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ कर रही है, गिरफ्तार लोगों में सुनील कुमार, रवि कुमार और सुनील कुमार की पत्नी धर्मशिला देवी है। लिखित आवेदन में पूर्व से चली आ रहे जमीन विवाद का मामला बताया गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, फिलहाल नामजद अभियुक्तो को थाने लाकर जांच पड़ताल की जा रही है। बहरहाल बरबीघा निवासी विक्की कुमार उम्र 14 वर्ष पिता टुनटुन यादव घर से शौच के लिए निकला था लेकिन उसके बाद से वह लापता था, जिसकी मां ने थाने में गुमशुदगी की मामला दर्ज कराई थी और उसके अगले सुबह दरगाह के पास पानी में शव मिला था, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच में जुटी हुई है।

### भगवानगंज पुलिस ने पिस्तौल के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पालीगंज मार्ग में भगवानगंज थाना क्षेत्र के बेदौली मोड़ के पास भगवानगंज पुलिस ने बाइक चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को पिस्तौल के साथ रंगे हाथ दबोच लिया है। दरअसल गिरफ्तार युवक का नाम गोविंदा उर्फ.छोटी उम्र 30 वर्ष पिता दीनानाथ प्रसाद हैष जो पुरनचक का रहने वाला है। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गोविंदा अपने घर पुरनचक से कमर में पिस्टल लेकर दुल्हिनबाजार जा रहा था, पूछताछ के दौरान अपराध की योजना बनाने के लिए स्वीकार किया। वहीं सूचना मिलते ही एएसपी कोमल मीणा भी मौके पर पहुंची और गिरफ्तार युवक से पूछताछ की हालांकि गिरफ्तार युवक से अभी पूछताछ की जा रही है कि आखिर पिस्तौल लेकर दुल्हीन बाजार क्यों जा रहा था, किसके पास जा रहा था, कि घटना को अंजाम देने की फिराक में था, इन सारी बातों को पुलिस गहनता से बिंदुवार पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अंचलाधिकारी ने लिया जायजा, बैग पिचिंग का कार्य शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी धनरूआ में आए बाढ़ के पानी से तकरीबन 5 पंचायत एक बार फिर से प्रभावित हो गए हैं। जिसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रशासनिक पदाधिकारी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रविवार को अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बराहमपुर पंचायत के अरमल, चकरमल, बघवर गांव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और तटबंधों का निरीक्षण करते हुए जिओ बैग भरने के निर्देश दिए, वहीं



भखरी पुल पर बने तटबंध से पानी ऊपर क्रॉस कर रहा है जिसे जल संसाधन विभाग को अविलंब बैग पिचिंग कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा बहोरीचक तटबंध को भी दुरुस्त करने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी राजस्व कर्मी एवं अन्य सभी कर्मियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को लगातार मॉनिटरिंग करने तटबंध की सुरक्षा करने एवं बाढ़ राहत कार्य को चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

### लगातार हो रही बारिश से सड़क बीचो-बीच गिरा विशालकाय पीपल का पेड़, आवागमन पूर्णतः बाधित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पितमास मार्ग के कोरियावां भाया मखदुमपुर जाने वाली रास्ता में कोरियावां गांव के पास सड़क के बीचोबीच एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे कई जगहो पर बिजली के पोल भी इस जद में आकर उखड़ गए, पीपल के पेड़ जड़ सहित उखड़ने के बाद आवागवन पूर्णतः बाधित हो गया है। तकरीबन 20 गांव का आना-जाना इसी रास्ते से होता है जो पूर्णतः बाधित हो गया है। कराय पंचायत के मुखिया पिंकू कुमार सिंह ने इसे जल्द ही सड़क के बीच से हटकर आवागमन बहाल करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने बताया इस रास्ते से तकरीबन 20 गांव के लोगों का आवा गमन होता है, बीचो-बीच सड़क पर एक विशालकाय पेड़ गिर जाने से बैरागीबाग, भीमपुरा,थलपुरा,घोरहुआं,बांसडीह, चांदचक, समेत तकरीबन 20 गांव के लोगों को इस रास्ते से आने-जाने में प्रभावित हुआ है। इसके अलावा विशालकाय पेड़ गिरने से कोरियावां में समेत कई गांव की बिजली गुल हो गई है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। हालांकि विशालकाय पेड गिरने से अभी तक कोई जान माल का नुकसान नहीं हो पाया है।

### पेड़ से लटका युवक का शव बरामद,हत्या का आरोप लगाकर परिजनों का हंगामा

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीपनगर थाना क्षेत्र के लाखरावां गांव में रविवार को पंचाने नदी किनारे एक पीपल के पेड़ से फंदे पर लटका एक युवक का शव मिला। मृतक विनोद प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। गांव की एक महिला सबसे पहले पेड़ से लटके शव को देखी और शोर मचाया।कुछ ही देर में सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया। मृतक के चाचा अनीश कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व विवाद हुआ था। पुलिस दो लोगो को इस मामले में हिरासत में लिया। इस दौरान आक्रोशित लोग हिरासत में लिए गए लोगो की पिटाई करने लगी। किसी तरह पुलिस उसे बचाकर थाने ले गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धनरूआ में बाढ़ का कहर, पांच पंचायतों में घुसा बाढ़ का पानी,कई तटबंध टूटे, 40 गांव बाढ़ की चपेट में



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड में एक बार फिर से पांच पंचायतों में बाढ़ का कहर है, जहां पर कई नदियां ऊफान पर हैं, जिसमें कररूआ नदी, भूतही नदी, बलदाही नदी,लोकाईन नदी में ऊफान है, जिसको लेकर धनरूआ प्रखंड के देवधा पंचायत,वीर पंचायत,छाती पंचायत, और बहरामपुर पंचायत बाढ़ से पूरी तरह से प्रभावित हो चुके हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बहरामपुर पंचायत में बाढ़ का कहर देखा गया है,जहां बघवर गांव में कई घरों में लगभग 50 घर में पानी घुस गया है, सरकारी स्कूल में पानी घुस गया है, हर गली मोहल्ले में पानी घुस गया है। वही अरमल गांव में 10 घर, चकरमल में 30 घर, सिमहाडी मे 35 घर बाढ से प्रभावित हुए है, इसके अलावा बलवा पर पिपरामा,नदउआं, अमरपुरा, पचासा पर, मढीपर के पास खंदा का तटबंध टूटा है। वही बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार ने बताया कि लगभग 2 हजार बीघा में लगी हुए फसल क्षति का अनुमान है और यह तीसरी बार किसानों को फसल क्षति हुई है। दो बार बाढ़ का पानी आया था जहां किसानों ने अपने खेतों में धान रोपनी की थी, कई घरों में बाढ़ आपदा हुआ है, सरकार से मांग करते हैं कि बाढ राहत कार्य चलाया जाय, इसके अलावा छाती पंचायत में पांच गांव प्रभावित हुए हैं जिसमें असरफपुर, नसरतपुर, बांसबीघा, सिम्हाडी प्रभावित हुए हैं। वहीं भुतही नदी के पास खंदा में तटबंध टूट गया है। छाती पंचायत के मुखिया किशोरी बिंद ने बताया कि तकरीबन 35 एकड़ की खेती प्रभावित हुई है। वही देवधा पंचायत में भखरी, अवधारा,पभेडी, देवधा गांव फिलहाल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। देवधा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार ने बताया कि भखरी और अवधारा में कई घरों में पानी घुस गया है। वहीं विजयपुरा पंचायत में चमरबीघा, मठीया पर, बडीहा खंदा, विजयपुरा, मानिक बीघा आदी गांव में पानी घुसा है और फसल क्षती हुई है। वहीं वीर पंचायत में कुशवन तटबंध टूटा है, भोलाचक, हुलासचक, सेवधा,दौलता, मिर्जाचक, हासोपुर, रसुला,गुडमुंडिया चक, रामगढ़ बहोरीचक बीघा, निजामत, डोमन बीघा, नौरंगाबाद आदि में गांव में बाढ का पानी घुस गया है। सैकडों बीघा में फसल क्षती हुई है। बहरहाल धनरूआ के पांच पंचायत में आए बाढ़ के पानी से गांव गली खेती हर तरफ पानी से लबालब हो चुका है। ऐसे में ग्रामीणों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जहां पर घर से निकलना मुश्किल हो रहा है मवेशियों के लिए चार जुटा पाना मुश्किल हो रहा है, घर से निकलने में भी परेशानी हो रही है। वहीं बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार और देवधा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार अपने पंचायत में घूम घूम कर बाढ़ का जायजा ले रहे हैं, इसके अलावा कुकुरवारा, मधमामठ पास बाढ़ का पानी घुसने से जन जीवन प्रभावित हो चुका है।वहीं बरहमपुर के सबसे ज्यादा बघवर और सिमहाडी में गांव के हर गली में पानी आ जाने से लोग निकलना मुश्किल हो रहा है।

## सुशासन का सार आपके द्वार,अभियान के तहत जदयू गांव-गांव कर रहा प्रचार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू की ओर से ह्लसुशासन का सार आपके द्वारह्व कार्यक्रम गांव गांव डोर टू डोर चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में,पुनम देवी, प्रियंका कुमार, रूची अरोड़ा,आदी टीम मे शामिल रही। श्वेता विश्वास ने बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है। मसौढी के ग्राम रौनिया, भगवानगंज, समस्तीचक, नदौल आदी जगहों पर कैंपेन चलाया गया।इस अभियान में सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना है। कुमारी खुशबूरानी ने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान है. उन्होंने कहा कि अब समय है कि प्रदेशभर में बूथ स्तर तक सघन अभियान चलाकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट, हैंडबिल और स्टिकर के माध्यम से प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंचाया जाये. इस अभियान की सफलता के लिए गांव गांव मे सरकार के बिस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन जन पहुंचाना है। मुख्यमंत्री निरंतर जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं।

## मसौढ़ी विधानसभा के विभिन्न बूथों पर दावा और आपत्ति के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष शिविर लगाए जा रहे है। इस शिविरों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे और आपत्तियां ली जा रही हैं।

ऐसे में मसौढी विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 और डी (घोषणा पत्र) संशोधन के लिए प्रपत्र 8 और नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा किया जा रहा है।बता दें कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 26 जुलाई तक गणना प्रपत्रों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया था। इसके बाद एक अगस्त को मतदाता सूची के ड्रॉफ्ट का प्रकाशन निर्वाचन आयोग के तरफ से जारी कर दी है। तत्पश्चात 2 से 31 अगस्त तक विशेष शिविरों का आयोजन कर दावा और आपत्ति जमा की जानी है। इस दौरान गणना प्रपत्र के सत्यापन के समय दस्तावेज नहीं जमा करने वाले मतदाता अपना दस्तावेज भी जमा कर सकेंगें। इसके बाद 30 को अंतिम मतदाता सूची जारी होनी है।वहीं जिन नागरिकों को अपने नाम, पते या अन्य विवरणों में संशोधन कराना है, वे प्रारूप-8 के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं. बिहार के बाहर से स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को भी प्रपत्र-8 के साथ घोषणा पत्र (एनेक्सचर डी) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## बदलो सरकार बदलो बिहार नारे के साथ भाकपा माले व राजद कार्यकताओं की बैठक, बूथ स्तर पर तैयारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बदलो सरकार बदलो बिहार नारे के तहत भाकपा माले कार्यालय मसौढी में भाकपा माले व राजद कार्यकताओं की बैठक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मतदाताओं को जागरूक करने व 1 सितंबर को वोटर अधिकार यात्रा पटना की तैयारी में 27 अगस्त को मसौढी विधानसभा का इंडिया गठबंधन का बुथ स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन सौभाग्य उत्सव हॉल दमड़ीचक मसौढी में करने की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई।इस बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले के मसौढी प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने की। इस बैठक में माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार जिला कमेटी सदस्य नागेश्वर पासवान धनरूआ प्रखंड सचिव अक्लु



पासवान, निरंजन वर्मा, राजद के मसौढी प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, के विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, राजद के बृजनंदन सहाय, सोनमई पंचायत के मुखिया व राजद नेता रंजीत कुमार डेवा पंचायत के मुखिया व राजद नेता संतोष कुमार, माकपा के अनुमन्डलीय सचिव प्रोफेसर चन्देश्वर प्रसाद मन्डल, कृष्णा दास संजय पासवान, मनीष पासवान, राघो प्रसाद मुकेश मिस्त्री अशोक गुप्ता मुद्रिका पासवान गुडु अंसारी रंजीत चौधरी राकेश कुमार शामिल थे ।बैठक से निर्णय लिया गया की चुनाव आयोग तत्काल सभी बीएलओ की मान्यता प्रदान करें 1 सितंबर को पटना में वोटर अधिकार यात्रा को सफल बनाने के लिए और मतदाताओं को नाम जुड़वाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुथ स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन 27 अगस्त मसौढी की तैयारी को अमली जामा पहनाने पर गंभीर विचार विमर्श हुआ ।

## लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज हर्ष हॉस्पिटल, बुद्धा कॉलोनी में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था द्वारा, लायन डॉ. सुमन कुमार एवं लायन डॉ. हेमा नारायण के मार्गदर्शन में, ब्रहमाकुमारीज एवं पीएमसीएच ब्लड बैंक टीम के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डीजीपी आलोक राज, शशांक शेखर (सचिव, आयुष्मान भारत, बिहार सरकार), अरविंद चौधरी (मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग) तथा बहन मृदुल (ब्रहमाकुमारी)।

क्लब की ओर से इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. कुमार राहुल, क्लब सचिव लायन मेघा सिंह,



लायन मृत्युंजय कुमार सिंह, लायन विशाल सिंह, लायन मणिबाला सिंह, लायन सुदेश्वर सिंह, लायन शशांक शेखर, लायन डॉ. अर्नब सिन्हा एवं लायन डॉ. राणा संजय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का परिचय दिया। इस अवसर पर स्वीट होम एवं हरिलाल की ओर से स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की गई। लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था निरंतर समाजसेवा एवं मानवीय कार्यों के लिए समर्पित है और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान को लेकर राजद कार्यकताओं की बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी विधानसभा चुनाव से पहले मसौढी विधानसभा क्षेत्र में राजद पार्टी में कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। दरअसल मसौढी विधानसभा में राजद कार्यकर्ता दो खेमों में बट गए हैं। एक खेमा विधायक के पक्ष मे है तो दुसरा खेमा विधायक के विरोध मे है।जहां विरोधी खेमा के लोग रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान चलाकर लगातार अपना पुरजोर विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में शनिवार को बरनी रोड स्थित बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सूरजदेव प्रसाद यादव ने की, संचालन नगर अध्यक्ष वीरेंद्र उर्फ किरी यादव ने की मौके पर मनोज मुखिया,संटू यादव, लाल बिहारी यादव, धनी सिंह यादव,



पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, संतोष अनमोल, के अलावा सैकडों लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में विधायक रेखा देवी के पिछले दस वर्षो के कार्य व्यवहार की चर्चा की गई, कई वक्ताओं ने कहा कि विधायक रेखा देवी सभी पदाधिकारीयों के दलाल बन गए हैं सिस्टम में लड़ने के बजाय सिस्टम से दलाली का पैसा इकट्ठा कर रहे हैं।और किसी भी कार्यकताओं के मान सम्मान का ख्याल नही रखते है।इस लिए हमसबों ने संकल्प लिया है की गांव गांव मे इसका पुरजोर विरोध होगा,और राजद पार्टी के आलाकमान को इसकी सूचना दि जायेगी, की मसौढी विधानसभा मे इस बार रेखा देवी को टिकट नही दिया जाये,और अगर हमसभी कार्यकताओं की बात नही मानी गई तो हमसभी या तो वोट नही करेंगे या फिर वोट विरोध मे जायेगा, और मसौढी से हजारों की संख्या मे तेजस्वी यादव से मिलेगें और मसौढी से रेखा देवी को टिकट नही देने का अपिल करेगें।बैठक मे अरूण कुमार, उमेश यादव, अरुण यादव, अश्विनी यादव, जितेंद्र कुमार यादव, कृष्ण यादव, राजनंदन यादव,दिलखुश यादव,चंदन कुमार, सतिश कुमार, कौशल कुमार, ई.नंदकिशोर,बल्लम यादव,डॉ संजय,संजीव कुमार, मृत्युंजय पेरियार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चुनाव से पहले मसौढ़ी में दो खेमों मे बंटा राजद, मसौढ़ी विधायक रेखा देवी के कार्य व्यवहार की समीक्षा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी विधानसभा चुनाव से पहले मसौढी विधानसभा क्षेत्र में राजद पार्टी में कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। दरअसल मसौढी विधानसभा में राजद कार्यकर्ता दो खेमों में बट गए हैं। एक खेमा विधायक के पक्ष मे है तो दुसरा खेमा विधायक के विरोध मे है।जहां विरोधी खेमा के लोग रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाओ अभियान चलाकर लगातार अपना पुरजोर विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में बरनी रोड स्थित बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सूरजदेव प्रसाद यादव ने की, संचालन नगर अध्यक्ष वीरेंद्र उर्फ किरी यादव ने की मौके पर मनोज मुखिया,संटू यादव, लाल बिहारी यादव, धनी सिंह यादव, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, संतोष अनमोल, के अलावा सैकडों लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में विधायक रेखा देवी के पिछले दस वर्षो के कार्य व्यवहार की चर्चा की गई, कई वक्ताओं ने कहा कि विधायक रेखा देवी सभी पदाधिकारीयों के दलाल बन गए हैं सिस्टम में लड़ने के बजाय सिस्टम से दलाली का पैसा इकट्ठा कर रहे हैं।और किसी भी कार्यकताओं के मान सम्मान का ख्याल नही रखते है।इस लिए हमसबों ने संकल्प लिया है की गांव गांव मे इसका पुरजोर विरोध होगा।

# डुमरी रेलवे स्टेशन बना नाम का जंक्शन, नहीं रूकती एक्स. व कई मेमू ट्रेन, डेढ़ साल पहले बना था जंक्शन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी पटना गया रेलखंड का एक ऐसा रेलवे स्टेशन जो सिर्फ नाम का ही जंक्शन है. इसकी सूरत बदलने के लिए यहां डेढ साल पहले-मॉडलिंग का काम हुआ था, लेकिन आज तक यहां एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकी. लोगों को कोसों दूर जाकर दूसरे स्टेशनों से लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी पड़ती है. इस जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट भी नहीं कटता है।

डुमरी जंक्शन को चमकाने में रेलवे ने कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन रेलवे की ये कवायद यात्रियों के काम नहीं आ रही है. डेढ साल पहले इस हॉल्ट को जकंशन का दर्जा दी गई थी। यहां कुल प्लेटफार्म बनाए गए. फिर भी इस जंक्शन पर सन्नाटा पसरा रहता है, क्योंकि यहां एक्सप्रेस ट्रेनें आज भी नहीं रुकतीं. यहां के लोगों को नजदीकी रेलवे स्टेशन पुनपुन जाकर लंबी




दूरी की ट्रेनें पकड़नी पड़ती हैं। स्थानीय निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि डुमरी जंक्शन पर रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, कोसी सुपर एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र गया एक्सप्रेस, पटना गया मेमू मेला स्पेशल, भभुआ रोड इंटरसिटी एक्सप्रेस, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस, गंगा दामोदर एक्सप्रेस, जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों की आज भी दरकार है. ये ट्रेनें यहां से गुजरती तो हैं, लेकिन रुकतीं नहीं. अगर ये ट्रेनें यहां रुकने लगें तो लोगों को दूसरे स्टेशनों पर जाने की जरूरत न पड़े. रेलवे से कई बार इस विषय में मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।स्थानीय लोगों में कृष्ण प्रसाद यादव, केसरी नंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राम लखन यादव, अजय यादव, संगीता देवी,राजगीर यादव, मंटु यादव आदि ने बताया कि बीते 11 तीन 2024 को दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों को लिखित मांग पत्र देकर डुमरी जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन को कटरा की मांग की गई थी लोगों ने बताया कि बिते 9 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल इस जंक्शन का उद्घाटन किया था, लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब कई एक्सप्रेस ट्रेन देखने को मिलेंगे, बावजूद डुमरी जंक्शन बनने के बावजूद आज भी यह हॉल्ट जैसा ही फितरत बनी है। वही डुमरी जंक्शन के स्टेशन मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि कई एक्सप्रेस ट्रेनों का अभी तक ठहराव की स्वीकृति नहीं मिली है।

### डुमरी जंक्शन के दक्षिणी अंडरपास में भरा दो फीट पानी, आवागमन में बढ़ी परेशानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी लगातार दो दिनों से हो रहे बारिश से पटना गया रेल खंड के जट डुमरी जंक्शन के दक्षिणी अंडरपास जो पटना गया रोड के समनचक गांव के ठीक सामने बेवपतरी नगर अंडरपास में लगातार हो रहे बारिश से लगभग डेढ़ से दो फीट पानी भर आया है। जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है, और इस अंडरपास से तकरीबन आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों के आवाजाही में परेशानी बढ़ गई है, जिसमें इस अंडरपास से चानेडीह, जोलबीघा, बाकडपुर, मुस्तफापुर, घोपतपुर, डुमरी एवं सम्मनचक आदि गांव के लोगों के लिए यह आवागमन का रास्ता रहा है, जो बारिश होने से अंडरपास में पानी भर आया है जिसे न केवल वाहन चालकों को परेशानी बढ़ गई है।



# चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया सन्यास

## दो साल से टीम से बाहर थे, सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का अंत होता है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी। पुजारा ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच जून 2023 (टेस्ट) में खेला था। उनका इंटरनेशनल करियर 15 साल का रहा। इंटरनेशनल क्रिकेट में पुजारा ने साल 2010 में डेब्यू किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में डेब्यू किया था, जो कि एक टेस्ट मैच था। टेस्ट क्रिकेट में पुजारा ने 103 मैच की 176 पारियों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए। इस दौरान 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 206* रन रहा है। हालांकि, वनडे में उन्होंने 5 मैच खेले और 10.20 की औसत के साथ कुल 51 रन बनाए थे, जिसमें उनका बेस्ट 27 रन था। वे कोई टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेल सके थे।

### हर अच्छी चीज का अंत होता है

पोस्ट में लिखा, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और मैदान पर हर बार अपना बेस्ट प्रदर्शन करना एक ऐसा अनुभव था जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन जैसा कि कहते हैं, हर अच्छी चीज का अंत होता है। मैं दिल से आभारी हूं और सभी फॉर्मेट से क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

### मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं

पुजारा ने लिखा, मैं बीसीसीआई और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को मेरे क्रिकेट करियर में मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रेंचाइजी और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं इतने सालों में प्रतिनिधित्व कर पाया हूं। मैं अपने गुरुओं, प्रशिक्षकों और आध्यात्मिक गुरु के अमूल्य मार्गदर्शन के बिना यहां तक नहीं पहुंच पाता। मैं उनका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे सभी साथियों, सहयोगी स्टाफ, नेट बॉलर, विश्लेषक, लॉजिस्टिक्स टीम, अंपायर, ग्राउंड स्टाफ, स्कोरर, मीडियाकर्मियों और उन सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जो पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करते हैं ताकि हम इस प्यारे खेल में प्रतिस्पर्धा कर सकें और खेल सकें। मेरे प्रायोजकों, साझेदारों और प्रबंधन टीम के लिए मैं सालों से मुझ पर आपकी निष्ठा और विश्वास और मेरे मैदान के बाहर की गतिविधियों का ध्यान रखने के लिए आपका तहे दिल से आभारी हूं।

### अगले पड़ाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं

यह खेल मुझे दुनिया भर में ले गया है और फैंस का जोशीला समर्थन और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रही है। मैंने जहां भी खेला है, वहां की शुभकामनाओं और प्रेरणा से मैं अभिभूत हूं और हमेशा आभारी रहूंगा। निश्चित रूप से यह सब मेरे परिवार-, मेरे माता-पिता, मेरी पत्नी पूजा, मेरी बेटी अदिति के अनगिनत त्याग और अटूट समर्थन के बिना संभव या सार्थक नहीं हो पाता। मैं अपने जीवन के अगले पड़ाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।

### पुजारा की 5 सर्वश्रेष्ठ इनिंग्स

- 206 बनाम इंग्लैंड, अहमदाबाद, 2012
- 389 गेंदों पर नाबाद 206 रन, 21 चौके, स्ट्राइक रेट 52.96
- 204 बनाम ऑस्ट्रेलिया, हैदराबाद, 2013
- 341 गेंदों पर 204 रन, 30 चौके और एक छक्का, स्ट्राइक रेट 59.82
- 153 बनाम दक्षिण अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2013
- 270 गेंदों पर 153 रन, 21 चौके, स्ट्राइक रेट 56.67
- 123 बनाम ऑस्ट्रेलिया, एडिलेड, 2018
- 246 गेंदों पर 123 रन, 7 चौके, 2 छक्के, स्ट्राइक रेट 50.00
- 202 बनाम ऑस्ट्रेलिया, रांची, 2017
- 525 गेंदों पर 202 रन, 16 चौके, स्ट्राइक रेट 38.47।

# ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श ने रचा इतिहास

## द. अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग साझेदारी की



### ● ऑस्ट्रेलिया की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी जीत, अफ्रीका को 276 रन से हराया

**मैकाय (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 276 रनों से हरा दिया। हालांकि, साउथ अफ्रीका ने यह सीरीज 2-1 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया की वनडे इतिहास में रन के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टीम की सबसे बड़ी जीत 309 रन की है, जो 2023 में नीदरलैंड के खिलाफ दर्ज की थी।

रविवार को मैकाय में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 2 विकेट पर 431 रन बनाए। जबाव में साउथ अफ्रीका की टीम 155 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद वनडे में 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इससे पहले, 4 मार्च 2015 को पर्थ में अफगानिस्तान के खिलाफ 417 रन बनाए थे।

**● ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार बनाया 400+ का स्कोर -** ऑस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में तीसरी बार 400 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने पहली बार 400 रन का आंकड़ा 2006 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही पार किया था। तब जोहांसबर्ग में खेले गए वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 434/4 का स्कोर बनाया था। हालांकि, साउथ अफ्रीका ने जवाब में 49.5 ओवर में 9 विकेट पर 438 रन बनाकर मैच जीत लिया था।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी बार 400+ का स्कोर 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। तब ऑस्ट्रेलिया ने 417/6 का स्कोर बनाया। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 142 रन पर ऑलआउट हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने मैच 275 रन से जीत लिया।

### वनडे में सबसे ज्यादा 400+ का स्कोर साउथ अफ्रीका के नाम

साउथ अफ्रीका ने वनडे में सबसे ज्यादा 8 बार 400 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। दूसरे स्थान पर मौजूद भारतीय टीम ने 7 बार यह कारनामा किया है। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार 400 रन का आंकड़ा पार किया है।

# अनऑफिशियल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस टीम जीती

## दूसरी पारी में तीन खिलाड़ियों के अर्धशतक, भारत को 6 विकेट से हराया

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस टीम ने अनऑफिशियल टेस्ट में इंडिया-ए को 6 विकेट से हरा दिया। ब्रिसबेन में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया-ए ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने पहली पारी में 299 और ऑस्ट्रेलिया ने 305 रन बनाए थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में 286 रन ही बना सकी और ऑस्ट्रेलिया को 281 रन का टारगेट दिया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने चौथे और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।



### तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाए

चौथे दिन रविवार को भारतीय टीम ने 260/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम दूसरी पारी में 286 रन पर सिमट गई। 281 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की और से दूसरी पारी में तीन खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाए। अनिका लियरॉयड ने 72, मैडी डार्के ने 68 और राचेल ट्रेनमैन ने 64 रन बनाए। कप्तान ताहिल विल्सन ने 46 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से साइमा ठाकोर ने 2 विकेट लिए। वीजे जोशीता और तनुश्री सरकार को 1-1 विकेट मिला।

### राघवी बिष्ट 119 बॉल पर 86 रन बनाए

भारत ने दूसरी पारी में 286 रन बनाए। टीम के लिए राघवी बिष्ट 119 बॉल पर 86 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 58 बॉल पर 52 रन बनाए। तेजल हसबनिस ने 39, तनुश्री सरकार ने 25 और धारा गुज्जर ने 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए एमी एडगर ने 4 विकेट झटके। जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 2 विकेट लिए। सिआना जिंजर और मैटलान ब्राउन को 1-1 विकेट मिला।

### सिआना जिंजर का शतक

ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए पहली पारी में सिआना जिंजर ने शतक लगाया। उन्होंने 138 बॉल पर 103 रन बनाए। निकोल फाल्टम ने 91 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। कप्तान ताहलिया विल्सन ने 49 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से साइमा ठाकोर ने 3 विकेट झटके। राधा यादव और मिन्नु मणि ने 2-2 विकेट लिए। वीजे जोशीता, तनुश्री सरकार और तितास साधु को 1-1 विकेट मिला।

# सीएम पंक ने की अपने जानी दुश्मन की तारीफ, क्लैश इन पेरिस में होगा सामना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप हाल ही में हारने के बावजूद, डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार सीएम पंक ने अपने प्रतिद्वंद्वी सैथ रॉलिंस की जमकर तारीफ की है। रॉलिंस ने मनी इन द बैंक ब्रीफकेस का फायदा उठाकर पंक को हराया था। यह जीत उन्होंने समरस्लैम 2025 में हासिल की जहां वह चोट का नाटक करते हुए बैसाखी के सहारे आए थे और चैंपियनशिप जीतकर वापस गए।



**सीएम पंक ने कही ये बात -** पंक ने ईएसपीएन को दिए एक इंटरव्यू में अपनी हार पर बात करते हुए कहा, सैथ एक बेहतरीन प्रतियोगी हैं और वह चैंपियन बनने के लायक हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह रॉलिंस को उनके करियर की शुरुआत से जानते हैं। पंक का यह बयान दोनों के बीच की पुरानी और कड़वी दुश्मनी को देखते हुए काफी चौंकाने वाला है। सैथ रॉलिंस और सीएम पंक के बीच की दुश्मनी सर्वाइवर सीरीज 2023 में पंक की वापसी के बाद शुरू हुई थी। फैंस को उम्मीद थी कि दोनों का मुकाबला रेसलमेनिया 40 में होगा, लेकिन रॉयल रंबल में पंक को लगी चोट की वजह से यह मैच नहीं हो पाया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-28 अगस्त तक फुटबॉल विवाद का समाधान निकालें

## नेशनल फेडरेशन और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच राइट्स पर मतभेद, इससे आईएसएल रद्द हुआ

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से विवाद सुलझाने को कहा है। दोनों संस्थान के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) से जुड़ी समस्या चल रही हैं।इसी वजह से इस सीजन इंडियन सुपर लीग अब तक नहीं खेली गई हैं। लीग के 11 क्लबों ने एआईएफएफ को लिखकर बताया है कि वे बंद होने की कगार पर हैं। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जॉयमल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को निर्देश दिया कि वे आपस में चर्चा करें और 28 अगस्त (अगली सुनवाई की तारीख) तक कोई समाधान निकालें।

**एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच नया एग्रीमेंट नहीं हुआ -** आईएसएल के 2025-26 सीजन को इसलिए रोका गया है क्योंकि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और आयोजनकर्ता कंपनी फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट का नया एग्रीमेंट नहीं हुआ है।



**● 2010 में 15 साल का एग्रीमेंट हुआ था -** एफएसडीएल और एआईएफएफ के बीच 15 साल का समझौता 2010 में हुआ था, जिसके तहत एफएसडीएल हर साल एआईएफएफ को 50 करोड़ रुपए देता है और बदले में उसे भारतीय फुटबॉल (आईएसएल और राष्ट्रीय टीम सहित) का प्रसारण, प्रबंधन और प्रचार का अधिकार मिला है।

### आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ को चेतावनी दी

11 आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि अगर यह विवाद जल्द हल नहीं हुआ, तो वे पूरी तरह बंद होने की स्थिति में आ सकते हैं। क्लबों ने पिछले हफ्ते एआईएफएफ द्ब्स्न्नस्न्न अध्यक्ष कल्याण चौबे को पत्र लिखकर कहा कि एमआरए( मास्टर राइट्स एग्रीमेंट) के नवीनीकरण न होने से पैदा हुआ संकट ने भारत में प्रोफेशनल फुटबॉल को लगभग बंद करा दिया है। क्लबों ने लिखा, पिछले 11 वर्षों में लगातार निवेश और संयुक्त प्रयास से क्लबों ने युवा विकास प्रणाली, ट्रेनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रोफेशनल टीमें बनाई हैं, जिससे भारतीय फुटबॉल की साख देश और विदेश दोनों जगह बढ़ी है। उन्होंने आगे कहा, अब यह डेवलपमेंट गिरने के खतरे में है। मौजूदा रुकावट ने गंभीर नतीजे दिए हैं। संचालन ठप है और लीग के जारी रहने की कोई गारंटी नहीं है, ऐसे में कई क्लब पूरी तरह बंद होने की कगार पर हैं।

### आईएसएल के 11 क्लब कौन से हैं?

इंडियन सुपर लीग में 11 क्लब- बेंगलुरु स्न्नष्ट, हैदराबाद एफसी, ओडिशा एफसी, चेन्नईयिन एफसी, जमशेदपुर एफसी, एफसी गोवा, केरल ब्लास्टर्स एफसी, पंजाब एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, मुंबई सिटी एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग। कोलकाता के दिग्गज क्लब मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल भी आईएसएल खेलते हैं।

# टीम इंडिया के कप्तान बीसीसीआई चीफ और अब हेड कोच!

## सौरव गांगुली अब प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम की मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली अब एक नई भूमिका में दिखेंगे। उन्हें एसए20 के आगामी संस्करण के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। प्रिटोरिया कैपिटल्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने इसकी पुष्टि की है। टीम ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा की।



**सौरव गांगुली को नियुक्त किया कोच -** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह गांगुली को यह जिम्मेदारी मिली है। ट्रॉट का कार्यकाल सिर्फ एक सीजन का रहा। गांगुली पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ टीम डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। लेकिन यह पहली बार है जब वह किसी टीम के मुख्य कोच बनेंगे। गांगुली अब प्रिटोरिया कैपिटल्स को कोचिंग देंगे।

**● पहली बार कोच बने सौरव गांगुली -** यह पहली बार है जब गांगुली को फ्रेंचाइजी क्रिकेट में हेड कोच के तौर पर काम करने का मौका मिला है। इससे पहले गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स में टीम डायरेक्टर के पद पर थे। हालांकि यह पहला मौका होगा जब वह दुनिया की किसी भी टीम के मुख्य कोच के रूप में काम करेंगे। यह बदलाव जोनाथन ट्रॉट के टीम छोड़ने के बाद हुआ है। जोनाथन ट्रॉट सिर्फ एक सीजन के लिए हेड कोच थे। 2025 एसए20 सीजन से पहले उन्हें यह जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन टीम 10 ग्रुप मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ नॉकआउट तक नहीं पहुंच पाई।



# एशिया कप 2025 के लिए भारत पहुंची मलेशिया टीम

## कप्तान ने कहा- राजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मलेशिया की टीम प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप 2025 के लिए राजगीर पहुंची। पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कप्तान ने साफ कहा कि टीम जीतने के इरादे से आई है।

**मरहान जलील ने दिया बड़ा बयान -** मरहान जलील ने कहा, राजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं। हमारी तैयारियां अच्छी रही हैं और हम एक शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं। मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास बेहतरीन अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी का एक्सपोजर है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा चैंपियन कोरिया भी इस टूर्नामेंट में देखने योग्य टीम होगी। उन्होंने कहा, कोरिया भी मजबूत टीम है। इस साल हम उनके खिलाफ खेल चुके हैं और वे बेहद फिट और तेज नज़र आ रहे हैं।

### एशिया कप 2025

# एशिया कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान

## ● राशिद फिर बने कप्तान, स्क्वॉड में पांच फिरकी गेंदबाज

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को एशिया कप 2025 के लिए अपनी टीम का एलान किया। टीम की कमान स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को सौंपी गई। यह स्क्वॉड स्पिनरों से भरा हुआ है, जिसमें कप्तान के साथ-साथ नूर अहमद, मुजीब-उर-रहमान, एएम गजनफर और अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शामिल हैं।अफगानिस्तान ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक पहुंचकर इतिहास रचा था और अब एक बार फिर एशिया कप में धमाल मचाने की तैयारी में है। इस बार के स्क्वॉड से हजरतुल्लाह जजई और जुबैद अकबरी को बाहर कर दिया गया है। वहीं, विकेटकीपर की जिम्मेदारी रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इस्हाक़ के कंधों पर होगी।तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और फरीद मलिक जैसे पेसर्स मौजूद हैं। एशिया कप में अफगानिस्तान को ग्रुप बी में जगह मिली है, जिसमें उसके साथ बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग और श्रीलंका शामिल हैं।



### अफगानिस्तान स्क्वॉड

राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सदीकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह ओमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नईब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इस्हाक, नूर अहमद, मुजीब-उर-रहमान, एएम गजनफर, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी, नवीन-उल-हक।

रिजर्व खिलाड़ी- वफिउल्लाह तरखील, नंगेयालिया खरोटे, अब्दुल्लाह अहमदजई।

# शहर की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, बढ़ रहा हादसों का खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** शहर की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा इन दिनों आम दृश्य बन गया है। रमेश चौक, सब्जी बाजार, कारगिल चौक, जामा मस्जिद और धर्मशाला चौक जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में दिन-रात आवारा पशु बैठे रहते हैं। इससे जहां यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। वाहन चालक और राहगीर रोज़ाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं, परंतु नगर परिषद और जिला प्रशासन इस समस्या पर मौन साधे हुए है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सबसे अधिक दिक्कत रात के समय होती है। कई आवारा पशुओं का रंग काला होता है और वे झुंड बनाकर बीच सड़क पर बैठ जाते हैं। तेज गति से आने वाले वाहन चालकों को ये जानवर नजर नहीं आते और हादसा घट जाता है। बीते दिनों कई छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं वजहों से हो चुकी हैं। लोगों को आशंका है कि यदि स्थिति पर नियंत्रण नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांवों में चारागाह के अतिक्रमण और पशुपालन में गिरावट भी इस समस्या का प्रमुख कारण है। पहले किसान बैल और भैंसा से खेती करते थे, पर ट्रैक्टर के बढ़ते प्रचलन के बाद मवेशियों की उपयोगिता घट गई। अब बड़े पैमाने पर पशु मालिक अपने जानवरों को खुले में छोड़ देते हैं। नतीजा यह होता है कि आवारा पशु शहर और गांव की सड़कों पर घूमते रहते हैं। लोगों का कहना है कि तथाकथित गौ-सेवक संगठन केवल हादसों के बाद सक्रिय होते हैं। यदि वे वास्तव में पशु कल्याण चाहते हैं तो मालिकों को पशुओं को आवारा छोड़ने से रोकें और उनके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें। आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और लोगों की जान-माल की हिफ़ाज़त हो।

## ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर किया जानलेवा हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के मध्य विद्यालय नरची के प्रधानाध्यापक महेश पासवान पर नरची ग्राम निवासी टुनटुन साव एवं अज्ञात ग्रामीणों द्वारा जानलेवा हमला किया गया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने देव के प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन दिया है। वहीं इस आवेदन की प्रतिलिपि देव थानाध्यक्ष, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी औरंगाबाद को भी दी गई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 20 अगस्त को कक्षा 7 के छात्र छोटू कुमार के पिता नरची ग्राम निवासी टुनटुन साव ने मेरे विद्यालय में आकर मुझ पर जानलेवा हमला बोल दिया। टुनटुन साव के साथ अन्य अज्ञात लोग भी हमले में शामिल थे। हमले के कारण मैं घायल हो गया और ग्रामीणों के सहयोग से मैं अपनी जान बचा पाया। प्रधानाध्यापक ने कहा है कि इस परिस्थिति में सुरक्षा की दृष्टि से मेरी सहायता की जाए और हमलावर पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## दो दिन से लापता बुजुर्ग का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** आहार में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के सोनहथू गांव के समीप की है। मृतक की पहचान के खुदवां थाना क्षेत्र के खुदवां गांव निवासी डोमा नट के रूप में की गई है। मृतक अरवल जिले के मेहंदिया के रहने वाले थे, वैसे वे बीते कई सालों से खुदवां में रह रहे थे। ये बीते दो दिन से लापता थे। परिजनों ने गुमशुदगी का रिपोर्ट खुदवां थाना में दर्ज करवाई थी और खोजबीन की मांग की थी। इसी क्रम में रविवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की आहार में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त किया। हसपुरा अपर थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि आहार में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक का किसी से कोई विवाद नहीं था। इस दौरान वह उस जगह कैसे पहुंचे, इसकी जानकारी नहीं है। प्रथम दृश्यता के अनुसार पैर फिसलकर पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हुई होगी। हालांकि दो दिन पहले बुजुर्ग के लापता की शिकायत परिजनों ने खुदवां थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। फिलहाल, मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

## छापेमारी में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने इब्राहिमपुर गांव में छापेमारी कर शराब मामले के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान उस गांव निवासी धीरेंद्र सिंह के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। वहीं कुटुंबा थाना की पुलिस ने दूसरी कार्यवाही में लंबे समय से फरार वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वारंटी की पहचान सैदपुर नौघड़ा का निवासी यदुवंश पासवान के पुत्र सरोज पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि वारंटी लंबे समय से खराब चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान मेला रविवार को संपन्न हो गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसमें बच्चों ने अपने विज्ञान की ज्ञान क्षमता का प्रदर्श के माध्यम से बढ़ चढ़कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा अनेक विज्ञान से जुड़ी अपने प्रदर्शो का प्रस्तुतीकरण किया जिनमें नवाचार प्रदर्श, संवेदकों पर आधारित प्रदर्श, जल प्रदूषण के नियंत्रण पर आधारित प्रदर्श, साइबर सुरक्षा पर आधारित प्रदर्श, संगनक पर आधारित प्रदर्श, खाद्य संरक्षण पर आधारित प्रदर्श समेत अन्य प्रदर्श शामिल रहे। प्रदर्शों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा कौशल को उजागर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि आज का युग विज्ञान और हाइटेक का है। मानव जीवन को सरल बनाने में जहां विज्ञान अपनी महती भूमिका निभा रही है, वहीं भारतीय संस्कृति के मिश्रण से राष्ट्र सबल हो रहा है।इसलिए हमें नई सोच के तहत नई ऊर्ज़ा से वैज्ञानिक पहलुओं पर ज्यादा ध्यान देना होगा। वहीं बच्चों को इसमें प्रोत्साहित करना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की सेवा है। उन्होंने कहा कि इस विज्ञान मेले का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण रचनात्मक और नवाचार की भावना को जागृत करना है। मेले में भैया- बहनों द्वारा बनाए गए मॉडल में सौर ऊर्ज़ा उपकरण, जल प्रबंधन, ऊर्ज़ा संरक्षण,संवेदक गणित, संगणक सहित अन्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति बेशक, आकर्षित किया है। इस अवसर पर विज्ञान प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी रविरंजन सहित अन्य मौजूद रहे।

## जेवर दुकान से जेवर सहित नकदी की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जेवर दुकान का ताला तोड़कर आभूषणों और पैसों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना देर रात माली थाना क्षेत्र के माली बाजार की है। जानकारी के मुताबिक वारदात को अंजाम देकर अज्ञात चोरों द्वारा 7 किलोग्राम चांदी और 1 लाख नकद रुपयों की चोरी की गई है। इस घटना में चोरी गई दो साइकिल, दो संबल, कपड़ा, हेक्सा ब्लेड एवं कुछ पुराने नोट शाहपुर मोड़ से बरामद किया गया। घटना की सूचना पर एफएसएल की टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। इधर कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर चोरी की गई सामानों की बरामदगी एवं कांड में संलिप्त अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा घटना स्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, आसूचना संकलन, ह्यूमन इंटेलीजेंस एवं तकनीकी अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द ही सुनिश्चित कर ली जाएगी।

## थवई गांव में पांच वर्षों से ग्रामीणों को नहीं मिला नल से जल

### कार्य पूर्ण नहीं करा रहा विभाग, चैंन की नींद सो रहे पीएचइडी विभाग के अधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बेरी पंचायत के थवई गांव के वार्ड नं- एक में नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। वार्ड में पांच वर्षो से कार्य अधूरा पड़ा है। कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। योजना के पूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों में पीएचइडी विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व पीएचइडी विभाग द्वारा नल-जल योजना कार्य शुरू किया गया था। वार्ड में नल योजना का कार्य शुरू तो हुआ परंतु पूर्ण नहीं हो सका है। विभाग के द्वारा मोटर लगाया गया है। उसके बाद टंकी नहीं लगाया गया है। पाइप भी बिछाया गया तो सिर्फ अधूरा ही बिछाया गया है। पीएचइडी विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां केवल कार्य में खानापूर्ति की गई है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय योजना के तहत हर घर को नल से जल पहुंचाना है। लेकिन अब ग्रामीणों को सरकार का यह वादा खोखला लगने लगा है। अभी तक सभी घरों में ठीक तरह से नल का जल नहीं पहुंचना चिता का विषय है। गांव में 100 से अधिक घरों की बस्ती है परंतु एक भी घर में नल का जल ग्रामीणों को नसीब नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया है परंतु अबतक मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। ग्रामीण दीपक सिह, विवेक सिह, अमित सिह, अविनाश सिंह बताते हैं कि पीएचइडी विभाग के द्वारा यहां नल-जल योजना में केवल खानापूर्ति की गई है। अधिकारियों को अधूरे पड़े कार्य को पूर्ण करने की चिता नहीं है। गांव में योजना का कार्य पूर्ण कर दिया जाता है तो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलेगा।
अभिषेक सिह, ग्रामीण।

मदनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अवतुल्य कुमार आर्य कहते हैं कि गांव में पहुंचकर नल-जल योजना के तहत किए गए कार्य का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षणोपरांत पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। अगर ठेकेदार के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई है तो कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना ही मेरा प्रथम उद्देश्य है।

## दाउदनगर महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एम. एस. इस्लाम के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था - क्या राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी है? कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतियोगिता के समन्वयक एवं हिंदी के सहायक प्राध्यापक प्रो. आकाश कुमार ने प्रतियोगिता की रुपरेखा बता कर किया तथा विभिन्न नियमों को समझाया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीन राउंड रखे गये थे। पहले राउंड का विषय था क्या राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी है? पक्ष की ओर से सन्नी कुमार ने अपनी बातों को रखा, वहीं विपक्ष से अंकित कुमार पाठक ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। दूसरे राउंड का विषय था क्या नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के नाम पर परंपरा को बढ़ावा देकर आधुनिकता को कम किया जा रहा है. तिसरा राउंड का विषय था क्या व्यवसायिक शिक्षा के बेरोजगारी को कम कर सकती है।

पक्ष की ओर से गुड़िया कुमारी एवं मनु शर्मा एवं उनके सहयोगियों ने भाग लिया, वहीं विपक्ष की ओर से सौम्या राज एवं शिवम कुमार ने अपनी बातों को रखा। निर्णायक मंडल में डॉ अभिषेक भकत एवं प्रो. शशांक मिश्र सम्मिलित थे। गहन विचार-विमर्श के बाद निर्णायकों ने विजेताओं की घोषणा की। इसके पक्ष में बोलने वाली टीम 13 अंकों से विजयी हो गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ दर्शनशास्त्र की सहायक प्राध्यापिका डॉ रोजी कांत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एन. एस. एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ देव प्रकाश द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ।


## सर्प दंश से महिला जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** खेत में धान की सोहनी के दौरान एक सर्प ने महिला काट लिया। सर्प दंश से महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मैन बिगहा की है। जख्मी महिला की पहचान उस गांव निवासी सुरेश रिकियासन की पत्नी शांति देवी के रुप में की गई है। ग्रामीणों की सहयोग से पीड़ित महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज किया। महिला ने बताया कि धान सोहनी के दौरान अचानक एक सर्प ने दंश लिया और जब तक उसका पहचान की जाती तब तक वह भाग निकला। चिकित्सकों ने बताया कि सर्प की पहचान नहीं की गई है। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणाओं से जनता की समस्याओं का हो रहा समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




### पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम संपर्क यात्रा

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा हाल ही में की गई कई बड़ी-बड़ी घोषणाओं से जनता की समस्याओं का धीरे-धीरे समाधान हो रहा है। इससे राज्य की जनता काफी खुश है और एक बार फिर से नीतीश कुमार को ही बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का निश्चय जनता ने कर लिया है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कही है। वे रविवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कंकेर पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा कर रहे थे। पूर्व सांसद ने कहा कि नीतीश सरकार ने घोषणा की है कि जीविका दीदियों को 3 लाख से अधिक का ऋण अब 10 प्रतिशत की जगह केवल 7 प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा। शेष 3 प्रतिशत का भार राज्य सरकार उठाएगी। जीविका के 1.40 लाख कर्मियों का वेतन दोगुना हो गया। ब्लॉक कर्मचारियों को 50 हजार और गांव के कर्मियों को 25 हजार रुपए मिलेंगे। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में विश्वस्तरीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण जल्द होगा। कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन पुल के रूप में बिहार को नई सौगात मिली है। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे को मंजूरी मिली गई है इससे मात्र 3 घंटे में पटना से पूर्णिया का सफर पूरा होगा। वहीं अयोध्या की तर्ज पर सीतामढ़ी का पुनौराधाम विकसित होगा। 67 एकड़ में मंदिर का निर्माण होगा जो दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ने ओबीपुर, कंकेर, पचमो, लेरूआ, सिमरा लाईन, चंद्रशेखर नगर, हरचंदपुर, परसा, कंकेर, रघुनाथपुर एवं बड़ेम गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत भी किया। यात्रा में नबीनगर विधानसभा प्रभारी प्रोफ़ेसर अरुण कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, नबीनगर नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष रवि पटेल, पूर्व सैनिक सत्येंद्र सिंह, वरिया नेता

## मड़वादह कभी हुआ करता था नक्सलियों का मीटिंग पॉइंट, अब बह रहा झरना

रंजन सिंह / नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले से पूरब 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित मदनपुर प्रखंड मुख्यालय है। यहां ऐतिहासिक उमगा सूर्य मंदिर एवं सीताथापा धार्मिक स्थल के लिए जाना जाता है। वहीं आज के एक दशक पूर्व कभी यह स्थल नक्सल गतिविधियों के लिए जाना जाता था, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। आज यह क्षेत्र विकसित होने लगा है। प्रखंड मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दक्षिण में अंबावर तरी गांव है, जहां से लंगूराही पचरुखिया के रास्ते गया जी जिले के मैगरा, डुमरिया, इमामगंज तक की दूरी कम हो जाती है। इसी रास्ते में झरही नदी पर स्थित मड़वा दह एक जगह है जो कभी नक्सलियों के लिए मीटिंग पॉइंट हुआ करता था लेकिन आज यहां बहने वाली झरना काफी चर्चित हो चुका है। प्राकृतिक सुंदरता से भरपुर आज लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। ऊपर पहाड़ से आकर्षक पत्थरों के बीच गुजरते पानी जो एक झरना का रूप ले चुकी है। खासकर बारिश के दिनों मे इस झरने का दृश्य लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां पिकनिक मनाने एवं झरने का आनंद लेने आते हैं। तरी, लंगूराही एवं पचरुखिया में स्थित सीआरपीएफ कैंप लोगों के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी है। इसलिए लोग बिना भय के यहां पहुंच रहे हैं। झरने को देखने के लिए औरंगाबाद और गया जी जिला के विभिन्न क्षेत्रों के लोग यहां पहुंच रहे हैं और आनंद उठा रहे हैं। झरने के आसपास के क्षेत्र में पक्षियों की आवाज और हरी-भरी वादियां पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद करती हैं। आए दिन यहां लोगों की संख्या बढ़ रही है। झरना वाले स्थल पर पहुंचकर पिकनिक मनाते हैं और स्नान करते हैं। लोग यहां आकर प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेते हैं और अपने आप को तरोताजा महसूस करते हैं। झरने में स्नान करने पहुंचे मदनपुर निवासी अंकेश शर्मा कहते हैं कि उक्त स्थल को पर्यटन क्षेत्र बनने से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और हमें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे हमारे क्षेत्र का विकास होगा और हम अपने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित कर पाएंगे। झरना का आनंद उठाने पहुंचे पतेया निवासी राजू सिंह चंद्रवंशी ने कहते हैं कि पर्यटन क्षेत्र बनने से यहां व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और हम अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर पाएंगे। इससे क्षेत्र में पर्यटन उद्योग का विकास होगा और हमें अधिक आय प्राप्त होगी। झरना का लुफ्ट उठाने पहुंचे पतेया निवासी अंकित सिंह ने बताया कि इस स्थल को पर्यटन क्षेत्र बनने से हमें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे हमारे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और हम अपने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित कर पाएंगे। दक्षिणी उमगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित किया जा सकेगा। झरने के आसपास के क्षेत्र में विकास होने से पंचायत का रूपरेखा बदल सकती है और प्रखंड के लिए गौरव हो सकता है। स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का विकास होगा। इससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और वे अपने क्षेत्र के विकास में योगदान कर पाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## साल में दो बार रक्तदान करने से नहीं होगी कभी भी रक्त की कमी : बी के सविता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में चलाए जा रहे रक्तदान महाअभियान का उत्साह चरम पर है। महज दो दिन में ही 670 शिविरों में 50 हजार यूनिट रक्तदान हो चुका है। लक्ष्य 25 अगस्त तक 1500 शिविरों के जरिये एक लाख से अधिक यूनिट रक्त एकत्र करने का है। इस उपलब्धि के साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। इसी के तहत रविवार को औरंगाबाद सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में भी राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े 21 भाई-बहनों ने स्वैच्छिक रूप से अपना रक्तदान किया। शिविर में कई रक्तवीरों ने पहली बार रक्तदान किया। संस्थान के द्वारा सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस दौरान औरंगाबाद शाखा की संचालिका बी के सविता दीदी ने कहा कि रक्तदान जीवनदान की श्रेणी में आता है। जब हम किसी को रक्त देते हैं, तो हम केवल उसके शरीर की नहीं बल्कि आत्मा की जीवनयात्रा को भी आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं। अगर हर युवा वर्ष में सिर्फ दो बार रक्तदान करे तो भारत में कभी भी रक्त की कमी नहीं होगी। रक्तदान करने वालों में करण, सतीश कुमार, सूरज, हिमांशु राज, प्रतिभा ओझा, सुनीता, रश्मि कुमारी, मनोहर कुमार ओझा, नीतीश कुमार, प्रतिमा, संतोष कुमार, सुनील कुमार आदि शामिल हैं।

